रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 15 मई 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-262 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### जालौन में बेतवा नदी में डूबने से पांच की मौत

**जालौन।** उत्तर प्रदेश में जालौन जिले के कोटरा क्षेत्र में बेतवा नदी के शालाघाट पिकनिक मनाने गए पांच किशोरों नदी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर ईरज राजा ने मंगलवार को बताया कि कोतवाली उरई क्षेत्र के मोहल्ला बागौरा निवासी आर्यन (16), अनुभव बुंदेला (17), प्रदीप बुंदेला शिवा (16), महेंद्र प्रताप (17) और हेमंत (17) पिकनिक मनाने के लिए बीती शाम कोटरा क्षेत्र के साला घाट बेतवा नदी के किनारे गए थे। उन्होने बताया कि सभी किशोर स्नान करने के दौरान बेतवा नदी में तेज धार में गए होंगे और संतुलन बिगड़ने से डूब गए होंगे। आसपास के ग्रामीणों ने नदी के किनारे इन किशोर के मोटरसाइकिल स्कूटी खड़ी देखी।

### महादेव सट्टा मामले में गिरफ्तार अर्जुन यादव 23 तक ईडी की रिमांड पर

**रायपुर।** महादेव सट्टा मामले में गिरफ्तार बर्खास्त सिपाही अर्जुन यादव को ईडी ने पांच दिन की रिमांड समाप्त होने के बाद मंगलवार को विशेष कोर्ट में पेश किया। जहां विशेष न्यायाधीश ने ईओडब्ल्यू के आवेदन पर 23 मई तक रिमांड बढ़ा दी है। ईडी अब अर्जुन से इस मामले से जुड़े अन्य आरोपियों के बारे में पूछताछ करेगी।

### कलेक्टर ने आईडी ब्लास्ट से हुई बच्चों की अकाल मृत्यु पर 10-10 लाख देने की घोषणा की

**बीजापुर।** कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने कहा कि ग्राम बोडग़ा में दो मासूमों की मौत नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईडी ब्लास्ट से हुई। अब यह बात स्पष्ट होती नजर आ रही है कि नक्सली आम आदिवासियों के ही दुश्मन है। दो अबोध बालक आईडी की चपेट में आकर मारे गए, इनके अकाल मृत्यु का पूरा दोष नक्सलियों के ऊपर जाता है। कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने फिर पुनः एक बार नक्सलियों से अपील करते हुए आत्मसमर्पण कर विकास की मुख्यधारा में लौटने की अपील की है। वहीं मासूमों के मौत पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए राज्य और केंद्र शासन की ओर से 05-05 लाख रुपए इस तरह प्रत्येक मृतक के परिजनों को 10-10 लाख रुपए अतिशीघ्र प्रदान करने की बात कही और अंत्येष्टि के लिए तत्काल 25-25 हजार रुपए अग्रिम प्रदान करने की घोषणा की है।

## पावर कंपनी के ट्रांसफार्मर यार्ड में हुई आगजनी में 50 करोड़ का नुकसान

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी गुढ़ियारी में बिजली कंपनी के यार्ड में लगी आग की जांच पूरी हो गई है। जिसकी रिपोर्ट जांच समिति ने प्रबंधन को सौंपी है। इस घटना में लगभग 50 करोड़ रुपए के नुकसान होने की पुष्टि हुई है। इधर बिजली कंपनी के एमडी ने कहा कि, रिपोर्ट के आधार पर जल्द कार्रवाई की जाएगी। गुढ़ियारी के छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के ट्रांसफार्मर गोदाम में लगी आग को लेकर पॉवर कंपनी की जांच समिति के साथ पुलिस विभाग की भी जांच चल रही थी। इस जांच में भंडार गृह के कार्यपालन यंत्री अजय कुमार गुप्ता के बयान से बड़ा खुलासा हुआ था कि, 2012 में गोदाम में पहली बार आग लगी थी। तब से लेकर लगातार बिजली के तार और घास को काटने के लिए विभाग को पत्र लिखा जाता रहा है। लेकिन इस तरफ किसी भी अधिकारी ने ध्यान नहीं दिया। इसी तरह की आग 2021 में भी आग लगी थी। इसके बाद भी ध्यान नहीं दिया गया। ऐसे में 5 अप्रैल 2024 को बड़ा हादसा हो गया। इस हादसे में करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ है। गोदाम के नए ट्रांसफार्मरों के साथ किसी भी सामान का बीमा भी नहीं कराया गया था। आगजनी की घटना को लेकर पॉवर कंपनी ने छह सदस्यों की जांच समिति बनाई है। यह समिति तो जांच कर ही रही है, साथ ही पुलिस की तरफ से भी जांच हो रही है। जांच के दौरान भंडार गृह के कार्यपालन यंत्री ने अपना लिखित बयान दिया है। इस बयान में इस बात का खुलासा हुआ है कि गोदाम परिसर में पहली बार पांच मई 2012 और 24 फरवरी 2021 को आग लगी थी। जब पहली बार आग लगी थी, तभी से गोदाम के प्रभारी द्वारा अधीक्षण अभियंता वृत्त एक को 24 मई 2012 को पत्र लिखकर निम्न और उच्च दाव के तारों को केबल में बदलने के लिए पत्र लिखा गया था। इसके बाद कई बार इस बारे में स्मरण पत्र भी लिखे गए, लेकिन किसी अधिकारी ने इस तरफ ध्यान ही नहीं दिया। 26 फरवरी 2021 के पत्र में बाउंड्रीवाल के चारों तरफ आरसीसी रोड बनाने के साथ चारों तरफ पाइप लाइन डालकर नल कनेक्शन लगाने की भी मांग की गई थी ताकि भविष्य में आग लगे तो उस पर काबू पाने में मदद मिल सके। लेकिन इस सुझाव पर भी ध्यान नहीं दिया गया। बार-बार पत्र लिखने के बाद भी काम न होने के कारण अब बड़ा हादसा हो गया और नुकसान भी बड़ा हो गया है। आगजनी के समय गोदाम में करीब दो हजार नए और तीन हजार से ज्यादा पुराने ट्रांसफार्मर थे। ज्यादातर नए ट्रांसफार्मर जलकर खाक हो गए हैं। इसी के साथ अन्य सामानों में 24 हजार लीटर के दो आइल टैंक और एक 12 हजार लीटर का आइल टैंक था। 39 हजार लीटर पुराना आइल भी था। और भी बहुत सा सामान था। सामानों की गणना का काम अब तक चल रहा है। सारे सामानों की गणना के बाद मालूम होगा कि कुल कितने का नुकसान हुआ है। एक अनुमान के मुताबिक 40 करोड़ के आसपास का नुकसान हुआ है।

## एक साल में हर घर की एक महिला के खाते में जायेंगे एक लाख खटाखट, खटाखट : राहुल गांधी

एजेंसी ‹ झांसी
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश की वीरांगना धरती झांसी आये कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सत्ता में आने पर आम जनता के लिए वादों की बरसात करते हुए कहा कि एक साल में हर परिवार की एक महिला के खाते में एक लाख रूपये भेजे जायेंगे, खटाखट खटाखट। यहां क्राफ्ट मेला मैदान में बुंदेलखंड की अति महत्वपूर्ण झांसी लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रदीप जैन आदित्य के समर्थन में रैली करने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ पहुंचे राहुल ने सभा स्थल के पास ही स्मार्ट सिटी के तहत लगाये गये रंग बिरंगे छातों पर तंज कसते हुए कहा कि अगर सिर्फ छाते लगाने से ही स्मार्ट सिटी बन जाती है तो मैं सारी स्मार्ट सिटी बना दूंगा। उन्होंने महिलाओं और युवाओं को साधते हुए कहा हर परिवार की एक महिला के खाते में एक साल में एक लाख रूपया भेजा जायेगा वो भी खटाखट खटाखट। मोदी जी ने युवाओं से कहा नाले में पाइप डालो, गैस निकलेगा और उस गैस पर पकौडे तलों। हम देश के करोडों युवाओं को अरबपति और महिलाओं को लखपति बनायेंगे। जब युवा और महिलाओं के हाथ में पैसा होगा तो वह खर्च करेंगे। इससे छोटे उद्योगों के उत्पादों की मांग बढेगी और रोजगार तो पैदा होंगें ही साथ ही छोटे उद्योग पनपेंगे। इस तरह हमारे देश की अर्थव्यवस्था दौड़ने लगेगी। हम बैकों के दरवाजें छोटे उद्योगों को लोन देने के लिए खोल देंगे। जीएसटी के स्वरूप में बदलाव करेंगे। इस सब का असर भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा और वह भी दौड़ने लगेगी। उन्होंने अग्निवीर योजना पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि सत्ता में आते ही इसे कूड़ेदान में फेंक देंगे। भाजपा के राज में किसानों को सबसे अधिक दर्द हुआ है। चार जून के बाद देश के किसानों का कर्जा माफकर दिया जायेगा। किसानों का जो पैसा बीमा कंपनियों के पास है वह 30 दिन में दिलायेंगे। बुंदेलखंड में बीडा और डिफेंस कॉरिडोर के नाम पर किसानों और अन्यों की जमीन औने पौने दाम पर सरकार ने कब्जा ली लेकिन यहां की गरीब जनता को इनसे कोई लाभ नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि यहां मौजूद भीड़ को देखकर कहा जा सकता है कि प्रदीप जैन निश्चित तौर पर इस सीट पर चुनाव जीतने जा रहे हैं। इस दौरान मंच पर इंडिया गठबंधन उम्मीदवार प्रदीप जैन के अलावा, अखिलेश यादव, डॉ चंद्रपाल सिंह यादव, राहुल रिझारिया, अरविंद वशिष्ठ और अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## नक्सलियों द्वारा बंदूक छोड़ना हर्ष का विषय : विष्णु देव साय

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश की विष्णु सरकार द्वारा लाई गई आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर लगातार नक्सली बंदूक छोड़कर समाज की मुख्य धारा में लौट रहे हैं। बीजापुर जिले में 30 नक्सलियों द्वारा आत्मसमर्पण किए जाने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने खुशी जताई है। उन्होंने आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के पुनरुत्थान के लिए कार्य करने की बात कही है। अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर उन्होंने लिखा है कि अत्यंत हर्ष का विषय है कि माओवादियों की विचारधारा से क्षुब्ध होकर और छत्तीसगढ़ शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर बीजापुर के 30 माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। इनमें से कई ईनामी माओवादी भी रहे हैं। माओवाद के काले साये से रक्षा के लिए हमारी सरकार हरसंभव और हर स्तर पर लड़ाई लड़ रही है। इस माओवाद के कुचक्र में फंस चुकी बस्तर की आम आदिवासी जनता भी अब पुनः मुख्यधारा में आने का प्रयास कर रही है।

## लोकसभा चुनाव के बाद होगा विष्णु कैबिनेट का विस्तार, निगम मंडलों में भी होगी नियुक्ति

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद निगम मंडल की नियुक्ति होगी। पूर्व सांसद, विधायकों और पार्टी के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी जाएगी। हालांकि इस संबंध में पार्टी और संगठन के नेता मिलकर निर्णय लेंगे। इस दौरान कैबिनेट मंत्री नेताम ने लोकसभा चुनाव 2024 के परिणाम और कांग्रेस के छत्तीसगढ़ के पांच सीट जीतने के दावे को लेकर कहा कि कांग्रेस के सारे मुगालते दूर हो जाएंगे। छत्तीसगढ़ की जनता ने मोदी के चेहरे और गारंटी में विश्वास जताया है। 11 की 11 सीट हम जीतेंगे। साय सरकार के काम की पूरे देश में चर्चा है।

## वित्त विभाग ने सरकारी अफसरों के लिए वाहन पात्रता-खरीदी मामले में अधिकारियों पर कसी नकेल

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्य सरकार के वित्त विभाग ने सरकारी अफसरों के लिए वाहन की पात्रता और खरीदी के मामले में नकेल कसी है। सरकार के ताजा आदेश के मुताबिक अब सचिव या सचिव से उच्च स्तर के अधिकारी, जिला न्यायाधीश, जिला कलेक्टर के लिए 12 लाख तक की गाड़ी ही खरीदी जा सकेगी। इसके साथ ही अब सरकारी अधिकारियों पर अपने कार्य क्षेत्र के बाहर वाहन ले जाने पर प्रतिबंध होगा। अधिकारियों की गाड़ियों के लिए पेट्रोल-डीजल की लिमिट तय की गई है। एसपी स्तर के अधिकारियों के राज्य सरकार के वित्त विभाग ने यह आदेश शासन के समस्त विभाग, राजस्व मंडल बिलासपुर, सभी विभागाध्यक्ष, सभी संभागायुक्त, सभी कलेक्टरों को जारी किया है। राज्य शासन ने शासकीय वाहनों की पात्रता एवं खरीदी के मामले में पूर्व में जारी सभी निर्देश को बदलते हुए नए निर्देश जारी किए हैं। ये भी साफ किया गया है कि विभाग, कार्यालय में शासकीय वाहनों की उपलब्धता के आधार पर शासकीय वाहन की पात्रता होगी। खास बात ये है कि इन निर्देशों का उल्लंघन करने वाले अधिकारी के वेतन से वसूली

**सचिव-कलेक्टर 12 लाख तक, एचओडी साढ़े आठ लाख से ज्यादा की गाड़ी नहीं ले पाएंगे**

तथा अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जाएगी। वित्त विभाग ने वाहन उपयोग करने वाले प्राधिकारी के आधार पर नए वाहन खरीदने के लिए वित्तीय सीमा तय की है। सरकार ने साफ किया है कि सचिव, सचिव से उच्च स्तर के अधिकारी, जिला न्यायाधीश, जिला कलेक्टर, एवं पुलिस अधीक्षक के उपयोग के लिए 12 लाख तक की गाड़ी खरीदी जा सकती है। मंत्रालय एवं विभागाध्यक्ष कार्यालय में पदस्थ संयुक्त संचालक एवं उच्च स्तर के अधिकारी के लिए साढ़े 8 लाख तक की, मैदानी कार्यालयों के अधिकारियों एव पुल वाहन के लिए 10 लाख तक की सीमा एवं आवश्यकता को देखते हुए यूटिलिटी व्हीकल, एसयूवी टाइप की वाहनों के लिए 10 लाख की सीमा होगी। वित्त विभाग ने कहा है कि, शासकीय अधिकारियों द्वारा कार्य क्षेत्र के बाहर शासकीय वाहन को ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा। विशेष परिस्थितियों में यह प्रतिबंध विभागाध्यक्ष द्वारा ही शिथिल किया जा सकेगा। वाहनों का मुख्यायलय एवं मुख्यालय के बाहर यात्रा करने पर प्रति लीटर औसत दूरी तय करने निर्धारण अधीक्षक स्टेट गैरेज द्वारा किया जाएगा। स्टेट गैरेज द्वारा निर्धारित औसत से अधिक पेट्रोल-डीजल का भुगतान नहीं हो रहा है, यह सुनिश्चित करने का दायित्व कार्यालय प्रमुख का होगा। यह आदेश शासन के सभी सार्वजनिक उपक्रम, निगम, मंडल, आयोग, विश्व विद्यालय एवं स्थानीय निकायों पर भी लागू होगा। वित्त विभाग ने एक अलग आदेश जारी कर शासकीय सेवकों की यात्रा एवं दैनिक भत्तों की दरों का पुनरीक्षण आदेश जारी किया है।

## कैशलेस स्वास्थ्य योजना की जानकारी लेने पहुंची मध्यप्रदेश विद्युत कंपनी व पंजाब की टीम

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज़ की कैशलेस स्वास्थ्य योजना के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन करने के लिए मध्यप्रदेश विद्युत उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक सहित मध्यप्रदेश विद्युत कंपनियों के प्रतिनिधि तथा पंजाब स्टेट पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड के अधिकारी छत्तीसगढ़ आए हैं। वे परियोजना प्रबंधन को समझने रायपुर स्थित मुख्यालय सेवा भवन डंगनिया पहुचेंगे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के प्रबंध निदेशक जनरेशन एस.के कटियार एवं ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक आर.के.शुक्ला उपस्थित रहेंगे। आई.एस.ए मॉडल के तहत छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी में लागू होने वाली यह पहली स्वास्थ्य परियोजना है। यह योजना अक्टूबर 2023 से लागू है और 7 महीनों में इस योजना से लाभांवित नियमित कर्मचारी, कर्मचारी के परिजन व पेंशनरों की संख्या बढ़ती जा रही है। यह योजना किफायती, सरल और भरोसेमंद साबित हो रही है इस लिये देश की सभी पॉवर कंपनियों द्वारा इस योजना को लागू करने का विचार किया जा रहा है। ट्रांसमिशन कंपनी के मानव संसाधन के महाप्रबंधक अशोक वर्मा व अति महाप्रबंधक विनोद अग्रवाल द्वारा परियोजना संबंधित जानकारियॉ प्रदान की जाएगी।

## चौथे चरण के मतदान के बाद राजग ने 270 सीटें की हासिल : अमित शाह

एजेंसी ‹ बोनगांव
www.dailypioneer.com



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को दावा किया कि लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के बाद भारतीय जनता पार्टी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने 338 लोकसभा सीटों में से 270 सीटें हासिल कर ली हैं तथा एक जून को चुनाव प्रक्रिया समाप्त होने तक 400 से अधिक सीटें हासिल हो जाएंगी। शाह ने उत्तर 24 परगना में मतुआ समुदाय के गढ़ बोनगांव में केंद्रीय मंत्री एवं मौजूदा सांसद शांतनु ठाकुर के पक्ष में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन को दोष देने के लिए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ममता बनर्जी की आलोचना की।

उन्होंने बंगाल के मतदाताओं से 42 में से 30 से अधिक सीटें भाजपा के लिए सुनिश्चित करने का आग्रह करते हुए कहा, ममता दीदी आप तब खुश थीं जब आपने ईवीएम वोटिंग के जरिये सत्ता हासिल की और मुख्यमंत्री के रूप में अपने तीन कार्यकाल पूरे किये, लेकिन अब आप आसन्न हार की आशंका के कारण उन्हीं इलेक्ट्रॉनिक मशीनों को दोष दे रही हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बंगाल में अगली सरकार भाजपा की बनने का दावा करते हुए कहा ममता दीदी अब ईवीएम के बारे में शिकायत कर रही हैं। मैं कहूंगा, जब आप मुख्यमंत्री बनीं, तब भी ईवीएम वही थीं। आज जब आपके जाने की बारी है, तो आप ईवीएम पर सवाल उठा रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं यहां खुलेआम आपसे कहता हूं कि चिटफंड घोटाला, शिक्षक नियुक्ति घोटाला, नगर निकाय नियुक्ति घोटाला, मवेशी और कोयला तस्करी घोटाले के किसी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा और सभी को जेल जाना होगा। शाह ने यह भी आरोप लगाया कि बनर्जी नागरिकता संशोधन कानून के बारे में झूठ फैला रही हैं तथा वह अपने घुसपैठियों के वोट बैंक को खुश करने के लिए मतुआ समुदाय और दलितों को नागरिकता देने का विरोध कर रही हैं। उन्होंने कहा, सीएए उन हिंदुओं, बौद्धों, जैनियों और सिखों को भारतीय नागरिकता प्रदान करने के लिए है, जिन्होंने भारत में शरण ली है और इसका लोगों को देश से बाहर निकालने से कोई लेना-देना नहीं है।

**काशी विश्वनाथ व मंगलवार को काल भैरव बाबा से भाजपा की प्रचंड जीत का आशीर्वाद भी प्राप्त किया**

## नरेन्द्र मोदी ने भाजपा प्रत्याशी के रुप में वाराणसी से पर्चा भरा

वार्ता ‹ वाराणसी
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा चुनाव के लिये मंगलवार को वाराणसी संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के तौर पर तीसरी बार नामांकन दाखिल किया। पुष्य नक्षत्र में उन्होंने मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में पर्चा दाखिला किया। प्रधानमंत्री के नामांकन में चार प्रस्तावक शामिल रहे। इसमें गणेश्वर शास्त्री द्रविड़, बैजनाथ पटेल, लालचंद कुशवाहा व दलित समाज के संजय सोनकर शामिल थे। गणेश्वर शास्त्री ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त निकाला था, जबकि बैजनाथ पटेल जनसंघ के समय के कार्यकर्ता हैं। इससे पहले गंगा सप्तमी पर मां गंगा को नमन करने के उपरांत प्रधानमंत्री काशी कोतवाल काल भैरव के दर पर पहुंचे, वहां उनसे अनुमति-आशीर्वाद लेकर नामांकन किया। मोदी ने काशी विश्वनाथ व मंगलवार को काल भैरव बाबा से भाजपा की प्रचंड जीत का आशीर्वाद भी प्राप्त किया। काल-भैरव मंदिर में पूजन व कलेक्ट्रेट में नामांकन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी साथ रहे। प्रधानमंत्री ने मंगलवार सुबह सबसे पहले दशाश्वमेध घाट पर गंगा पूजन किया। काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के सदस्य के वेंकट रमन घनपाठी ने गंगा पूजन कराया। गंगा पूजन कराने वालों में तीन पुजारी तमिलनाडु व एक-एक पुजारी आंध्र प्रदेश व महाराष्ट्र के रहे। इस दौरान प्रधानमंत्री स्वामी विवेकानंद क्रूज पर दशाश्वमेध घाट से गंगा विहार करते हुए आदिकेशव घाट तक गए, फिर नमो घाट उतरे। नमो घाट से प्रधानमंत्री सीधे काशी के कोतवाल काल भैरव बाबा के दर्शन-पूजन व आरती करने पहुंचे। यहां उन्होंने बाबा से अनुमति व आशीर्वाद लिया, फिर कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां तीसरी बार काशी से तीसरी बार नामांकन किया। मंदिर गेट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीएम को अंगवस्त्र भेंट किया और आमजन ने पुष्पवर्षा की। पूरा मंदिर व आसपास का क्षेत्र हर-हर महादेव की गूंज से गुंजायमान हो उठा। काल भैरव मंदिर में पूजन के दौरान पीएम के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह भी मौजूद रहे। मोदी के नामांकन कार्यक्रम में कलेक्ट्रेट में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, असम के सीएम हेमंता विश्व सरमा, गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल, छत्तीसगढ़ के विष्णु देव साय, मध्य प्रदेश के मोहन यादव, राजस्थान के भजनलाल शर्मा, महाराष्ट्र के एकनाथ शिंदे, हरियाणा के नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले, हरदीप पुरी, पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू, लोजपा प्रमुख चिराग पासवान, जीतन राम मांझी, उपेंद्र कुशवाहा, यूपी में एनडीए के घटक लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी, अपना दल (एस) अनुप्रिया पटेल, निषाद पार्टी के संजय निषाद, सुभासपा के ओमप्रकाश राजभर, पशुपति पारस आदि की मौजूदगी रही।

### झारखंड में नक्सलियों का दायरा सिकुड़ रहा : मोदी

**गिरिडीह।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल में नक्सलियों के खिलाफजारी लड़ाई में बड़ा प्रहार करने का वादा करते हुए आज कहा कि केंद्र के प्रयासों से झारखंड में नक्सलियों का दायरा लगातार सिकुड़ रहा है। मोदी ने मंगलवार को गिरिडीह जिले के पेशम में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड में नक्सलियों का दायरा सिकुड़ रहा है। नक्सलवाद एवं आतंकवाद पर तीसरे कार्यकाल मे बड़ा प्रहार किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा, 'देशहित में लगातार काम कर रहा हूँ तो झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस के नेता डरे हुए है। इण्डि गठबंधन के नेता हमे गोली मारने की बात कही थी, उन्हें यहां आकर जनता को देखना चाहिए जो मेरी सुरक्षा कवच है।' मोदी ने कहा कि झारखंड के नेता नोटों के पहाड़ ऊगा रहे हैं। अधिकारी और उन्हें सहयोग करने वालों के यहां से रुपये निकल रहे है।

## दण्ड संहिता से न्याय संहिता की ओर तीन नए आपराधिक कानून : शुक्ला



पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

देशभर में 01 जुलाई, 2024 से प्रभावी होने वाले तीन नए आपराधिक कानून, दंड संहिता से न्याय संहिता की ओर अग्रसर करने वाला है। यह बात गृह मंत्रालय, भारत सरकार एवं पत्र सूचना कार्यालय, रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में तीन नए आपराधिक कानूनों पर रायपुर में आयोजित मीडिया कार्यशाला वार्तालाप में पुलिस महानिरीक्षक (बिलासपुर रेंज) संजीव शुक्ला ने कही। इस वार्तालाप में स्थानीय प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और ऑनलाइन मीडिया के लीगल और क्राइम बीट कवर करने वाले संवादाता शामिल हुए। वार्तालाप को संबोधित करते हुए शुक्ला ने कहा कि देश लगभग पौने दो सौ साल के औपनिवेशिक कानून से निकलकर भारतीयता से ओतप्रोत भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के माध्यम से एक नए युग की शुरुआत कर रहा है। तीनों नए कानूनों पर विस्तार से चर्चा करते हुए संजीव शुक्ला ने कहा कि नया कानून ज्यादा जनता को ध्यान रखकर बनाया गया है।

## जब से भाजपा की सरकार बनी है राज्य में आपराधिक घटनायें बढ़ती जा रही है : बैज

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



पत्रकारों से चर्चा करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भाजपा सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। उन्होंने नारायणपुर में कांग्रेस नेता की हत्या, बीजापुर में नक्सल मुठभेड़ तथा बीजापुर में बम विस्फोट में बच्चों की मौत पर भी सवाल खड़ा किया। अहाता आबंटन में भ्रष्टाचार पर भी उन्होंने सवाल खड़ा किया, इसके साथ ही दावा किया कि प्रदेश के तीन विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव होना तय है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि बीजापुर जिले के पीडिया में हुई नक्सली सुरक्षा बलो के मुठभेड़ पर गांव वालों ने सवाल खड़ा किया है। गांव वालों का कहना है कि इस घटना में निर्दोष मारे गये है। इस घटना में एक गूंगे युवक सन्नो की भी हत्या हुई है। गांव वालों के सवालों के बाद कांग्रेस पार्टी ने इस घटना की जांच का निर्णय लिया है। नेता पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष संतराम नेताम के नेतृत्व में एक जांच कमेटी का गठन किया गया है। जांच कमेटी में संयोजक संतराम नेताम, विधायक इंद्र शाह मंडावी, विधायक विक्रम मंडावी, विधायक जनक राम ध्रुव, विधायक सावित्री मंडावी, पूर्व विधायक देवती कर्मा, जिला अध्यक्ष रजनु नेताम, जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियाम सदस्य है। जांच कमेटी के रिपोर्ट आने के बाद कांग्रेस पार्टी इस घटना पर अपनी रणनीति बनायेगी। कांग्रेस पार्टी पूरे मामले की न्यायिक जांच की मांग करती है। बीजापुर में मोर्टार/प्रेशर बम के विस्फोट में दो मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत हो गयी है। कांग्रेस पार्टी ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुये जांच कमेटी बनाया है जो घटना की वस्तुस्थिति की जानकारी लेगा अपनी रिपोर्ट सौंपेगा।

# देश की हॉट सीट मंडी से कंगना रनौत ने भरा नामांकन, भाजपा ने किया मेगा रोड शो

एजेंसी ◀ मंडी
www.dailypioneer.com



देश भर में हॉट सीट बन चुके मंडी संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी व फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत ने अपना नामांकन पत्र निर्वाचन अधिकारी अपूर्व देवगन के समक्ष दायर कर दिया। नामांकन से पहले भाजपा ने पड्डल मैदान से लेकर डीसी ऑफिस तक मेगा रोड़ शो निकाला। इस रोड़ शो में हजारों की संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता शामिल हुए और नाचते-गाते पूरे शहर में नारे लगाते हुए डीसी ऑफिस के गेट तक पहुंचे। मेगा रोड़ शो के माध्यम से कहीं न कहीं भाजपा ने हालही में हुई कांग्रेस की नामांकन रैली का जबाव देने का प्रयास भी किया। इसके बाद कंगना, पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डा. राजीव बिंदल और अपनी माता संग निर्वाचन अधिकारी के समक्ष पहुंचकर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। कंगना ने मीडिया कर्मियों से बातचीत में कहा कि उनके नामांकन को लेकर पूरे मंडी संसदीय क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिल रहा है। लोगों में इस बात को लेकर अधिक उत्साह है कि मंडी की बेटी आज चुनावी मैदान में है और उसे हर हाल में विजयी बनाना है। कंगना ने कहा कि जो भीड़ यहां पर एकत्रित हुई है वो तो भाजपा के पक्ष में वोट करेंगे ही लेकिन जो लोग नहीं आए हैं वो भी भाजपा के पक्ष में मतदान करेंगे। पूछे गए सवाल का जबाव देते हुए कंगना ने कहा कि फिल्मी दुनिया में उन्होंने जो नाम कमाया है, अब राजनीति में भी उनका यही प्रयास रहेगा कि वह इसमें भी बड़ा नाम कमाए। उन्होंने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि उन्हें आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने का मौका मिला है।

## मोदी नामांकन,जो सफर 2014 में शुरू हुआ था, वह अनवरत जारी है : सैनी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा है कि बाबा विश्वनाथ की नगरी वाराणसी से एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नामांकन भर दिया है। मां गंगा



और संकट मोचन के आशीर्वाद से जो सफर 2014 में शुरू हुआ था, वह अनवरत जारी है। सैनी ने सोशल मीडिया पर कहा कि नव्य और भव्य काशी के साथ-साथ विकसित भारत के निर्माण की नींव भारत की इसी सांस्कृतिक राजधानी से रखी गयी है। नरेन्द्र मोदी एक बार फिर प्रचंड बहुमत से प्रधानमंत्री के पद पर आसीन होंगे। काशी है तैयार, तीसरी बार मोदी सरकार।

## तेलंगाना में भाजपा को 12 सीटें मिलने की उम्मीद : अरुणा

**महबूबनगर।** भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं महबूबनगर संसदीय सीट से उम्मीदवार डी के अरुणा ने मंगलवार को विश्वास जताया कि पार्टी 17 लोकसभा सीटों में से 12 पर जीत हासिल करेगी। अरुणा ने यहां संवाददाताओं से कहा कि उनके निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं ने चुनाव से पहले ही उनका समर्थन करने का मन बना लिया था। उन्होंने कहा, ''मतदाता अपनी प्रतिबद्धता का परिचय देते हुये अपने मतदान करने के लिए सुबह सात बजे से पहले ही अपने परिवार के साथ मतदान केंद्रों पर पहुंच गये।

# यादव भगवान चित्रगुप्त प्रकटोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए

एजेंसी ◀ भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की ओर से आयोजित भगवान चित्र प्रकटोत्सव में शामिल हुए। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण और सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने मुख्यमंत्री डा यादव का स्वागत किया और महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष होने के नाते संगठन की गतिविधियों का विवरण दिया। डॉ यादव ने कहा कि मनुष्य का जन्म होता है तो मृत्यु भी अटल है। व्यक्ति के संसार में आने और जाने के बीच सबसे महत्वपूर्ण है सदमार्ग की ओर जाना। यह हिंदू समाज का गौरवशाली पक्ष है। जन्म और मृत्यु के बीच की जो यात्रा है उसमें पुण्य कर्मों के साथ ही अन्य कर्मों और जाने, अनजाने में हुई त्रुटियों के साक्षी भगवान चित्रगुप्त जी होते हैं। वे मृत्यु लोक में व्यक्ति के कर्मों का हिसाब किताब रखते हैं। आज नास्तिक लोगों के पास भी इस बात का कोई उत्तर नहीं है। जन्म के बाद मृत्यु अवश्यंभावी है। डॉ.यादव ने कहा कि आज गोपाष्टमी है और भगवान चित्रगुप्त जी का प्रकटोत्सव है। कृष्ण जन्माष्टमी और गोपाष्टमी ही सबसे महत्वपूर्ण अष्टमी होती हैं। आज भगवान चित्रगुप्त की अनुकंपा इस कार्यक्रम में आकर मिली है। उन्होंने कहा कि जिस तरह अयोध्या में भगवान राम मुस्कुरा रहे हैं शीघ्र ही भगवान कृष्ण की जन्म भूमि में प्राण प्रतिष्ठा का अवसर भी आएगा। विश्वास सारंग ने कहा कि कायस्थ समाज हिंदू समाज को दिशा दिखाने वाला समाज है। नेवरी के इस मंदिर प्रांगण के विकास का कार्य स्वर्गीय कैलाश सारंग के प्रयासों से हुआ। उन्होंने भारत में कायस्थ समाज को एकजुट करने का कार्य किया।

# मोहकमपुरा के आप अध्यक्ष कांग्रेस में शामिल

एजेंसी ◀ अमृतसर
www.dailypioneer.com

पंजाब में मोहकमपुरा, अमृतसर के आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष सरबजीत सिंह छब्बा अपने साथियों के साथ मंगलवार को आप छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गये जिससे कांग्रेस प्रत्याशी गुरजीत सिंह औजला के चुनाव अभियान को भारी बढ़ावा मिला। छब्बा ने कांग्रेस में शामिल होने के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आप भारतीय जनता पार्टी का दूसरा रूप है, जिसकी नीतियां उन्हें रास नहीं आतीं। दूसरा, कांग्रेस एक धर्मनिरपेक्ष पार्टी है, जिसके प्रभाव के कारण वह कांग्रेस में शामिल हुये। औजला ने उनका स्वागत करते हुये कहा कि विश्वास दिलाते हैं कि उन्हें पार्टी में पूरा सम्मान मिलेगा, वहीं जो राजनीति भाजपा और आप करती है, वैसी नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का दृष्टिकोण हर वर्ग के लिये फायदेमंद होगा, वहीं अमृतसर के चौतरफा विकास के लिये वह पहले भी प्रयासरत थे, और आगे भी रहेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सब धर्मों का सम्मान करती है, और धर्म की राजनीति पर विश्वास नहीं रखती। उन्होंने नये आये सदस्यों का स्वागत करते हुये कहा कि उनके आने से पार्टी के प्रति लोगों का विश्वास और बढ़ेगा और वे भारी मतों से जीत हासिल करेंगे।

# कालिया ने सुशील कुमार मोदी के निधन पर जताया दुख

**जालंधर।** भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य मनोरंजन कालिया ने बिहार के



पूर्व उप-मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी (72) के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। कालिया ने मंगलवार को जारी एक प्रेस बयान में कहा कि मोदी भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता थे। उनका आकस्मिक निधन बिहार में भाजपा के लिये अपूरणीय क्षति है। ईश्वर शोक संतप्त परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति दे। गौरतलब है कि मोदी का सोमवार की रात निधन हो गया। वह कैंसर से पीड़ित थे।

# पॉक्सो में तीन साल की सजा सुनने के बाद आरोपी कोर्ट कक्ष से फरार

एजेंसी ◀ अलवर
www.dailypioneer.com

राजस्थान में अलवर की पॉक्सो नयायालय द्वारा दुष्कर्म के मामले में मंगलवार को सजा सुनाने के कुछ ही देर में भीड़ का फायदा उठाकर आरोपी न्यायालय परिसर से फरार हो गया, जिससे न्यायालय परिसर में हड़कंप मच गया। न्यायालय के रीडर जय प्रकाश चौहान की ओर से इस मामले में कोतवाली थाने में मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त मनीष निवासी अखेपुरा मोहल्ला थाना कोतवाली अलवर शहर को पोक्सो कोर्ट संख्या 1 में पेश करने लाये। अभियुक्त को पॉक्सो की विभिन्न धाराओं में तीन वर्ष का साधारण कारावास और पांच हजार रुपये के अर्थदंड सुनाया।

इस पर अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में लेकर न्यायालय कक्ष में बैठा दिया गया था। अभियुक्त के अधिवक्ता द्वारा अभियुक्त की ओर से सजा स्थगन का प्रार्थना पत्र पेश करने का निवेदन किया गया। इसी दौरान मनीष अदालत में जमा भीड़ का फायदा उठा मौका पाकर न्यायालय कक्ष से फरार हो गया, जिससे पुलिस में हड़कंप मच गया और अब पुलिस की टीम में गठित की गयी है और आरोपी को तलाश करने के लिए टीम रवाना की गयी है। पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त मनीष की तलाश की जा रही है।

# जारांगे पाटिल चार जून से भूख हड़ताल जाने की तैयारी कर रहे

**छतरपुर संभाजीनगर।** महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जारांगे पाटिल एक बार फिर चार जून से भूख हड़ताल पर जाने की तैयारी कर रहे हैं। पाटिल ने कहा कि अगर चार जून से पहले करीबी रिश्तेदारों, मराठों और कुनबियों के लोगों की मांगे पूरी नहीं की गयीं, तो वह जालना जिले के अंतरवाली सरती गांव में खुद उसी दिन से आंदोलन शुरू कर देंगे। इसी बीच, पाटिल ने सूचना दी कि वह आठ जून को नारायण गढ़ में एक सामुदायिक बैठक भी करेंगे। वह मंगलवार को छत्रपति संभाजी राजे महाराज को उनकी जयंती के अवसर पर बधाई देने छत्रपति संभाजीनगर आये थे। पाटिल ने कहा कि मराठों का डर लोकसभा चुनाव में देखने को मिला। उन्होंने कहा, यदि हमारी मांगों को स्वीकार नहीं किया गया, तो हम विधान सभा चुनाव में सभी को घर पर बैठा देंगे।

## गुना कलेक्टर ने दो बदमाशों को किया जिलाबदर

**गुना।** मध्यप्रदेश के गुना में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सतेन्द्र सिंह ने दो बदमाशों को जिलाबदर कर दिया। आधिकारिक जानकारी के अनुसार जिला कलेक्टर सिंह ने मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम की धाराओं के तहत भानू रघुवंशी निवासी मिनख्याई थाना म्याना जिला गुना और संजय रघुवंशी ऊर्फ बग्गा निवासी अन्नपूर्णा कॉलोनी थाना कोतवाली गुना को छह माह के लिए जिलाबदर कर दिया है।

# मधेपुरा में बाइक और ट्रैक्टर की टक्कर में मामा-भांजी की मौत



**मधेपुरा।** बिहार में मधेपुरा जिले के सिंहेश्वर थाना क्षेत्र में बाइक और ट्रैक्टर की टक्कर में एक व्यक्ति और उसकी भांजी की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि पिपरा मुख्य मार्ग स्थित राष्ट्रीय उच्चपथ संख्या 106 पर बैरबन्ना गांव में मुस्लिम टोला के समीप सोमवार की देर रात बाइक सवार मामा-भांजी को बेकाबू ट्रैक्टर ने रौंद दिया। इस घटना में दोनों की मौके पर ही मौत हो गयी। मृतक की पहचान त्रिवेणीगंज मिरजवा निवास संजय मेहता (35) और उसकी दस वर्षीय भांजी सुप्रिया कुमारी के रूप में की गयी है। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। सूत्रों ने बताया कि शवों को पोस्टमॉर्टम के लिये भेज दिया गया है।

# प्रियंका की बेटी की संपत्ति पर विवादित ट्वीट, कांग्रेस ने दर्ज कराया मामला

वार्ता ◀ शिमला
www.dailypioneer.com

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा की बेटी की संपत्ति को लेकर विवादित ट्वीट करने पर पुलिस ने एक शख्स के खिलाफ़ मामला दर्ज किया है। कांग्रेस ने झूठा व तथ्यहीन ट्वीट करने का आरोप लगाते हुए शख्स के खिलाफ शिकायत दर्ज करते हुए कार्रवाई की मांग की है। इस पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मामला राजधानी शिमला में सामने आया है। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रमोद गुप्ता निवासी छोटा शिमला ने पुलिस में शिकायत दी है कि दिनांक 10 मई को अनूप वर्मा नामक शख्स ने अपने ट्विटर हैंडल से प्रियंका गांधी की बेटी मिराया वाड्रा के नाम पर 3000 करोड़ रुपए की संपत्ति होने का झूठा व निराधार ट्वीट किया है। इसके जरिये लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत आम जनता के बीच कांग्रेस पार्टी की छवि को धूमिल करने का प्रचार किया है। उन्होंने शिकायत में कहा है कि अनूप वर्मा ने यह ट्वीट संसदीय चुनाव के दौरान किया है, ताकि ऐसे फर्जी और झूठे ट्वीट से कांग्रेस की विश्वसनीयता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े। लोगों के मन में कांग्रेस के प्रति नफरत की भावना पैदा हो तथा उन्हें चुनाव में नुकसान भी उठाना पड़े। शिकायत के मुताबिक ये ट्वीट गलत तथ्यों पर आधारित है और इससे कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी और वाड्रा की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है। शिकायतकर्ता ने कहा है कि उक्त शख्स द्वारा किए गए झूठे व मनगढ़ंत ट्वीट से हिमाचल प्रदेश के कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ आम जनता में काफी आक्रोश है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर छोटा शिमला थाना में आईपीसी की धारा 153, 469, 500 व 505 के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## खैरथल-तिजारा जिले में एक सहायक पुलिस उपनिरीक्षक 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने खैरथल-तिजारा जिले के कोटकासिम थाने के सहायक पुलिस उपनिरीक्षक रघुवीर सिंह को एक मामले में 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। एसीबी के महानिदेशक डा रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की सीकर इकाई को परिवादी ने शिकायत की कि दुर्घटना के प्रकरण में साधारण कार्यवाही करने एवं जब्त पिकअप को जल्दी छोड़ने की एवज में रघुवीर सिंह 15 हजार रुपए की रिश्वत मांग रहे हैं।

## सारण में ट्रक और ऑटो रिक्शा की टक्कर में युवक की मौत

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के मशरक थाना क्षेत्र में मंगलवार को ट्रक और ऑटो रिक्शा की टक्कर में एक युवक की मौत हो गयी ,जबकि दो अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि जिले के चैनपुर पोखरा गांव के समीप अनियंत्रित ट्रक ने ऑटोरिक्शा को टक्कर मार दी। इस घटना में ऑटोरिक्शा पर सवार गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के सोनवलियां गांव निवासी राज कुमार राय के पुत्र प्रकाश कुमार राय की मौके पर ही मौत हो गयी।

# जयराम का पलटवार, फ्लॉप हो गई सुक्खू सरकार की फिल्म

वार्ता ◀ मंडी
www.dailypioneer.com



हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने उन्हें मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की ओर से फ्लॉप डायरेक्टर कहे जाने का करारा जवाब दिया है। ठाकुर ने भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी कंगना रनौत की नामांकन रैली में सुक्खू पर गरजते हुए कहा कि फ्लॉप डायरेक्टर वह नहीं बल्कि सुक्खू हैं जिनकी सरकार मात्र 15 महीनों में ही फ्लॉप हो गई। सुख की सरकार और व्यवस्था परिवर्तन की जो फिल्म सुक्खू बना रहे थे वह पूरी तरह से फ्लॉप हो गई है। ठाकुर ने सुक्खू को सलाह दी कि आजकल जो उनके करीबी बने हैं। वहीं नेतृत्व परिवर्तन का इंतजार कर रहे हैं और इस बात के संकेत कांग्रेस हाईकमान ने भी दे दिए हैं कि लोकसभा चुनावों के बाद नेतृत्व परिवर्तन तय है। उन्होंने सुक्खू को ऐसे करीबियों से बचकर रहने की सलाह दी। ठाकुर ने इस मौके पर कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह पर भी तीखा जुबानी हमला बोला। उन्होंने कहा कि सिंह विजन की बड़ी-बड़ी बातें कह रहे हैं। बेहतर होता कि यह विजन उन्होंने अपने परिवार को दिया होता जिन्होंने मंडी पर इतने लंबे समय तक राज किया तो आज मंडी की दशा कुछ और होती। भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस के प्रत्याशी प्रदेश सरकार की कैबिनेट में बैठकर मंडी के विकास को रोकने वाले निर्णयों पर हस्ताक्षर करते रहे। ठाकुर ने कहा कि मंडी आकर कांग्रेस के नेता जिस तरह से मंडी के मान-सम्मान और स्वाभिमान को ठेस पहुंचा रहे हैं तथा उसके बाद यहां के लोगों से वोट की उम्मीद रख रहे हैं, ऐसा कभी हो ही नहीं सकता।
मंडी को गाली देकर यहां के लोगों से वोट की उम्मीद रखना कांग्रेसी छोड़ दें। ठाकुर ने दावा किया कि आज मंडी में भाजपा की ऐतिहासिक रैली ने कांग्रेस की चुनावी गाड़ी के टायर को पूरी तरह से पंचर कर दिया है।



# 30 माओवादियों ने पुलिस के समक्ष किया समर्पण नौ माओवादियों पर 39.00 लाख का ईनाम है घोषित

## वर्ष 2024 में अब तक 180 माओवादी गिरफ्तार हुए, 76 माओवादियों ने पुलिस के समक्ष किया आत्मसमर्पण

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com



जिले में चलाये जा रहे माओवादी उन्मूलन अभियान के दौरान डीआरजी, बस्तर फाईटर, एस टी एफ एवं कोबरा 202, 210 केरिपु 168, 85, 222वी वाहिनी के द्वारा किये जा रहे संयुक्त प्रयासो से छग शासन की पुनर्वास एवं आत्मसर्पण नीति से प्रभावित होकर 30 माओवादियों ने उप महानिरीक्षक केरिपु, बीजापुर एसके मिश्रा, पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव, कमांडेंट 222वी बटालियन केरिपु विनोद मोहरिल, कमांडेंट, 85वी बटालियन केरिपु व्ही. तुसिंग, कमांडेंट 168 बटालियन केरिपु विक्रम सिंह, कमांडेंट कोबरा 202 अमित कुमार, कमांडेंट कोबरा 210 अशोक कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चन्द्रकांत गवर्ना, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भैरमगढ़ तारेश साहू, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आवापल्ली तिलेश्वर यादव, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भोपालपटनम् मयंक रणसिंह, उप पुलिस अधीक्षक ऑप्स सुदीप सरकार, उप पुलिस अधीक्षक डीआरजी बीजापुर विनित साहू के समक्ष माओवादियो की खोखली विचारधारा, भेदभाव पूर्ण व्यवहार, उपेक्षा व प्रताड़ना से तंग आकर एवं छत्तीसगढ़ शासन के पुनर्वास एवं आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया। मिटकी ककेम ऊर्फ सरिता पिता सन्नू उम्र 35 वर्ष, पदनाम मिलिट्री कंपनी नम्बर 02 पीपीसीएम, ईनाम -8.00 लाख, मुरी मुहंदा ऊर्फ सुखमति ऊर्फ मनकी पिता धोगे उम्र 32 वर्ष, पदनाम- प्लाटून नम्बर 32 पीपीसीएम, ईनाम -8.00 लाख, रजिता वेट्टी ऊर्फ रामे पति मुदा उम्र 24 वर्ष जाति मुरिया पदनाम प्लाटून नम्बर 04 सदस्य, ईनाम 5.00 लाख देवे कोवासी पिता लच्छु उम्र 24 वर्ष जाति मुरिया, पदनाम प्लाटून नम्बर 32 सदस्य, ईनाम 5.00 लाख, सीनू पदम ऊर्फ चिन्ना पिता आयतू पदम उम्र 27 वर्ष पदनाम बलालियन नम्बर 01 सदस्य, ईनाम 5.00 लाख, आयता सोढ़ी पिता हिड़मा उम्र 22 वर्ष, पदनाम प्लाटून नम्बर 32 सदस्य, ईनाम 5.00 लाख, आयतु कारम पिता भीमा उम्र 50 वर्ष पदनाम डुमरीपालनार आरपीसी जनताना सरकार अध्यक्ष, ईनाम 1.00 लाख, मुन्ना हेमला ऊर्फ चन्दु ऊर्फ चन्दरू पिता सोमलू उम्र 35 वर्ष पदनाम पालनार आरपीसी जनताना सरकार अध्यक्ष, ईनाम 1.00 लाख, आयतु मिड़ियम ऊर्फ वर्गेश ऊर्फ आम्बा पिता सुक्कु मिड़ियम उम्र 38 वर्ष पदनाम केशकुतुल आरपीसी जनताना सरकार सदस्य/डीएकेएमएस अध्यक्ष, ईनाम 1.00 लाख, सन्नू कारम ऊर्फ डोरा पिता आयतू कारम उम्र 24 वर्ष, पदनाम डुमरीपालनार आरपीसी मिलिशिया प्लाटून कमाण्डर, बामन कारम पिता बुधराम उम्र 22 वर्ष, पदनाम डुमरीपालनार आरपीसी, मिलिशिया प्लाटून सदस्य, सुखराम कारम पिता सुकलू उम्र 36 वर्ष, पदनाम डुमरीपालनार आरपीसी, जनताना सरकार सदस्य, मनकू ताती पिता लच्छु ताती उम्र 35 वर्ष, पदनाम पालनार आरपीसी, जनताना सरकार सदस्य, मुन्ना पोटाम ऊर्फ मुकेश पिता सन्नू उम्र 40 वर्ष, पदनाम- पालनार आरपीसी, जनताना सरकार सदस्य, सन्तू हेमला पिता सन्नू हेमला उम्र 23 वर्ष पदनाम सावनार आरपीसी मिलिशिया सदस्य, राहूल हेमला ऊर्फ छोटू पिता लच्छू उम्र 25 वर्ष पदनाम सावनार आरपीसी, मिलिशिया सदस्य, सुखराम ऊर्फसुरेश कारम पिता सुकलू कारम उम्र 30 वर्ष, पदनाम डुमरीपालनार आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सदस्य, मोटू हेमला पिता सुक्कु हेमला उम्र 27 वर्ष, पदनाम डुमरीपालनार आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सदस्य, मोटू कवासी पिता भीमा कोवासी उम्र 27 वर्ष, पदनाम डुमरीपालनार आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सदस्य, रमेश हेमला पिता दशरू हेमला उम्र 22 वर्ष, पदनाम भूमकाल मिलिशिया सदस्य, लक्खू कोरसा पिता आयतू कोरसा उम्र 25 वर्ष, पदनाम जीआरडी सदस्य, नंदु कुरसम पिता मंगलू कुरसम उम्र 21 वर्ष,पदनाम पीएलजीए सदस्य, सोमलू कड़ती ऊर्फ दिवाकर पिता मंगलू कड़ती उम्र 40 वर्ष, पदनाम पीएलजीए सदस्य, सोमलू ताती पिता लच्छु ताती उम्र 45 वर्ष पदनाम पालनार आरपीसी भूमकाल मिलिशिया सदस्य, संतोष पदम पिता मद्दा पदम उम्र 19 वर्ष, पदनाम- पीएलजीए सदस्य, गुडडी हपका पिता पाण्डू हपका उम्र 26 वर्ष, ज्योति लेकाम पति अर्जुन लेकाम उम्र 29 वर्ष, मुनगा आरपीसी केएमएमस सदस्य, सोनू कुड़ियम ऊर्फ गुटटा पिता स्व. विज्जा उम्र 21 वर्ष, पदनाम सीएनएम सदस्य, राजेश कोरसा ऊर्फ बामन कोरसा पिता माण्डो उम्र 28 वर्ष, पदनाम संघम सदस्य, लखमू पल्लो ऊर्फ लखू पिता कईया पल्लो उम्र 30 वर्ष, पदनाम मिलिशिया प्लाटून कमाण्डर।

# बीआईओपी स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा सरहानीय

पायनियर संवाददाता ◄ किरन्दुल
www.dailypioneer.com

सीबीएसई बोर्ड द्वारा 13 मई को शैक्षणिक सत्र 2023-24 का कक्षा दसवीं तथा बारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। बीआईओपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल किरंदुल एनएमडीसी परियोजना विद्यालय का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। कक्षा दसवीं में डी चैतन्य रेड्डी प्रथम (68.60%), कु. वर्षा ठाकुर द्वितीय (65.40%) एवं अम्बर तिग्गा तृतीया (63.60%) स्थान पर रहे। इसी तरह कक्षा बारहवीं में विज्ञान संकाय में समीर गायकवाड़ प्रथम (73.60%), सुप्रिया बिस्वास द्वितीय (71.60%) एवं कविता वेंजामी तृतीय (68.40%) इसी तरह वाणिज्य संकाय में शिरीन बानो प्रथम (69.60%), बिट्टू मिश्रा द्वितीय (67.40%) एवं आकाश समददार तृतीय (62.20%)




क्रमशः कला संकाय में प्रज्ञा वैदे प्रथम (85.80%), ऐलन जोसफ प्रसाद द्वितीय (78.80%) एवं रोहित राय तृतीय (78.00%) स्थान पर रहे। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पद्मनाभ नाईक मुख्य महाप्रबंधक, किरंदुल काम्प्लेक्स एवं मनोनीत अध्यक्ष बी के माधव, विभागाध्यक्ष (कार्मिक) की ओर से छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें प्रेषित किया गया।

# छत्तीसगढ़ शिक्षक कांग्रेस शिक्षकों के त्रुटि पूर्ण वरिष्ठता सूची सुधार एवं विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी को सौपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◄ पखांजूर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शिक्षक कांग्रेस पंजीयन क्रमांक-4968 जिला शाखा कांकेर के पदाधिकारी के द्वारा वर्तमान में जारी वरिष्ठता सूची में सुधार एवं जिले के शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। जिलाध्यक्ष दीपक रायस्त एवं जिला सचिव पवन कुमार सेन ने संयुक्त रूप से बताया कि जिले के शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी लक्ष्मण कावड़े से मुलाकात किया एवं वरिष्ठता सूची के संबंध में विधि सम्मत आदेश जारी करने एवं शिक्षकों के समस्याओं से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। जिसमें वर्तमान में प्रकाशित सभी संवर्गों की वरिष्ठता सूची मे कई खामियां एवं त्रुटियां से अवगत करा ज्ञापन सौपा गया। ज्ञापन के माध्यम से विभिन्न बिंदुओं पर ध्यान आकर्षित किया गया जिसमें व्याख्याता ई एलबी संवर्ग को दावा आपत्ति हेतु समय दिया गया है जबकि अन्य संवर्ग टी एलबी को नहीं दिया गया है, 1998 में व्याख्याता पंचायत की नियुक्ति के बाद शासन द्वारा राज्य पुनर्गठन नियम के तहत कर्मचारियों से सहमती नहीं लिया जाना जिसके कारण अन्य जिलों से स्थानांतरित व्याख्याता को कनिष्ठ बनाकर उनकी वरिष्ठता का निर्धारण संबंधित जिले में पदभार ग्रहण की स्थिति से लिया जा रहा है जो प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत के विपरीत है। प्रकाशित वरिष्ठता सूची में शासन द्वारा संविलयन से पूर्व एवं संविलयन के बाद स्थानांतरित कर्मचारियों का संस्था प्रमुख से किसी प्रकार की कोई जानकारी नहीं लिया जाना, प्रकाशित सूची में कर्मचारी की मृत्यु, त्यागपत्र या अन्य कारण से व्याख्याता पद छोड़ने के बावजूद उनका नाम सूची से विलोपित नहीं किया जाना, व्याख्याता टीएलबी एवं ईएलबी संवर्ग मूलतः पंचायत द्वारा नियुक्त कर्मचारी हैं। शासन की नीति के तहत शिक्षा विभाग में संविलयन किया गया पर शिक्षा विभाग द्वारा संविलयन कर्मचारियों को पूर्व के सेवाकाल का किसी भी प्रकार से लाभ नहीं दिया जाना, जबकि पूर्व में पंचायत द्वारा दोनो संवर्ग की नियुक्ति जिला स्तर पर की जाती थी तथा वरिष्ठता का निर्धारण जिला स्तर पर होता था परंतु संविलियन के पश्चात यह पद राज्य स्तर का होने के कारण इस स्थिति में जिला स्तर पर पूर्व में किए गए स्थानांतरण का वरिष्ठ क्रम में परिवर्तन को राज्य स्तर पर जारी सूची में भी यथावत स्वीकार किया जाना न्यायोचित नहीं है, स्थानांतरित कर्मचारी द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में फाइल की गई थी जिसमें उच्च न्यायालय द्वारा आवेदन का परीक्षण की बात कही गई थी।

# स्कूल शिक्षा विभाग के संभाग और जिला अधिकारियों का पांच दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण प्रारंभ

### पूर्व प्रीटेस्ट व प्रशिक्षण के बाद पोस्ट टेस्ट देंगे यह प्रशिक्षण 5 दिनों तक चलेगा

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



लोक शिक्षण संचालक दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग में परिवर्तन का दायित्व संभाग व जिले के शिक्षा अधिकारियों पर है उच्च प्राथमिकता के कार्यों का त्वरित क्रियान्वयन हेतु हमें प्रशासनिक रूप से दक्ष एवं योजनाओं का ज्ञान बहुत आवश्यक है और इसीलिए प्रशिक्षण आवश्यक है। छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी निमोरा में प्रदेश के पांच संभाग के संयुक्त संचालकों सभी जिला शिक्षा अधिकारियों व सहायक संचालकों के राज्य स्तरीय प्रशिक्षण के प्रारंभिक सत्र को संबोधित कर रही थी। संभाग और जिलों के अधिकारी प्रशिक्षण पूर्व प्रीटेस्ट व प्रशिक्षण के बाद पोस्ट टेस्ट देंगे। मिश्रा ने कहा कि विभाग द्वारा जारी किए गए योजना व नियम निर्देश को क्रियान्वित करने की जिम्मेदारी जिलों की होती है जब हम प्रशासनिक रूप से दक्ष होंगे तभी हम इसे बेहतर कर पाएंगे। स्कूल शिक्षा विभाग में राष्ट्रीय शिक्षा नीति, निष्ठा पोर्टल, दीक्षा पोर्टल, प्रबंध पोर्टल, आरटीआई, पीएम पोषण योजना इत्यादि पोर्टल को भी अपडेट किए जाने की आवश्यकता है जिसके लिए दक्ष होना जरूरी है। मिश्रा ने कहा कि हमें अनुशासन का पालन करते हुए सुनने की आदत डालनी होगी और प्रशिक्षण को जीवंत बनाए रखना होगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि स्वयं का आकलन करने वाला व्यक्ति कभी हार नहीं मानता। उद्घाटन सत्र में प्रशासन अकादमी के डायरेक्टर टी. सी. महावर ने कहा कि विभाग के आवश्यकता अनुसार प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों से अनुशासन में रहकर नियमों का पालन किए जाने की अपेक्षा की। उन्होंने अकादमी के पुस्तकालय का उपयोग भी किए जाने का सुझाव दिया। अतिरिक्त संचालक डॉक्टर योगेश शिवहरे ने इस अवसर पर कहा कि अच्छा प्रशासक वही होता है जो नियम कानून को जाने वह किसी के हाथों की कठपुतली ना बने। हमें ऐसा कार्य करना चाहिए जिससे रिटायरमेंट के बाद भी कोई समस्या खड़ी ना हो। योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए यह प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि अतिरिक्त विषयों पर भी शाम के सत्र में प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे। प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र में उपसंचालक आशुतोष चावरे, अशोक नारायण बंजारा, प्रशांत पांडेय, अकादमी के कोर्स डायरेक्टर अभिषेक दुबे, डॉक्टर प्रदीप शुक्ला और नोडल प्रभारी डी. दर्शन उपस्थित थे।

# सीबीएसई दसवीं बोर्ड के नतीजे घोषित बेटियां रही अव्वल स्थान पर

### *भव्या, स्वाति, अदिति, अंशिका बनी स्कूल टॉपर*




**कोटा।** सीबीएसई द्वारा कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें कोटा के सेंट जेवियर्स स्कूल के विद्यार्थियों ने अपना परचम लहराया। शाला का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा दसवीं में भव्या पांडे ने 80.6% अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्वाति खांडे 75.6%, अदिति सिंह 73%, अंशिका गुप्ता 71.8%, ईशिका गुप्ता 71.6% वान्या सिंह 70.6% तथा आर्यन अनंत 70.4% अंक अर्जित किए। विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी कड़ी मेहनत व वह माता-पिता व शिक्षकों को प्रदान किया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मधु मालिनी जॉन ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती ने भंज अस्पताल पहुंचकर रक्तदान किया



**कोण्डागांव।** भारतीय थल सेना में सेवारत सैनिक आनंद मंडावी की माताजी को रक्त की कमी के कारण भंज अस्पताल में भर्ती किया गया था। जिसकी जानकारी मिलते ही अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागाँव के कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती ने भंज अस्पताल पहुंचकर रक्तदान किया। कोंडागाँव जिला से लगभग 500 जवान भारतीय थल सेना में अपनी सेवा प्रदान कर रहें हैं, और जब उनकी अनुपस्थिति में उनके परिवार में किसी भी प्रकार की समस्या होती है तो अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागाँव के सदस्यों द्वारा पहुंचकर समस्या का समाधान करने का हर सम्भव प्रयास किया जाता है। दूसरी ओर सेवारत सैनिक भी छुट्टियों के दौरान पूर्व सैनिकों के साथ मिलकर निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण में युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान करते हैं।

# गर्मी की छुट्टियों में निशुल्क समर कैंप का आयोजन

### स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा बच्चों को रचनात्मक गतिविधियों में सीखने का अवसर देने का अभिनव प्रयास

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा नवाचार करते हुए गर्मी की छुट्टियों में विद्यार्थियों के लिए समर कैंप जन सहयोग से आयोजित किया जाएगा यह कैंप सुबह 7.00 से 9.30 बजे आयोजित किया जाएगा यह पूर्णत स्वैच्छिक रहेगा। स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव सिध्दार्थ कोमल सिंह परदेशी ने सभी जिलों के कलेक्टर को जारी किए गए निर्देश में कहा गया है कि 15 जून तक विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश प्रभावी है। इस दौरान छात्र-छात्राओं को रचनात्मक गतिविधियों में संलग्न कर उनमें बहुमुखी कौशल का विकास किया जा सकता है। रचनात्मक गतिविधियों में छात्र-छात्राओं के पालक एवं उनके शिक्षकों का मार्गदर्शन सहयोगी हो सकता है। अतः छात्र-छात्राओं के लिए स्कूलों में अथवा गांव शहर के सामुदायिक भवनों में समर कैंप का आयोजन किया जाए। इस कैंप में रचनात्मक क्षेत्र के विशेषज्ञ को आमंत्रित कर उनसे मार्गदर्शन प्रशिक्षण दिलाया जा सकता है। इसमें पालक व शाला विकास समितियां का भी सहयोग लिया जा सकता है। परदेशी ने निर्देश दिया कि समर कैंप में चित्रकला, गायन, वादन, निबंध, कहानी-लेखन, हस्तलिपि-लेखन, नृत्य, खेल-कूद, अपने गांव शहर का ऐतिहासिक परिचय आदि गतिविधियां आयोजित की जा सकती है। इन गतिविधि के अलावा अन्य रचनात्मक गतिविधि का भी चयन किया जा सकता है। स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से यह स्पष्ट किया गया है कि इस हेतु कोई भी बजट देय नहीं होगा। जिले अपने उपलब्ध संसाधनों का उपयोग कर इस कार्यक्रम को सफ्ल बनाएंगे। परदेशी ने कहा कि ग्रीष्म कालीन अवकाश को बच्चों के सीखने के लिए अवसर के रूप में प्रयुक्त किया जाए।

# छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में ग्रीष्मकालीन अवकाश प्रारंभ

### मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा द्वारा अपने न्यायालय में लिस्टेड प्रकरणों में सुनवाई करने के पश्चात् ज्यूडिशियल शाखाओं में चल रहे प्रकरणों के सत्यापन कार्य का किया निरीक्षण


पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर में सोमवार 13 मई से ग्रीष्मकालीन अवकाश प्रारंभ हो गया है। ग्रीष्मकालीन अवकाश के प्रथम दिन मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा द्वारा अपने न्यायालय में लिस्टेड प्रकरणों में सुनवाई करने के पश्चात् ज्यूडिशियल शाखाओं में चल रहे प्रकरणों के सत्यापन कार्य का निरीक्षण किया गया। उल्लेखनीय है कि उच्चतम् न्यायालय के निर्देशानुसार औचित्यहीन लंबित प्रकरणों को चिन्हांकित करने की प्रणाली विकसित किया जाना है जिससे ऐसे उपरोक्त चिन्हांकित लंबित प्रकरणों को सुनवाई पश्चात् निराकृत किया जा सके। इस तारतम्य में मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा के निर्देशानुसार रिट, क्रिमिनल अपील, क्रिमिनल रिवीजन, अवमानना प्रकरणों एवं अन्य प्रकरणों में औचित्यहीन लंबित प्रकरणों की लिस्ट बनाने का कार्य चल रहा है जिसे ज्यूडिशियल ऑफिसर एवं उच्च न्यायालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है। उपरोक्त कार्य का निरीक्षण करने हेतु मुख्य न्यायाधीश प्रत्येक शाखा में गये तथा सत्यापित किये गये प्रकरणों की जांच की।

उन्होंने रजिस्ट्रार जनरल एवं रजिस्ट्रार ज्यूडिशियल को निर्देशित किया कि प्रतिदिन शाखाओं में चल रहे सत्यापन कार्य की जांच करें एवं उसकी रिपोर्ट उनके समक्ष प्रस्तुत की जाए। उन्होंने यह भी अवगत् कराया कि वे उपरोक्त सत्यापन कार्य का समय-समय पर औचक निरीक्षण करते रहेगें।

# वाधवा हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल में परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत रहा

**रायपुर।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा 13 मई को शैक्षणिक सत्र 2023-24 का कक्षा दसवीं तथा बारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। हाईस्कूल परीक्षा परिणाम 94 प्रतिशत रहा एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। जिसमें शाला के निम्न विद्यार्थियों ने शाला को गौरवांन्ति किया। हाईस्कूल परीक्षा में प्रथम स्थान कु. रोशनी तारक 93.00 प्रतिशत, द्वितीय स्थान रौनक राजवाडे 91.00 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान कु. गरिमा साहू 80.00 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ है। हायर सेकेण्डरी परीक्षा में प्रथम स्थान सैय्यदा कनिजे फातिमा 82.00 प्रतिशत, कामर्स संकाय में द्वितीय स्थान कु. पूजा ठाकुर 74.00 प्रतिशत, तृतीय स्थान कु. प्रिती त्रिपाठी 73.04 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल का नाम रौशन किया है। उपरोक्त परिणाम से पालकगण बहुत प्रभावित हुए तथा शाला कि अध्ययन व्यवस्था, परीक्षा प्रणाली, अनुशासन तथा शिक्षको के समर्पण भावना की बहुत-बहुत प्रशंसा की। शाला प्रबंधन के अध्यक्ष डां. सूरज सिंह सचिव डां. विवेक वाधवा तथा शाला के प्राचार्य अरविंद शर्मा एंव शाला के समस्त शिक्षको ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बहुत-बहुत बधाई तथा शुभकामना दी। परीक्षा परिणाम की उपरोक्त जानकारी वाधवा स्कूल के प्राचार्य अरविंद शर्मा ने दी।




# रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ समर कैम्प का समापन

## बच्चों को अच्छे गुणों से संस्कारित करने का यह सही समय : डॉ. एन.वी. रमना राव

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा आयोजित प्रेरणा समर कैम्प का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन हुआ। शान्ति सरोवर मे आयोजित समापन समारोह में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक एन.वी. रमना राव, स्मार्ट सिटी रायपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उज्जवल पोरवाल (आईएएस), क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी, रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी और ब्रह्माकुमारी भावना दीदी ने विचार व्यक्त किए। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) के निदेशक एन.वी. रमना राव ने समर कैम्प आयाजित करने के लिए ब्रह्माकुमारी संस्थान की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान समय इसकी बहुत अधिक आवश्यकता है। बच्चों में अच्छे गुणों और संस्कारों का बीज बोने का यह सही समय है। उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्थान का उद्देश्य उच्च मानवीय गुणों को जागृत करना है। यहाँसिखलाया जाने वाला राजयोग तनाव को दूर करने में मददगार सिद्ध हुआ है। आजकल दैनिक जीवन में तनाव बढ़ता जा रहा है। लोग योग और ध्यान सीखने के लिए भारत की ओर देख रहे हैं। उन्होंने बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि इसमें बच्चों में रचनात्मकता की झलक दिखाई देती है। स्मार्ट सिटी रायपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (आईएएस) उज्जवल ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चों के चारित्रिक विकास में समर कैम्प मददगार बनेगा। उनमें एकाग्रता विकसित करने में राजयोग साधना सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय शारीरिक और स्कूली शिक्षा के साथ ही आध्यात्मिक शिक्षा पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। आत्मबल नहीं होने के कारण बच्चे सुसाईड करने में नहीं हिचकते। राजयोग से उनके मनोबल में वृद्धि हो सकती है। इन्दौर जोन की क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी ने अपने आशीर्वचन में कहा कि व्यक्तित्व विकास के लिए बच्चों का सर्वांगीण विकास होना बहुत जरूरी है। आजकल बच्चे अल्पकालिक सुख के लिए भौतिक साधनों के पीछे भाग रहे हैं। उनके माता-पिता भी पश्चिमी सभ्यता का अन्धानुकरण कर रहे हैं। नैतिक और आध्यात्मिक शिक्षा की ओर उनका ध्यान नहीं है। बच्चों को टेलीवीजन के सहारे न छोड़ें। रायपुर केन्द्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने कहा कि बचपन मूल्यवान समय होता है। इसी समय हम अपना लक्ष्य निर्धारित करते हैं। लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जीवन में नैतिक मूल्यों का होना जरूरी है। उन्होंने समारोह में उपस्थित माता-पिता से अनुरोध किया कि अपना समय टीवी और मोबाईल में व्यर्थ नष्ट करने की बजाय बच्चों के संग बांटें ताकि बच्चों को प्यार मिले और अपनापन पैदा हो। समारोह को प्रगति दावरा मिरानी और ब्रह्माकुमारी भावना दीदी ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम की शुरूआत बच्चों के द्वारा मेरे भोलेनाथ गीत पर प्रस्तुत नृत्य से की गई। इसके बाद सोशल मीडिया से नुकसान को दर्शाते हुए नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम का संचालन ब्रह्माकुमारी सिमरण दीदी ने किया। समर कैम्प में विजयी बच्चों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र भी दिया गया।

# हेल्पिंग हैंड इंग्लिश मीडियम स्कूल के छात्रों ने बोर्ड परीक्षा में अव्वल नंबर लाकर अपने माता पिता एवं स्कूल का नाम रोशन किया





**खरोरा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम वृहस्पतिवार 9 मई को घोषित कर दिए गए हैं। जिसमे हेल्पिंग हैंड इंग्लिश मीडियम स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा में अव्वल नंबर लाकर अपने माता पिता एवं स्कूल का नाम रोशन किया। 12वीं की इशरत अली जो की बायोलॉजी की छात्रा है 86.4% अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर बनी वही प्रियल पांडेय 84.6% लाकर दूसरा एवं 75.2% लाकर ईश्विनय देवांगन ने (गणित) तीसरा स्थान प्राप्त किया। अब बात करें 10वीं की तो इसमें टिकेंद्र सिन्हा ने 85.6% अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया वही रोहन मधुकर और यश मधुकर ने 83.6% और 83.2% अंक प्राप्त कर दूसरा और तीसरा स्थान हासिल करने में कामयाब हुए। इनसे बातचीत करने पर इन्होंने अपनी कामयाबी का श्रेय अपने स्कूल के प्राचार्य, शिक्षकों और अपने माता पिता को दिया। बच्चों की कड़ी मेहनत और शिक्षा के प्रति समर्पण ने रंग लाया और इन्होंने स्कूल के नाम को रोशन किया।

# सरकार बदल गई, माफियाओं का नहीं बदला रवैया

## रेत का अवैध उत्खनन, महानदी, बरॉज का अस्तित्व खतरे में, मुख्यमंत्री से ग्रामीणों ने की फरियाद

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

जिले में स्थित नदियों से लगातार रेत उत्खनन का कार्य जारी है। दिखावे के लिये विभाग कुछ लोगों पर कार्यवाही करता है। हकीकत यह है कि छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि महाराष्ट्र में भी यहां से वहां रेत परिवहन किया जाता है जिसके लिये मुंहमांगी रकम अदा की जाती है। चैन माउंटेन मशीन, हाईवा इत्यादि से महानदी का सीना चीरकर यह कार्य धड़ल्ले से जारी है। लेकिन स्थानीय अधिकारियों की लापरवाही के चलते ऐसे अनेक खदानें अघोषित रूप से चल रही हैं जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण भरारी, लडेर, डाभा से दिया जा सकता है। शासकीय रिकॉर्ड के अनुसार जिले में मात्र चार खदानें संचालित हैं जिसमें सोनेवारा, बारना, परेवाडीह, दोनर और इस क्षेत्र के लिये संबंधित ठेकेदार को एक निर्धारित रकबा रेत उत्खनन के लिये दिया गया है किंतु इनके द्वारा भी नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है जिससे शासन को एक ओर करोड़ों रूपये की हानि पहुंच रही है वहीं दूसरी ओर आवागमन को सुगम बनाने हेतु बनाई गई सड़कें भी बदहाल हो रही है जिससे इस क्षेत्र आवागमन करने वाले लोगों को भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ में धमतरी जिला एक ऐसा बदनसीब जिला है जहां से अब रेत के बजाय कुछ स्थानों पर नर कंकाल भी निकल रहे हैं। लेकिन वाह रे जिला प्रशासन, इस ओर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रहा है। धमतरी शहर की सड़कों से बड़ी-बड़ी हाईवा, 16 चक्के वाली महाराष्ट्र पासिंग वाहनें प्रतिदिनि काफिले के रूप में गुजर रही हैं जिन्हें आम नागरिकों के साथ साथ यातायात विभाग के अधिकारी,



कर्मचारी भी देखते हैं। छोटे स्तर के वाहनों को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाने वाला यह विभाग ऐसी बडी-बडी वाहनों के ओव्हरलोडिंग को देखकर भी आंखे मूंदे रहता है। यही स्थिति कमोवेश संबंधित विभाग के अधिकारियों की भी है जो ऐसे अवैध चलने वाली खदानों को रोकने का दावा तो करते हैं किंतु रात होते ही रेत माफियाओं का साम्राज्य स्थापित हो जाता है। इस पर कभी भी कार्यवाही नहीं की जाती। खबर है कि भाजपा के एक निर्वाचित जनप्रतिनिधि को रेत खदान में पीटने वाला तथाकथित आरोपी जेल से छूटने के बाद फिर इस कार्य में लग गया है जिसकी आज तूती बोल रही है। हद तो यह है कि भाजपा जिला पंचायत के निर्वाचित जनप्रतिनिधि को नंगा कर मारने वाला यह आरोपी भाजपा के शासन काल में अपनी मनमर्जी से अघोषित रूप से ठेकेदारी कर रहा है। इसी तरह आशीष नागू गौतम अंकुर सहित कुछ भाजपा नेता का भी नाम सामने आ रहा है। खनिज विभाग के द्वारा यदाकदा कार्यवाही की जाती है। लेकिन पहुंच के चलते ऐसे लोगों पर सख्ती के साथ कार्यवाही करने में अपने आप को असहाय महसूस कर रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि ऐसे ठेकेदार जिला प्रशासन के वरिष्ठ को फोन लगाने के नाम पर धौंसाते हैं जिसके कारण भी ऐसे लोगों पर कार्यवाही नहीं होती। अभी बीति रात में जल संसाधन विभाग बरॉज के नीचे में सैकड़ों ट्रेक्टरों द्वारा रेत का उत्खनन किया गया। ग्रामीणों के आने जाने पर जल संसाधन विभाग नाके को बंद कर देता है किंतु ट्रेक्टरों की निकासी के लिये न सिर्फ बेरियर को रात भर खोला जाता है बल्कि वहां जल संसाधन विभाग का एक कर्मचारी रेत से भरी ट्रेक्टरों को पास कराने में मशगूल देखा गया। ऐसे कृत्य से एक तरफ महानदी का अस्तित्व पर संकट के बादल गहरा रहे हैं वहीं दूसरी ओर बरॉज के गुणवत्ता पर भी इसका भारी असर पड़ रहा है। पूछने पर पता चला कि कोई राव नामक व्यक्ति द्वारा इसका उत्खनन किया जा रहा है। यह क्षेत्र कलेक्टर बंगले से लगभग एक किमी की दूरी पर स्थित है जहां यह कृत्य किया जा रहा है। इसी तरह अवैध खदान को चलाने वाले रात में अपना कमाल दिखाते हैं। यहां चलने वाली जेसीबी और चैन माउंटेन मशीन को आसपास के क्षेत्र में दिन होते ही छुपा देते हैं। रात्रिकालीन जब ये मशीनें चलती हैं तो आसपास के ग्रामीणजन रतजगा करते नजर आते हैं। इन्होंने बताया कि रात में हम बड़ी मुश्किल से नींद के आगोश में जाते हैं जबकि दिन में यह ईलाका खामोश नजर आता है। इन ग्रामीणों का कहना है कि जिला प्रशासन के पास सुरक्षा कर्मियों की कमी नहीं है परंतु कभी भी ऐसे कर्मियों को साथ लेकर रात्रि में चलने वाली उपरोक्त मशीनों को बंद कराने और जप्ती करने की अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है जो अनेक संदेहों को जन्म देता है। महानदी के साथ साथ और सहायक नदियों का भी कमोवेश यही हाल है। रेत माफियाओं का दायरा लगातार बढ़ते जा रहा है। अब ऐसे रेत माफिया कांकेर एवं धमतरी जिले के सरहदों में अर्थात माहूद ग्राम की नदियों से भी अवैध उत्खनन करने में लगे हुए हैं। इस कार्य में कुछ तथाकथित बुद्धिजीवि वर्ग के लोग भी शामिल हैं और इस कार्य में सत्तापक्ष से संबंधित एक अल्पसंख्यक व्यक्ति भी शामिल है जो अपने को छग शासन के मंत्री का खासम-खास बताता फिरता है। कुल मिलाकर रेत माफियाओं के कृत्य से शासन को प्रतिमाह करोड़ों रूपये की राजस्व शुल्क की हानि उठानी पड़ रही है। लोगों का कहना है कि पूर्व में जब कांग्रेस की सरकार थी तब सत्तापक्ष से जुड़े लोगों द्वारा इसका भारी विरोध किया जाता रहा है और जब सत्ता में भाजपा की सरकार विराजमान है, तब इनके द्वारा भी ऐसी रेत चोरी का हथकंडा अपनाकर जल्द ही लखपति बनने का ख्वाब देख रहे हैं। शासन और प्रशासन से ग्रामीणों ने लगातार गुहार लगाई। पूर्व वर्षों में भी जब कांग्रेस की सरकार थी, उस समय भी इन्होंने एड़ी-चोटी का जोर लगाया कि चैन माउंटेन, जेसीबी का चलन रात में बंद हो ताकि हमारे बाल बच्चे और हम शांति से सो सकें, लेकिन हमारी आवाज को दबा दिया गया और अब जब प्रदेश में सत्ता परिवर्तन हो चुका है तो उन्होंने फिर से उपरोक्त बात दोहराते हुए फरियाद प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं जिले के प्रभारी एवं राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा से की है।

## के वि महासमुंद का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा

पायनियर संवाददाता महासमुंद
www.dailypioneer.com



स्थानीय केंद्रीय विद्यालय महासमुंद का सी बी एस ई परीक्षा फल उत्कृष्ट रहा। कक्षा बारहवीं में विज्ञान समूह 37 से विद्यार्थी वाणिज्य से 23 तथा कक्षा दसवी से 79 विद्यार्थी सम्मिलित हुए। तथा सभी विद्यार्थियो ने सीबीएसई परीक्षा में सफल हुए। इस प्रकार नतीजे 100 फीसदी रहा। के वि संगठन रायपुर संभाग के उच्चाधिकारियों के निर्देशन, संजय कंसल प्राचार्य के वि महासमुंद के कुशल मार्गदर्शन एवं शिक्षक शिक्षिकाओ के सामूहिक प्रयास से बेहतरीन नतीजे से विद्यार्थी एवं अभिभावकों सभी गौरांवित है। कक्षा 12 वी में विज्ञान समूह में येमन साहू ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे महासमुंद को गौरांवित किया है येमन को रसायन शास्त्र में 100 में से 100 अंक तथा कंप्यूटर विज्ञान में 99 अंक अर्जित कर इतिहास रचा। कृति निर्मलकर ने 91.4 प्रतिशत अंक तथा दिव्यांशी साहू ने 88.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया । वाणिज्य समूह से प्रशांत निषाद ने 91.8 प्रतिशत अंक प्राप्त का प्रथम स्थान प्राप्त किया प्राची जैन 80.6 प्रतिशत द्वितीय तथा कूलप्रीत ने 79 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किए। कक्षा दसवी में आर्यन ग्रहाचार्य ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किए। दूसरे एवं तीसरे स्थान पर ज्येष्ठा जीवन को 92 प्रतिशत तथा कनिष्का वर्मा को 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए गणित स्टैंडर्ड में आर्यन को 98, दिव्य चंद्राकर को 97 तथा कनिष्का को 97 अंक प्राप्त हुए है। गणित का पीआई 75 रहा। विद्यार्थियो के शानदार प्रदर्शन के लिए प्राचार्य ने सभी गुरुजनों, विद्यार्थियो एवं अभिभावकों को बधाई प्रेषित कर शुभकामनाएं दी। विद्यार्थियो की सफ्लता पर सुरेश कुमार सिंह, रोहिता मेम, त्रिपाठी लोकेश सिंह विवेकानंद प्रधान अंबरीश शुक्ल वंदना आचार्या, आर्यन, शिवानी सोहन लाल तुलसी राम चंद्राकर भूमिका घनश्याम साहू मनीषा विवेक, मिश्रा वंदिनी जौहरी, सीताराम कांता एक्का जितेंद्र कुमार चंद्राकर, संजय बघेल सहित के वि परिवार के समस्त स्टॉफ ने हर्ष व्यक्त किया है।

## धर्मनगरी भाटापारा में संस्कृत प्रेमियों का लगेगा कुंभ संस्कृत भारती छत्तीसगढ़ प्रांत के द्वारा

पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com

नगर में स्थान सरस्वती शिशु मंदिर में 2 जून 2024 से 10 जून 2024 तक संस्कृत प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण वर्ग में छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिला विकासखंड नगर से संस्कृत प्रेमियों का धर्म नगरी भाटापारा में सरस्वती शिशु मंदिर में जमवाड़ा लगेगा इस शिविर में संस्कृत की बारीकियां को सिखाया जाएगा विशेष बात यह है कि इस संस्कृत संभाषण वर्ग में जो व्यक्ति संस्कृत का कुछ भी नहीं जानता है वह भी यहां उपस्थित हो कर संस्कृत में धारा प्रवाह रूप से बोलने में संभाषण करने में दक्षता प्राप्त कर लेंगे संस्कृत भारती एक अखिल भारत सामाजिक संगठन है जो संस्कृत को जन भाषा बनाने के लिए संगठित है संस्कृत भारती का कार्य संपूर्ण भारत एवं 28 देश में फैला हुआ है प्रति वर्ष संस्कृत संभाषण सीखने के लिए शिविर का आयोजन करती है साल भर अनेक कार्यो के माध्यम से स्थानीय स्तर पर संस्कृत केंद्रों के माध्यम से संस्कृत सिखाती है संस्कृत भाषा भारत की आत्मा की भाषा है तमाम दर्शन वेद वेदांग यहां तक के भारत के प्राचीन शिक्षा पद्धति इसी संस्कृत भाषा से ही लिपिबद्ध है संस्कृत में नाट्यशास्त्र वैद्य शास्त्र समाजशास्त्र एवं शास्त्रनक्षत्र विज्ञान एवं आधुनिक विज्ञान का रहस्य छुपा हुआ है इसरो ने भी इस बात को स्वीकार किया है और वहां के अध्यक्ष कहते हैं की हमने सारी तकनीकी संस्कृत में छुपे हुए विज्ञान से निकले हैं भाटापारा में लगने वाले यह प्रशिक्षण वर्गप्रदेश व्यापी होगा यहां प्रशिक्षण प्राप्त करके अपने स्थान पर संस्कृत संभाषण का प्रशिक्षण देंगे आयोजन के लिए भाटापारा नगर के तमाम कार्यकर्ता शुभचिंतक सहयोग करने में एवं आयोजन को सफल बनाने में लगे हुए है व्यवस्था बनाने में संस्कृत भारती के प्रांत प्रचार प्रमुख डॉक्टर गोपेश कुमार तिवारी, कोष प्रमुख संजय सोनी, डॉक्टर नगीता सोनी, जनपद मंत्री साधना देवी, जिला अध्यक्ष हरेराम साहू विद्यालय प्रमुख गंगाराम बालकेंद्र प्रमुख राजकुमारी शिक्षण प्रमुख दुर्गेश कुमार तिवारी गीतांशु प्रसन्न देवेंद्र जायसवाल आदि कार्यकर्तालगे हुए हैं प्रशिक्षक के रूप में डॉक्टर दादूभाई त्रिपाठी डॉक्टर दिव्या देशपांडे चंद्रभूषण शुक्ला लक्ष्मीकांत पंडा डॉ राजकुमार तिवारी दामोदर प्रसाद सोनी मनीराम कौशिक राकेश तिवारी जिलाशिक्षण प्रमुख रामेश्वरी साहू इत्यादि संस्कृत के विद्वानों के द्वारा प्रतिदिन संस्कृत बोलने के लिए सिखाया जाएगा।

## स्वामी आत्मानंद स्कूल में प्रवेश के लिए आज निकलेगी लॉटरी



**भाटापारा।** स्वामी आत्मानंद स्कूल योजना के अंतर्गत भाटापारा में संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में कक्षा पहली, नवमी एवं ग्यारहवीं में प्रवेश हेतु 15 मई बुधवार को विद्यालय परिसर में सुबह 11 बजे विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बीआरसीसी की उपस्थिति में लॉटरी निकाली जाएगी। प्राचार्य केशव देवांगन ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार स्वामी आत्मानंद स्कूलों में प्रवेश हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 मई तक निर्धारित थी। जिसमे विभिन्न कक्षाओं हेतु सैकड़ो आवेदन प्राप्त हुए।

## वार्डो में पानी की समस्या को देखते हुए संगम सेवा समिति द्वारा नि :शुल्क पानी का वितरण




पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com

नगर की समाज सेवी संस्था संगम सेवा समिति द्वारा गर्मी में हो रही पानी की समस्या को देखते हुए समिति के संस्थापक प्रखर अग्रवाल द्वारा टैंकर से हर वार्ड में जहाँ भी पानी की समस्या होगी पानी टैंकर द्वारा निःशुल्क पहुँचाने की व्यवस्था किया गया है। समिति के संस्थापक प्रखर अग्रवाल द्वारा पूजा अर्चना कर जय श्री राम के नारे के साथ टैंकर को निःशुल्क पानी वितरण के लिए रवाना किए ,समिति द्वारा जारी नंबर 9926141516 में संपर्क कर वार्ड वासी पानी प्राप्त कर सकते है मीडिया से बात करते हुए प्रखर अग्रवाल ने बताया कि कई दिनों से सरायपाली के कई वार्ड वासी पानी की समस्या लेकर समिति से संपर्क में थे। वार्ड वासीओ को पानी की समस्या ना हो इस लिये समिति द्वारा यह सेवा प्रारंभ किया गया है।

## साजापाली में आयोजित रामायण कार्यक्रम में शामिल हुईं विधायक चातुरी नंद



पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com

क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद ग्राम छोटे साजापाली में आयोजित रामायण कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रभु श्रीराम के कथा का रसपान करने का सौभाग्य सौभाग्यशाली को मिलता है। भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का जीवन हम सबके लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने ग्रामीणों को प्रभु श्रीराम के आदर्श मूल्यों को अपने जीवन में उतारने की अपील की। ज्ञात हो कि ग्राम छोटे साजापाली में 3 दिवसीय रामायण महोत्सव का आयोजन कराया जा रहा है जहां आस पास की रामायण मंडली के कलाकारों द्वारा रामायण का पाठ और गायन किया जा रहा है। इस दौरान कांग्रेस नेता केशव चौधरी, बाबूलाल दीवान, गोवर्धन चौहान, रामानुज चौहान, कीर्ति चौहान, मीना चौहान, लोकेश चौहान, जयंत यादव समेत ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## जलाशय के टूट जाने से क्षेत्र वासियों को नहीं मिल रहा है लाभ

### जल्द मरम्मत नहीं होने से किसानों का होगा पलायन



पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com

ग्रामीण क्षेत्रों में फसलों की सिंचाई के साथ-साथ अन्य कार्यों के लिए किसानों व आमजनों को पानी की समुचित व्यवस्था हेतु अनेक स्थानों पर बाँध (जलाशय) बनाये गए हैं। जहाँ भी जलाशय हैं, उसके आस पास के सैकड़ों एकड़ खेतों को सिंचाई के लिए समयानुसार पर्याप्त पानी मिल जाता है, लेकिन अंचल में भगत सरायपाली से सुखापाली के बीच स्थित जलाशय के टूट जाने के कारण क्षेत्रवासियों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। बाँध में पानी नहीं रूकने के कारण गर्मी के दिनों में लोगों के निस्तारी के लिए भी पानी की समस्या उत्पन्न हो रही है, वहीं उक्त जलाशय पर आश्रित जीव-जन्तुओं को गर्मी के दिनों में काफी परेशानी हो रही है। विगत 2022-23 में उक्त बाँध के मरम्मत की स्वीकृति मिलने के बावजूद संबंधित विभाग की उदासीनता के कारण ग्रामीणों को अभी तक इसका लाभ नहीं मिल पाया है, जिससे क्षेत्र वासियों में आक्रोश देखा जा रहा है। सुखापाली के ग्रामीण परशुराम सागर, बाबूलाल पटेल, क्षमानिधि पटेल, गुणनिधि, पदमन दीप, सुन्दरलाल सागर, शोभाराम दीप आदि ने बताया कि क्षेत्र में पानी की समस्या को देखते हुए लगभग 35-40 वर्ष पूर्व भगत सरायपाली व सुखापाली के मध्य टार बाँध (सरकारी मुड़ा) का निर्माण किया गया था। इस बाँध के बन जाने से दोनों गाँवों के सैकड़ों एकड़ खेतों की सिंचाई हो जाती थी तथा आस पास का जल स्तर भी बना रहता था। इसके अलावा ग्रामीणों की निस्तारी व मवेशियों के पेयजल निस्तारी का भी वह एक प्रमुख स्त्रोत था। ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 2016-17 से बाँध का एक हिस्सा टूट गया है, जिससे लगभग 20-25 फीट का स्थान खाली हो गया है। बाँध टूटने के बाद से वहाँ जल-भराव नहीं हो पा रहा है। बरसात का पानी उस खाली जगह से बाहर निकल जाता है, जिससे क्षेत्र वासियों को उसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में सिंचाई विभाग के साथ-साथ विभागीय मंत्री तक को इसकी शिकायत कर बाँध के मरम्मत की माँग की गई थी। सत्र 2022-23 में इसके मरम्मत हेतु स्वीकृति मिल चुकी है, लेकिन विभागीय उदासीनता के कारण अब तक बाँध की मरम्मत नहीं हो पाई है। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र के सैकड़ों किसान खेतों की सिंचाई के लिए इसी बाँध पर निर्भर रहते हैं। बाँध के टूट जाने से खेती के लिए अब केवल बरसात का ही सहारा है। लेकिन वर्षा भी अनियमित हो गई है, जिसके कारण क्षेत्र के फसलों को काफी नुकसान पहुँच रहा है। इस बाँध के मरम्मत न होने पर सैकड़ों किसानों के सामने अत्यंत विकट स्थिति उत्पन्न हो गई है। यदि जल्द ही मरम्मत कार्य नहीं हुआ तो अनेक कृषक यहाँ से पलायन भी कर सकते हैं।

## राज चंद्राकर को 10वीं बोर्ड की परीक्षा में मिला 96.2 प्रतिशत अंक



**बेलसोंडा।** राज चंद्राकर ग्राम बेलसोंडा निवासी उत्तम चंद्राकर के सुपुत्र हैं राज चंद्राकर ने गांव का नाम रोशन किया है। राज चंद्राकर ने रायन इंटरनेशनल स्कूल रायपुर से सीबीएसई 10वीं बोर्ड की परीक्षा में 96.2 प्राप्त कर स्कूल मे टॉप किया। राज चंद्राकर ने अन्य छात्रों से अपना सक्सेस मंत्र साझा करते हुए कहा कि किसी भी परीक्षा की तैयारी के लिए निरंतरता जरूरी है।

## स्कूलों में होगा शीघ्र ही समर कैंप का आयोजन, सीमांकन में तेजी

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर के एल चौहान ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में समय सीमा के तहत विभागीय कार्यो की काम काज की समीक्षा किए. जिसमें उन्होंने केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित जानकारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है। उन्होने कहा की अब अधिकारी कर्मचारी चुनावी मोड से बाहर आकर अपने अपने विभागों में चल रहे योजनाओं में तेजी लाएं। चौहान ने शासन से प्राप्त निर्देश पर सभी स्कूलों में समर कैंप लगाने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए है इसके लिए शीघ्र ही 2 दिनों में विस्तृत रोड मैप बनाने कहा गया है। इसके साथ ही कलेक्टर ने सीमांकन के कार्य में तेजी लाने के निर्देश सभी एसडीएम को दिए है। उन्होंने दो टूक कहा की राजस्व संबंधित शिकायते बहुत मिलती है अतःसभी राजस्व अधिकारी विशेष अभियान चलाकर प्राप्त आवेदनो का शत प्रतिशत निराकरण समय सीमा के

### कलेक्टर ने की विभिन्न विभागों के कार्यो की समीक्षा, समय सीमा के भीतर कार्य करने के दिए निर्देश

भीतर करे। साथ ही बैठक में आज जिले के कुछ गांवों में चिन्हाकित ग्रीष्मकालीन पेयजल की समस्या के बारे में भी जानकारी ली गई साथ ही निस्तारी हेतु पानी उपलब्ध कराने के निर्देश संबधित अधिकारी को दिए है। उन्होनें आज विशेष रूप से पीएम आवास योजना के संबंध में जानकारी लेते हुए हितग्राहियों को इस योजना से शत प्रतिशत लाभान्वित करने के लिए पूरी संवेदनशीलता से कार्य करने के लिए कहा। इसके साथ विभिन्न विभागों के चल रहे निमार्ण निकायों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए कलेक्टर ने काम में तेजी लाने के निर्देश संबधित अधिकारीयों को दिए है। उक्त बैठक में विभागवार लंबित आवेदनों के बारे में भी विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने सभी विभागों के प्रमुखों से कहा कि आप सभी आवेदन जो आम जनता के द्वारा कलेक्टर शिकायत शाखा,सीपी ग्राम्स,जन शिकायत पीजीएन एवं लोक सेवा गारंटी आदि के माध्यम से प्राप्त हुए हैं। उनका निराकरण कर जिला कार्यालय को शीघ्र सूचित करें। सभी आवेदनों का निराकरण निर्धारित समय सीमा के भीतर ही हो जाना चाहिए साथ ही राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों एवं योजनाओं पर विशेष ध्यान देने कहा हैं। बैठक के दौरान जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल, सहित सभी सँयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर समस्त विभागों के जिला प्रमुख सभी सीईओ एवं सीएमओ उपस्थित रहें।

## सीबीएसई दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड में चन्द्रोदय पब्लिक स्कूल के बच्चों ने किया टॉप





पायनियर संवाददाता महासमुंद
www.dailypioneer.com

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई), नई दिल्ली ने 13 मई 2024 को कक्षा दसवीं और बारहवी का रिजल्ट घोषित किया। नगर के प्रचलित बागबाहरा रोड महासमुंद स्थित चन्द्रोदय पब्लिक सीबीएसई स्कूल, में कक्षा दसवीं और बारहवी बोर्ड का परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा बारहवीं बोर्ड में चारु चांडक 93% के साथ प्रथम स्थान पर रही ,वही द्वितीय स्थान पर दर्शन जैन 92.6% के साथ रहे, तृतीय स्थान पर शशि सिंह 92% के साथ रहे, चतुर्थ स्थान पर तेजस चंद्राकर 89% के साथ रहे, वही पांचवे स्थान पर भावना पटेल 88.6% के साथ काबिज़ हुई। इधर कक्षा दसवीं बोर्ड में प्रखर जैन ने 96.2% के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया वही द्वितीय स्थान पर आकांक्षा गुप्ता 91.8% के साथ रही, प्रियांशु सेठिया 88.2% के साथ तृतीय स्थान पर रहे, चौथे स्थान पर कणिका विश्वकर्मा 87.4% के साथ रही, वही कुमारी अर्चना ने 87.2% के साथ पांचवा स्थान प्राप्त किया। सीबीएसई बारहवी बोर्ड में बच्चों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर चंद्रनाहु शिक्षण समिति के अध्यक्ष, राहुल चंद्राकर, उपाध्यक्ष चंद्रपाल चंद्राकर, सचिव कमलेश चंद्राकर, प्राचार्य नवीन कुमार, उप प्राचार्य मंजुला चंद्राकर, सह सचिव बंसीलाल चंद्राकर, उपाध्यक्ष द्रोण चंद्राकर एवं समिति के सभी गणमान्य सदस्यों ने बच्चों की इस उपलब्धि पर शाला परिवार को बधाई दिया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य नवीन कुमार के बताया कि साल दर साल चंद्रोदय पब्लिक स्कूल, महासमुंद के विद्यार्थियों का परिणाम उत्कृष्ट होता जा रहा है, पिछले वर्ष के मुकाबले इस वर्ष जायदा बच्चों ने 90 त्र से अधिक अंक हासिल किया है वही 80% हासिल करने वाले विद्यार्थियों की भी संख्या बढ़ी है। वही प्रतियोगिता परीक्षाएं आईआईटी जेईई, नीट, सीपीटी इत्यादि की परीक्षा में भी बच्चों का प्रदर्शन इस वर्ष सराहनीय रहा है। इस अपार सफलता के पीछे विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शाला प्रबंधन समिति का उत्कृष्टता के लिए अथक प्रयास, अभिभावकों का सहयोग एवं शिक्षकों का मार्गदर्शन अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है, सभी को बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। सभी टॉप 10 टॉपर्स को स्कूल द्वारा सम्मान भी प्रदान किया जाएगा। इस उपलक्ष पर शिक्षक वृंद दीपक ठाकुर (कक्षा अध्यापक, वाणिज्य), सुप्रियंका महापात्र (कक्षा अध्यापिका, अंग्रेजी), आरती ठाकुर (कंप्यूटर विज्ञान), शिवानी साहू (कंप्यूटर विज्ञान), संगीता साहू (हिंदी), टीकाराम साहू (हिंदी), शिवराज देवांगन (गणित), लव दुबे (भौतिक शास्त्र), रोबिन सम्मदर (रसायन विज्ञान), सुरेणुका साहू (जीव विज्ञान), सुसांघवी ठाकुर (अर्थशास्त्र), भीषण मंडाले (क्रीड़ा शिक्षक), दुर्गेश कन्नौजे (क्रीड़ा शिक्षक), मनीष चंद्राकर (लेखपाल), टकेश्वर चंद्राकर (वाहन एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग), पूर्णिमा साहू (भृत्य), खेमराज यादव (गार्ड) एवं अन्य सभी गुरुजनों ने भी बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

# भूजल स्तर एवं भूजल संबंधी विषयों पर तीन दिवसीय कार्यशाला की हुई शुरूआत



- भारत सरकार जल शक्ति मंत्रालय द्वारा भूजल मुद्दों से निपटने की तकनीकियों से कराया गया अवगत
- कार्यशाला में बताई गई बातें मैदानी स्तर पर कार्य करने में होंगी सहायक-कलेक्टर नम्रता गांधी

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

जिले में लगातार गिरते हुए भू जल स्तर एवं भू जल से सम्बंधित विषयों को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार जल शक्ति मंत्रालय, जल संसाधन नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग, केन्द्रीय जल बोर्ड द्वारा जिला पंचायत सभाकक्ष में स्थानीय स्तर पर भूजल प्रबंधन के सम्बंध में तीन दिवसीय द्वितीय कार्यशाला की शुरूआत की गई। इस अवसर पर कलेक्टर नम्रता गांधी ने कहा कि नगरीकरण और औद्योगिकीरण की तीव्र गति व बढ़ता प्रदूषण तथा जनसंख्या में लगातार वृद्धि के साथ प्रत्येक व्यक्ति के लिए पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना एक बड़ी चुनौती है। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है कई हिस्सों में पानी की समस्या उत्पन्न हो रही है। हर साल यह समस्या पहले के मुकाबले और बढ़ती जाती है, लेकिन हम हमेशा यही सोचते हैं बस जैसे-तैसे गर्मी का सीजन निकाल जाये बारिश आते ही पानी की समस्या दूर हो जायेगी और यह सोचकर जल सरंक्षण के प्रति नागरिक उदासीन हो जाते हैं। आज आयोजित इस कार्यशाला में आप सभी को जल संरक्षण के संबंध में जो बातें बताई जायेंगी, वह आपको मैदानी स्तर में कार्य करने में सहायक होंगी। आप सभी कार्यशाला में बताई गई बातों को गंभीरता से सुनें और समझें। कार्यशाला में रिजनल डायरेक्टर प्रवीर कुमार नायक ने वर्षा जल संचयन, गिरते हुए जल स्तर के लिए कृत्रिम पुनर्भरण तथा जिले में स्थानीय स्तर पर भूजल मुद्दों से निपटने की तकनीकियों से अवगत कराया। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि पानी के अनियमित दोहन के कारण भूजल स्तर में लगातार गिरावट आ रही है। इसके लिए आवश्यक है कि हम सभी पानी का सही उपयोग करना सीखें। कार्यशाला में वैज्ञानिक प्रियंका सोनबरसे ने पावर प्वाईंट प्रजेंन्टेशन के जरिए भूजल के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव, आयुक्त नगर निगम धमतरी विनय पोयाम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कार्यशाला में धमतरी शहर में किये जा रहे छाफ्फ्ड अध्ययन की बारिकी से चर्चा की गई। साथ ही जल प्रदूषण एवं जल की समस्या के बारे में विस्तार से चर्चा की गयी।

# जिले के टॉपर बने जिंदल वर्ल्ड के यश अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल सीबीएसई बोर्ड के घोषित परीक्षा परिणाम में नवगठित सक्ति जिले में सक्ति के कंचनपुर स्थित जिंदल वर्ल्ड स्कूल के छात्र यश अग्रवाल ने 95.6त्न अंक अर्जित कर जिला टॉपर होने का गौरव हासिल किया है, जिस पर विद्यालय प्रबंधन सहित क्षेत्र वासियों ने उन्हें उनके सफलता पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

कोरबा की समृद्धि अग्रवाल बनी **सीबीएसई बोर्ड में जिले की सेकंड टॉपर-** कोरबा के प्रतिष्ठित व्यवसायी विजय प्रकाश अग्रवाल एवं अर्चना अग्रवाल कोसाबाड़ी कोरबा की मेधावी बिटिया कुमारी समृद्धि अग्रवाल ने देहली पब्लिक स्कूल कोरबा से सीबीएसई की 12वीं बोर्ड परीक्षा में 98.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर कोरबा जिले के सेकंड टॉपर होने का गौरव प्राप्त किया है, समृद्धि है इस सफ्लता पर जहां कोरबा शहर वासियों एवं समाज बंधुओ ने उन्हें बधाई तथा शुभकामनाएं दी है। संस्कृति अग्रवाल ने सीबीएसई की 12वीं बोर्ड में प्राप्त किए 93% सक्ती- सीबीएसई की बारहवी बोर्ड में 93% अंक प्राप्त कर संस्कृति अग्रवाल ने अपने माता पिता का नाम रोशन किया है । वह शुरू से ही मेधावी रही हैं। उनके बड़े भाई सुयश कुमार अग्रवाल ने भी एमबीए की परीक्षा CAT में 99.92% लाकर छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। संस्कृति को आगे चलकर डॉक्टर बनना है। उनके पिता सत्येंद्र कुमार अग्रवाल छत्तीसगढ़ प्रांतीय विकलांग चेतना परिषद के प्रदेश अध्यक्ष के साथ ही समाजसेवी एवं व्यवसायी हैं और माता निशा अग्रवाल इंश्योरेंस कंसल्टेंट के साथ ही छत्तीसगढ़ प्रदेश में विभिन्न सामाजिक, धार्मिक संगठनों में प्रमुख पदों पर अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन कर रही हैं।

**संस्कृति गौतम का सुयश, 12 वीं बोर्ड में मिले 90% अंक-** प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार एवं छग जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम की सुपुत्री कु. संस्कृति गौतम ने 12वीं सीबीएसई की परीक्षा में कॉमर्स विषय में 90% अंक लाकर द्रोणाचार्य पब्लिक स्कूल रायपुर सहित पूरे परिवार को गौरवान्वित किया, कु.संस्कृति शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रही है साथ ही मार्शल आर्ट में ब्लैक बेल्ट की डिग्री के साथ राष्ट्रीय स्तर पर उसने मेडल भी अर्जित किया है। इसके पूर्व भी संस्कृति के बड़े भाई संकल्प गौतम ने 12वीं सीबीएसई कॉमर्स में डीपीएस राजनांदगांव में प्रथम स्थान किया था,संस्कृति की उपलब्धि पर परिजनों सहित इष्ट मित्रों ने बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। छत्तीसगढ़ जनर्लिस्ट वेलफेयर यूनियन परिवार ने भी संस्कृति की इस सफलता पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# पुलिसकर्मियों के लिए डॉ.हीरा महावर के हॉस्पिटल में निशुल्क नेत्र शिविर का किया आयोजन

- लगभग 50-60 पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों ने लिया नि शुल्क चिकित्सा का लाभ

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय की उपस्थिति में मॉ सरस्वती के फोटो में दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर नि शुल्क नेत्र शिविर का शुभारंभ किया गया। स्वयं सेवी डॉक्टर हीरा महावर द्वारा पुलिस के अधिकारी कर्मचारियों के लिए अपने हॉस्पिटल में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे पुलिस विभाग के पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों की निःशुल्क नेत्र जाँच की गई एवं चश्मे के नंबर भी दिये गये। नेत्र शिविर में आये सभी पुलिस अधिकारी कर्मचारियों को आवश्यक नेत्र के संबंध में उचित परामर्श दिया गया। शिविर के आयोजन से समय रहते पुलिस अधिकारी कर्मचारियों के नेत्र से संबंधित बीमारियों से बच सकते हैं एवं यातायात पुलिस कर्मियों के लिए धूल एवं अल्ट्रावायलेट किरण से बचने विशेष चश्मा लगाने की सलाह दी गई। साथ ही उन्हें नेत्र के प्राथमिक स्तर पर ही परेशानी की जानकारी प्राप्त हो जाती है जिससे वह समय रहते उपचार लेकर अपने ऑख को स्वस्थ्य रख सकते हैं। उक्त निशुल्क नेत्र शिविर में डीएसपी ट्रैफिक मणिशंकर चंद्रा, स्टेनो अखिलेश शुक्ला, उनि प्रेम प्रसाद उपाध्याय, सउनि चंद्रशेखर देवांगन, रामकृष्ण साहू, रिखी राम साहू, घनश्याम वर्मा सहित रक्षित केन्द्र धमतरी, थाना कोतवाली, थाना रूद्री, थाना अर्जुनी एवं यातायात के लगभग 50 से 60 पुलिस अधिकारी कर्मचारियों ने लाभ लिया।

# शहर की जन समस्याओं को लेकर भाजपाइयों ने की कलेक्टर टोपनो से मुलाकात

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



शहर में कांग्रेस के शासनकाल में जहां बुधवारी बाजार क्षेत्र में प्रशासन ने भयंकर तोड़फोड़ कर सैकड़ो परिवारों को बेघर कर दिया, तो वहीं आज तक इन बेघर परिवारों के पुनर्वास की कोई व्यवस्था नहीं की गई, साथ ही जिस उद्देश्य से बुधवारी बाजार में तोड़फोड़ की गई थी, वह उद्देश्य से भी आज तक पूरा होता नजर नहीं आ रहा है, साल भर से तोड़फोड़ स्थल पर सड़क बन रही है, जो की कछुआ गति से काम चल रहा है, उसे देखकर ऐसा लगता है कि 2 साल और लगेंगे, इन्हीं सब बातों को देखते हुए प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी भी सक्रिय हो गए हैं,एवं 13 मई को भारतीय जनता पार्टी शक्ति जिले के उपाध्यक्ष एवं नगर पालिका परिषद शक्ति के पूर्व एल्डरमेंन मांगेराम अग्रवाल के नेतृत्व में पार्टी के पदाधिकारीयो ने शक्ति कलेक्ट्रेट पहुंचकर इस कलेक्टर अमृत विकास टोपनो से मुलाकात की, इस दौरान भाजपा नेताओं ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के सफलतापूर्वक संपादन हेतु जहां कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी का आभार व्यक्त किया, तो वहीं भाजपा पदाधिकारीयो ने बताया कि शहर में भीषण गर्मी के चलते जल संकट गहराने लगा है, तथा पेयजल की समुचित व्यवस्था की जाए एवं शहर में जिन-जिन वार्डों में पानी की किल्लत है वहां प्रशासन व्यवस्था करें एवं शहर के सभी सरकारी बोरों को भी दुरुस्त कर बेहतर पानी आपूर्ति करने की दिशा में पहल की जाए,एवं नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक- 1, 2 एवं 3 में जहां मुक्तिधाम जाने के लिए सड़क की समुचित व्यवस्था नहीं है तो वहीं नगर में अनेकों स्थानों पर सक्रिय मार्गों के चलते यातायात व्यवस्था आए दिन बाधित होती रहती है एवं यातायात व्यवस्था का जहां दुरुस्तीकरण करवाया जाए,तो वहीं कांग्रेस के शासन में बुधवारी बाजार में हुई तोड़फोड़ के प्रभावित परिवारों को आज तक पुनर्वास की सुविधा का लाभ नहीं मिल पाया है, नहीं दुकानदारों को रोजगार के आभाव में आज भी बेरोजगार घूम रहे हैं।

# किराये मकान पर रह रहे किरायेदारों की जांच के लिए पुलिस ने चलाया अभियान

## मकान मालिक व किरायेदार को सत्यापन कराने दी गई हिदायत



पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा-निर्देशन पर जिले में किरायेदारों, घरेलू नौकरों, फेरीवाले व मुसाफिरों के सत्यापन का अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को रायगढ़ जिले के थाना चक्रधरनगर के अम्बेडकर आवास, थाना कोतरारोड़ के किरोड़ीमलनगर, चिराईपानी क्षेत्रों में पुलिस टीमों ने सघन भौतिक सत्यापन अभियान चलाया जिसमें पुलिसकर्मियों ने किरायेदारों, घरेलू नौकरों, बाहरी व्यक्तियों को की जांच की। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने मकान मालिक और किरायेदारों को जिले में आने वाले प्रत्येक बाहरी व्यक्ति का भौतिक सत्यापन होना अनिवार्य बताते हुए मकान मालिकों को किरायेदार रखने पर उनका भौतिक सत्यापन करवाने कहा गया तथा ऐसा नहीं करने पर वैधानिक कार्रवाई की जानकारी दी गई। किरायेदारों और बाहरी व्यक्तियों के भौतिक सत्यापन की यह मुहिम आगे भी जारी रहेगी।

# कोलता समाज ने देनिशा प्रधान का किया सम्मान



पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

बाबा बिशासहे कुल कोलता समाज सरायपाली अंचल द्वारा छग माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में प्राविण्य सूची में 9 वां स्थान प्राप्त कसलबा निवासी कु देनिशा प्रधान पिता करुणा सागर प्रधान का स्मृति चिह्न, श्रीफल एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। संभागीय अध्यक्ष गिरधारी साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष नंदकिशोर भोई, आंचलिक उपाध्यक्ष जयंत बारीक ने देनिशा के इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए समाज के लिये गौरव बताया। बेटियां भी शिक्षा के क्षेत्र में नई मुकाम हासिल करने में सफल हो रही हैं। देनिशा को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इनकी इस उपलब्धि से समाज की बेटियों को प्रेरणा मिलेगी। कार्यक्रम का संचालन आंचलिक सचिव भूपेन्द्र भोई ने एवं विधिक सलाहकार दिलीप भोई ने सभी का परिचय कराया। इस अवसर पर कुल कार्यकारिणी सदस्य किशोर भोई, हेमसागर प्रधान, झिलमिला शाखा सभा सचिव महेश नायक, कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष सूर्यकांत बारीक, सचिव अशोक साहू, व्यापारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष नरोत्तम बारीक, युवा प्रकोष्ठ संभागीय उपाध्यक्ष हीरालाल प्रधान सहित परिवार के सदस्य व ग्रामवासी करुणा प्रधान, नरसिंह प्रधान, प्रमोद प्रधान, छविलाल, कविराज साहू, अजय प्रधान, अशोक प्रधान, हेमंत प्रधान आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी कमलेश साहू ने दी।

# मंदिरों में हुई चोरियो का पुलिस ने किया खुलासा

## थाना अर्जुनी एवं सायबर टीम द्वारा मुजगहन, पोटियाडीह, कलारतराई, परसतराई के मंदिरों में हुई चोरी का किया खुलासा

- आरोपियों के कब्जे से नगदी रकम 5340 रूपये एक घंटा, एक कलश, लोटा तथा घटना में प्रयुक्त एक मोटर सायकल किया गया जब्त



पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

थाना अर्जुनी के अपराध क्रमांक 456/23, 457/23, 62/24, 161/24, 162/24 में ग्राम मुजगहन, पोटियाडीह, कलारतराई, परसतराई के मंदिरों में चोरी की घटना घटित हुई थी जिस पर अर्जुनी थाना में धारा 457,454,380,34 भादवि कायम कर विवेचना में लेकर पता साजी की जा रही थी। थाना अर्जुनी तथा सायबर सेल की टीम द्वारा चोरी की घटना में शामिल आरोपियों को तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिर सूचना एवं पुलिस को मिले सीसीटीवी फुटेज के आधार पर थाना अर्जुनी तथा सायबर सेल द्वारा मिलकर आरोपीगण को हिरासत में लेकर कडाई से पूछताछ किया गया जिसमें रूपेश रात्रे उम्र 23 साल, प्रीतम सोनी उम्र 19 साल, गजराज नेताम उम्र 21 साल, तुरेंद्र बघेल उम्र 23साल,सुनील साहू उम्र 22 साल द्वारा मोटर साइकल में घूम घूम कर मंदिरों में चोरी की वारदात को अंजाम देते थे, अभी हॉल ही में 05/05/24 एवं 07/05/24 ग्राम मुजगहन तथा पोटियाडीह के मंदिर में चोरी किए थे पूछताछ में आरोपियों द्वारा अपना अपराध स्वीकार किया गया आरोपियों के कब्जे से प्राप्त नगदी रकम 5340 एक घंटा, एक कलश लोटा तथा घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकल क्रमांक सीजी 05 एपी 0192 को जब्त कर आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है। उक्त कार्यवाही में थाना अर्जुनी से उपनिरीक्षक पुष्पकार, मंडलेश्वर सहायक उप निरीक्षक अमित सिंग, प्रधान आरक्षक अनूप साहू, म.प्रआर. मधुलिका टिकरिहा, विजय बैरागी, आरक्षक खेमू हिरवानी तथा सायबर सेल से निरीक्षक सन्नी दुबे, देवेंद्र, विकास दिवेदी, कृष्णा पाटिल, मनोज साहू का विशेष योगदान रहा।

# एनएचआई के साथ श्यामतराई, संबलपुर बायपास क्रासिंग के पास का किया गया सयुक्त निरीक्षण एवं दुर्घटना रोकथाम के दिये सुझाव

- हाई मास्क लाईट को चालू कराने के लिए भी किया गया निर्देशित

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com




पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशानुसार उप पुलिस अधीक्षक यातायात मणिशंकर चन्द्रा एवं यातायात पुलिस द्वारा दुर्घटनाओं में कमी लाने सुगम यातायात व्यवस्था बनाने निरंतर सुरक्षात्मक उपाय किया जा रहे हैं। श्यामतराई संबलपुर बायपास क्रासिंग के पास हो रहे सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम एनएचआई के अधिकारियो के साथ पूनः निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उक्त स्थान पर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु श्यामतराई संबलपुर बायपास मोड़ के पास पूर्व से बने मार्ग में रास्ता बंद है। ड्रायवर्सन बोर्ड क्रांसिंग से मोड़ के 20 मीटर आगे तक डेलिनेटर, केट आई, क्रांसिंग से पहले 50 मीटर रंबल ब्रेकर के साथ सोलर केट आई एंव गति सीमा बोर्ड लगाने निर्देशित किया गया। साथ ही बायपास में लगे हाई मास्क लाईट को जनरेटर के माध्यम से चालू कराकर परीक्षण किया गया एंव एनएचआई को जल्द से जल्द विद्युत विभाग से संपर्क कर बिजली आपूर्ति कराकर हाई मास्क लाईट को चालू कराने निर्देशित किया गया। निश्चित ही हाई मास्क लाईट चालू होने से सड़क दुर्घटनाओ में कमी आयेगी। यातायात पुलिस आमजनो से अपील करती है कि यातायात नियमो का पालन कर यातायात पुलिस का सहयोग करें।

**महिलाओ ने शानदार रोचक सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति भी दी, प्रदेश स्तरीय महिला सम्मेलन व प्रतिभा सम्मान समारोह धमतरी में संपन्न**

# छ.ग.मराठा समाज ने महिला प्रतिभाओं का सम्मान व सम्मेलन का किया आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com





मातृत्व दिवस के शुभ अवसर पर छ ग मराठा समाज महिला प्रकोष्ठ द्वारा प्रदेश स्तरीय महिला सम्मेलन व प्रतिभा सम्मान समारोह छत्रपति शिवाजी मराठा मंगल भवन धमतरी में दिनभर विविध कार्यक्रम के संग आयोजित हुआ। समाज सेवा समेत अन्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली अलग अलग जिलो से चयनित 13 महिलाओं का सम्मान किया गया। वरिष्ठ व जूनियर महिलाओ ने रोचक सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति दी। जिसमे यादे और स्मिता महाड़िक व फ्रेंड्स समूह रायपुर व निशक्त धमतरी कविता बाबर समूह तथा बारह मासी गीत संगीत -रानी जाधव व समूह बिलासपुर इस प्रकार तीनो ही प्रस्तुति ने दर्शक दीर्घा को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 11 बजे हुआ। इस दौरान मां तुलजा भवानी के तैलचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता छग मराठा समाज अध्यक्ष अरुण राव घाडगे, छग मराठा समाज महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष कविता योगेश बाबर ने की। प्रारंभिक उदबोधन स्वागत उदबोधन नीता रणसिंह जिलाध्यक्ष धमतरी ने देकर महिला सम्मेलन के आयोजन के महत्व पर प्रकाश डाला। इसी कड़ी जिलाध्यक्ष दीपक राव लोंढे ने कहा कि समाज मे महिलाओ को बराबरी का दर्जा है अतः हमे समाज की एकता व अखण्डता को बनाये रखने सबका सम्मान करना है। उन्होने इस महत्वपूर्ण कार्य क्रम की सफलता की कामना भी की। प्रदेश अध्यक्ष अरुण राव घाडगे ने कहा कि आज के दौर में महिलाएं, पुरुषों से आगे बढ़ रही हैं। महिलाएं हर क्षेत्र में कदम रख चुकी हैं। उन्होंने कहा कि समाज को एकजुट रहना है। आगामी दिनों समाज के युवाओं के लिए युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन होगा, जिसमें प्रदेश के अलावा अन्य राज्यों से समाज जन शामिल होंगे। मुख्यअतिथि के रूप में मां बम्लेश्वरी जनहितकारी समिति दिव्य तपस्विनी चेरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष पद्म फूलबासन बाई यादव, हाईकोर्ट नागपुर बैंच अध्यक्ष व अधिवक्ता स्मिता सरोडे सिंगलकर, राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच व सैन्य मनोविज्ञानी राष्ट्रीय महासचिव वर्णिका शर्मा, कवियित्री डॉ मीना बंधन थीं। सभी वक्त्ताओ ने महिलाओ के बिना परिवार की कल्पना को नकारा उन्होने कहा कि यदि कोई महिला का सम्मान घर पर नही हुआ और जिस घर पर महिला के आखो मे किसी भी कारण से आसू आ गया तो समझो उस घर पर दुख का प्रवेश हो गया। डा वर्णिका शर्मा ने अपनी सुन्दर कविता से सबका मन मोह लिया है। अधिवक्ता स्मिता सरोडे सिंगलकर ने कहा की भारतीय सविंधान ने नारी शक्ति को बहुत से अधिकार दिये है जिसको सबको जानने व समझने की ज़रूरत है आज के इस आधुनिक युग में नारी अबला नहीं सबला की भूमिका में है। डा मीना बंधन ने सभा को संबोधित करते हुवे कहा की मातृ शक्ति में वो क्षमता होती है की वो अगर ठान ले तो कोई भी लक्ष्य कठिन नहीं है ज़रूरत है तो परिश्रम से उसे पाने की अध्यक्षता कर रही कविता योगेश बाबर ने अतिथियो के प्रति ह्रदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा की आज जो अतिथि हमारे बीच उपस्थित हुवे है।

# विचक्षण जैन विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत परिणाम प्राप्त कर विद्यालय के साथ नगर को भी गौरवान्वित किया

**कुम्हारी।** सीबीएसई में विचक्षण जैन विद्यापीठ कुम्हारी के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यार्थियों ने 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में असाधारण प्रदर्शन किया है। विद्यार्थियों ने माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तर की परीक्षा में 100 परिणाम प्राप्त कर विद्यालय एवं नगर को भी गौरवान्वित किया है। कक्षा 12वीं में वाणिज्य स्ट्रीम में साक्षी बरलोटा ने 96.2 और विज्ञान स्ट्रीम में प्रखर कोचर ने 90.8 अंक प्राप्त किए। विशेष ध्यान देने योग्य बात यह है कि समस्त विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम प्रथम श्रेणी में रहा। कक्षा 10वीं में ऋषभ चोपड़ा ने 93.4 और वेदांत जैन ने 91.2 अंक प्राप्त किया है । विद्यालय के विद्यार्थियों ने दोनों बोर्ड परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन किया है। वीजेवी परिवार ने सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को उनके इन प्रयासों और उपलब्धियों के लिए बधाई दिया है।



## संपादकीय

# केजरीवाल को जमानत चुनाव पर असर

**अरविंद केजरीवाल** को चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत मिल गई है जिससे चुनाव थोड़ा और जटिल हो सकता है। प्रवर्तन निदेशालय द्वारा करोड़ों रुपयों के 'शराब घोटाले' में संलिप्तता के आरोप में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 50 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा गया था, लेकिन अब अंतरिम जमानत मिलने से उनका चुनाव प्रचार में प्रवेश हो गया है। अपनी बड़बोली शैली के लिए जाने जाने वाले आम आदमी पार्टी-आप नेता ने अपने भाषण से 'भाजपा समर्थक' मतदाताओं में यह कह कर भ्रम पैदा करने का प्रयास किया कि प्रधानमंत्री मोदी 75 वर्ष की आयु पूरे होने पर सेवानिवृत्त हो जाएंगे और अमित शाह को प्रधानमंत्री बना देंगे। स्वयं अमित शाह ने इसका खंडन करते हुए कहा कि भाजपा के संविधान में ऐसा कोई प्राविधान नहीं है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मोदी न केवल तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे, बल्कि वे 2029 में भी पार्टी का नेतृत्व करेंगे।

विपक्ष के कुछ नेताओं को केजरीवाल की अंतरिम जमानत से खुशी हो सकती है, लेकिन कांग्रेस को चिन्ता है कि 'आप' उसे नुकसान पहुंचा सकती है। 'आप' पर निकट अतीत में लगे भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों के कारण जनता में उसकी छवि को भारी धक्का लगा है। विडंबना है कि अन्ना हजारे के नेतृत्व वाले 'भ्रष्टाचार-विरोधी आंदोलन' से उपजी आम आदमी पार्टी स्वयं भ्रष्टाचार के कीचड़ में गले तक डूब गई है। पार्टी के कई नेता व पूर्व मंत्री जेल की सलाखों के पीछे हैं। मजेदार बात है कि इन नेताओं को केजरीवाल 'कट्टर ईमानदार' होने का प्रमाणपत्र देते रहते थे। अब स्वयं 'आप' नेता व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की



'शराब घोटाले' में गिरफ्तारी से पार्टी की छवि मिट्टी में मिल गई है। केजरीवाल को सर्वोच्च न्यायालय ने कठोर शर्तों के साथ अंतरिम जमानत दी है और उनको 2 मई को पुन: पुलिस के समक्ष पेश होना है। ऐसे में केजरीवाल पार्टी के लिए चुनाव प्रचार के साथ ही संभवत: 'वारिस' की तरह दिल्ली की मुख्यमंत्री के रूप में अपनी पत्नी को विधायकों से स्वीकृति दिलाने का प्रयास करेंगे। केजरीवाल की रिहाई से पंजाब और दिल्ली में 'आप' की संभावनाओं पर ज्यादा असर पड़ने की उम्मीद नहीं है। पंजाब में पहले ही बहुकोणीय मुकाबले हो रहे हैं, जहां भगवंत मान सरकार का प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा है। यहां भाजपा तथा अकाली दल 'आप' सरकार पर लगातार हमलावर हैं। मुख्यमंत्री मान पर आरोप है कि वे पंजाब की समस्याओं पर ध्यान देने के बजाय 'आप' प्रचारक का काम कर रहे हैं। केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद आम आदमी पार्टी उनको 'लोकतंत्र सेनानी' की तरह पेश कर जनता से भावनात्मक समर्थन मांग रही थी। अब उनकी अंतरिम जमानत पर रिहाई से उसका यह 'कार्ड' बेकार हो गया है। इसके साथ ही खासकर दिल्ली में भाजपा को आम आदमी पार्टी तथा केजरीवाल के भ्रष्टाचार के खिलाफ और तीखे हमले करने का बेहतर मौका मिल गया है। अब वह लोकसभा चुनाव में सीधे केजरीवाल से भ्रष्टाचार के आरोपों पर जवाब मांग सकती है। भाजपा ने केजरीवाल की रैली के बाद दिल्ली में अपने सिख समर्थकों की विशाल मोटरसाइकिल रैली निकाल कर मजबूत जनाधार का परिचय दे दिया है। केजरीवाल भले ही अपने बड़बोले व हास्यास्पद बयानों से मीडिया में सुर्खियां बटोर लें, पर इससे वे 'भाजपा समर्थकों' में भ्रम पैदा करने में सफल नहीं होंगे। वैसे भी अब आम जनता में आम आदमी पार्टी-आप की छवि पहले जैसी नहीं रह गई है।

# पाकिस्तानी सेना का कठोर शिकंजा

### सैनिक अवस्थापना से टकराव के कारण इमरान खान का पतन हुआ है। इमरान खान अपने इस दृष्टिकोण के कारण और ज्यादा अलग-थलग हुए हैं।



**भोपिंदर सिंह**
(लेखक, सेवानिवृत्त सेनाधिकारी हैं)



**पाकिस्तान** में सैनिक अवस्थापना से टकराव के कारण इमरान खान का पतन हुआ है। इमरान खान अपने इस दृष्टिकोण के कारण और ज्यादा अलग-थलग हुए हैं। पाकिस्तान में सेना का वर्चस्व देश में शुरू से ही बना हुआ है। पाकिस्तानी सेना का देश के समाज और विचारधारा पर भी व्यापक प्रभाव है। पाकिस्तानी सेना के इसी व्यापक प्रभाव की चर्चा करते हुए अमेरिकन विद्वान स्टीफेन कोहेन ने अपने लेख 'पाकिस्तान: आर्मी, सोसाइटी एंड सिक्यूरिटी' में लिखा है, 'दुनिया में ऐसी सेनायें हैं जो देश की सीमाओं की रक्षा करती हैं, लेकिन कुछ सेनाओं को समाज में अपनी स्थिति बनाए रखने की चिन्ता होती है। कुछ सेनायें ऐसी भी होती हैं जो किसी लक्ष्य या विचार की रक्षा करती हैं। पाकिस्तानी सेना ये तीनों काम करती है।' हालांकि, पाकिस्तानी सेना एक ऐसी सेना है जिसने कभी कोई युद्ध नहीं जीता है। इनमें 1947-48, 1965, 1971 या 1999 के युद्ध शमिल हैं। पाकिस्तानी सेना वर्तमान समय में ड्यूरंड रेखा के दोनों ओर 'धार्मिक अतिवादी' तत्वों को सीमित रखने के लिए कठिन संघर्ष कर रही है। यह पाकिस्तानी समाज का अंतिम ऐसा संस्थान है जो शुद्धतावाद के ऐसे रास्ते पर चला है जो पहले से ही जर्जर पाकिस्तान को भारी नुकसान पहुंचा रहा है। यह तर्क दिया जा सकता है कि पाकिस्तानी सेना ने सत्तारूढ़ त्रयी के अन्य दो हिस्सों-सिविलियन राजनेताओं तथा धर्मगुरुओं के साथ मिल कर संप्रभु के प्रति जिम्मेदारी नहीं निभाई है। यह भी कहा जा सकता है कि अपने तमाम हथकंडों और कमियों के बावजूद पाकिस्तानी 'अवस्थापना' या सेना अब भी पाकिस्तानी राज्य का विघटन रोकने और उसे रक्षा देने में सक्षम एकमात्र संस्थान है।

पाकिस्तान में जमीन से कटे राजनेता और धर्मगुरु नस्लवाद, क्षेत्रवाद व अन्य कबीलाई आधारों पर विभाजन के प्रयास करते रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद अनुशासित व 'एकरूपी' पाकिस्तानी सेना ब्रिटिश राज से विरासत में मिली अपनी विविधताओं को बलूच रेजीमेंट, फ्रंटियर फोर्स रेजीमेंट, पंजाब रेजीमेंट, सिंध रेजीमेंट, आदि के माध्यम से एकजुटता सुनिश्चित करती रही है। जनरल जियाउल हक या हमीद गुल जैसी कुछ विकृतियों को छोड़ दें तो यह संस्थान तुलनात्मक रूप से पश्चिमीकृत, मध्यमार्गी तथा समावेशी रहा है। इसने पूरी ताकत से बजट में अपने अधिक आबंटन तथा अपने तरीकों व हितों की रक्षा की है तथा यह सुनिश्चित किया है कि वह हमेशा औपचारिक या अनौपचारिक रूप से अपना वर्चस्व बनाए रखे और अपने अधिकार की रक्षा करे। उसने बिना किसी वैचारिक आधार के अवस्थापनाओं का चयन किया है तथा अपने दृष्टिकोण पर चलने या न चलने वालों को सत्ता में लाने या उससे हटाने का काम किया है। उसे विरोधाभासों और बदलती पसंदों की जरा भी चिन्ता नहीं रही है। उसने भुट्टो की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी-पीपीपी तथा शरीफ की पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज़-पीएमएलएन को चुनने में यही दृष्टिकोण अपनाया। 2018 में 'अवस्थापना' ने पीपीपी और पीएमएल-एन, दोनों से मुक्ति पाने के लिए इमरान खान की पाकिस्तान तहरीके इन्साफ-पीटीआई का 'चयन' सरकार चलाने के लिए किया, हालांकि पड़ोसी रावलपिंडी ने जनरलों ने जंजीरों से उसे खींचना जारी रखा।

लेकिन उन्होंने पूरी गंभीरता से इस तथ्य पर विचार नहीं किया था कि मियांवाली का यह पठान अपनी अपरिपक्वता के कारण अपनी शक्ति बढ़ाने का काम करने लगेगा और इस प्रकार अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मारेगा। इमरान ने गलती से सोच लिया था कि वे इतने बड़े हो गए हैं कि पाकिस्तानी 'अवस्थापना' की जकड़ से बाहर निकल सकते हैं। यह सोचना उनकी भारी गलती थी। एक जिद्दी, बड़बोले व चीख-पुकार मचाने वाले इमरान खान को सत्ता से हटा दिया गया और अतीत के कुछ अन्य चेहरों की तुलना में उनका भारी अपमान भी किया गया। यह पाकिस्तानी राजनीति के लिए महत्वपूर्ण सबक था। इससे स्पष्ट हुआ कि हवा उलटने पर जनरलों को अच्छी लगने वाली कोई भी राजनीतिक शक्ति सत्ता में वापस आ सकती है। इनमें शायद जिद्दी इमरान खान जैसे लोग शामिल नहीं हैं जो इतिहास में जीवित हैं तथा इतिहास से कोई सबक लेने को तैयार नहीं हैं। उनके कार्यकर्ताओं ने '9 मई' को दंगों और लूट की ऐसी योजना बनाई जिससे कोई बचा नहीं। इसमें छावनियों और जनरलों के आवास भी शामिल थे जो एक प्रकार से 'प्रतिबंधित' क्षेत्र थे।

ऐसे में पाकिस्तानी 'अवस्थापना' ने वही काम किया जो वह बहुत अच्छी तरह कर सकती है। उसने इमरान खान की लोकप्रियता की जरा भी चिन्ता किए बिना उनके पार्टी कार्यालय और कार्यकर्ताओं पर हमला बोल दिया। यह तर्क दिया जाता था कि इमरान खान बहुत लोकप्रिय नेता हैं, जबकि भुट्टो और शरीफ परिवार बहुत बदनाम हो चुके हैं। लेकिन पाकिस्तानी सेना के आर्शीवाद से आज वही सत्ता में हैं। इस प्रकार जिद्दी इमरान खान ने स्वयं को एक कटघरे में बंद कर लिया है और पाकिस्तानी सेना के खिलाफ खड़े होने के कारण उनकी पहचान संकट में है। पाकिस्तानी सेना इमरान खान को वापसी का कोई मौका नहीं देना चाहती है। ऐसे में इमरान खान की सफलता का एकमात्र रास्ता यही है कि वे अपनी वर्तमान रणनीति उलटना है जिससे पाकिस्तानी सेना ज्यादा प्रासांगिक बन जाएगी। लेकिन यह एक काल्पनिक स्थिति है। इसके साथ ही वर्तमान स्थितियों को देखते हुए एक संप्रभु राष्ट्र के रूप में पाकिस्तान का बने रहना भी संकट में है। इमरान से सुलह-समझौते के मामले में सेना में विभाजक रेखायें गहरी होती जा रही हैं। सेना का 'माउथपीस' कजे जाने वाले इंटर सविर्सेज़ पब्लिक रिलेशन-आईएसपीआर ने जोर दिया है कि पीटीआई के साथ संवाद तभी संभव है जब वह 'सार्वजनिक रूप से पूरे देश के समक्ष ईमानदारी से अपने कृत्यों के लिए माफी मांगे।' उसने यह भी कहा है कि पीटीआई को 'रचनात्मक राजनीति' करनी चाहिए तथा 'अराजकता की राजनीति' से बचना चाहिए। स्पष्ट रूप से आईएसपीआर या सेना की ऐसी मांगें मानना इमरान खान की पार्टी पाकिस्तानी तहरीके इन्साफ-पीटीआई के लिए आत्मघाती होगा। यदि अनेकानेक नाटकीय घटनाओं को अंजाम देने के बाद पीटीआई इतना नीचे गिरती है तो उसकी पूरी भूमिका संदिग्ध हो जाएगी। इस प्रकार उसे इतिहास में 'अराजकतावादी' और 'देशद्रोही' के रूप में दर्ज कर लिया जाएगा और पाकिस्तानी जनता के दिमाग में पाकिस्तानी सेना देशभक्ति के प्रतीक के रूप में स्थापित हो जाएगी। सेना और पीटीआई के बीच ऐसी स्थिति पीटीआई के 'फाल्स फ्लैग आपरेशन' के आरोपों को भी ध्वस्त कर देगी। स्पष्ट है कि पाकिस्तानी सेना पीटीआई और इमरान खान को 'अवस्थापना' को चुनौती देने की पूरी सजा देना चाहती है। इस प्रकार पीटीआई से संबंध सामान्य बनाने की उसकी पूर्वशर्त का अर्थ ऐसी कठोर परिस्थितियां तैयार कर देना है जिसमें पीटीआई व इमरान खान अपने दृष्टिकोण में नरमी न ला सकें।

ऐसा लगता है कि देश की वर्तमान स्थितियों से सबक लेते हुए पाकिस्तानी सेना अपने ऐतिहासिक सहयोगी संयुक्त राज्य अमेरिका से संबंध सामान्य बनाने के सारे प्रयास कर रही है। इसका कारण यह है कि इमरान खान ने खासकर अपनी सरकार गिराने के प्रयासों के लिए अमेरिका पर निशाना लगाया था। पाकिस्तानी सेना चीन से समर्थन के मामले में संतुलन बरतते हुए अरब शेखों के साथ संबंध सुधारना चाहती है। वर्तमान समय में पाकिस्तानी सेना अफगानिस्तान में जड़ें जमाए तहरीके तालिबान पाकिस्तान-टीटीपी से भयानक खूनी संघर्ष में उलझी है। उल्लेखनीय है कि इमरान खान या 'तालिबान खान' खासतौर से टीटीपी के प्रति बहुत नरम दृष्टिकोण अपनाते थे। स्पष्ट रूप से पाकिस्तानी राज्य अब उस विद्रोही या अतिवादी दृष्टिकोण से ज्यादा दूर नहीं जा सकता है जिसकी पैरवी इमरान खान ने उसकी ओर से की थी। पाकिस्तान में सारी राजनीति सेना को केन्द्र में रख कर घूमती है, ऐसे में ऐसे में सभी नीतियां, पीटीआई ढांचा तथा व्यक्तिगत रूप से इमरान खान पाकिस्तानी सेना के लिए बलि के बकरे से अधिक और कुछ नहीं हैं। इस स्थिति के लिए कोई और नहीं, बल्कि स्वयं इमरान खान ही दोषी हैं।

# चुनावी दौर में नैतिकता दरकिनार

> तीव्र राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता की विशेषता वाले गर्म राष्ट्रीय चुनावों के बीच, हम नैतिकता और नैतिकता के चिंताजनक क्षरण को देख रहे हैं।

**विनोद बहल**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



**राजनेताओं** के आध्यात्मिक दावे और धर्मनिरपेक्ष प्रतिज्ञाएँ उनके सच्चे उद्देश्यों को झुठलाती हैं। भयंकर चुनावी घमासान से चिह्नित राष्ट्रीय चुनावों की गर्मी और धूल में, हम नैतिकता के साथ मानवता का बदसूरत चेहरा देख रहे हैं। पहली नज़र में, सभी प्रकार के राजनेता अपनी आध्यात्मिक और धर्मनिरपेक्ष साख का प्रदर्शन करते हैं, धार्मिक स्थलों के चक्कर लगाते हैं और धर्मनिरपेक्ष संविधान की शपथ लेते हैं। लेकिन चुनावी रैलियों और आचरण में उनके सार्वजनिक प्रवचन इसके विपरीत हैं क्योंकि वे धोखे और झूठी कहानियों को अपनाते हैं जिसमें सच्चाई सबसे बड़ी क्षति होती है। अपने जहरीले विस्फोटों से, वे अपने अपवित्र व्यवहार का प्रदर्शन करते हैं क्योंकि वे अपने विरोधियों को नीचा दिखाने के लिए चरित्र हनन का सहारा लेने से भी नहीं हिचकिचाते। इस डिजिटल युग में, ढ्ढ का बड़े पैमाने पर उपयोग मामलों को और भी बदतर बना देता है।

आज चुनाव क्षेत्र में जहां धन और बाहुबल एक पर्याय बन गए हैं, हम देखते हैं कि गरिमा, ईमानदारी और बड़प्पन का स्थान लालच, बेईमानी, दुष्टता और अनैतिकता ने ले लिया है। राजनीतिक दलों द्वारा दलबदलू और चुनावी इंजीनियरिंग के लगातार बढ़ते चलन को देखकर हम पाते हैं कि समाज को जाति, समुदाय और धर्म के आधार पर बेधड़क बांटा जा रहा है।

सचमुच, हमारे साथ समस्या यह है कि हम मनुष्य सत्ता और भौतिक संपत्ति की अंधी दौड़ में हैं। यह हमें आध्यात्मिकता से दूर करता है। भौतिकवाद का प्रभाव इतना प्रबल है कि हम आध्यात्मिक प्राणी (परमात्मा/दिव्य आत्मा-ईश्वर का एक घटक) के रूप में अपनी वास्तविक पहचान भी भूल जाते हैं। इसके बजाय, हम भौतिक शरीर और उससे जुड़ी सभी भौतिक संपत्तियों को अपनी पहचान मानते हैं।



भौतिकवाद की चकाचौंध से अंधे होकर हमारा वास्तविक स्वरूप- पवित्रता और बड़प्पन पूरी तरह से धूमिल हो जाता है और हम पाप को गले लगा लेते हैं। और फिर हम भौतिक लाभ और गुप्त उद्देश्यों की पूर्ति के लिए स्वार्थ, धोखाधड़ी, भ्रष्टाचार और आपराधिकता में किसी भी हद तक जाने से गुरेज नहीं करते हैं। धन और शक्ति का हमारा नशा हमें नैतिक दिवालियेपन की ओर ले जाता है और हमसे सुख और शांति छीन लेता है। हमारे पास धन और उच्च पद हो सकते हैं। लेकिन अगर यह हमारे नैतिक मूल्यों और नैतिकता की कीमत पर आता है तो इसका क्या फायदा? ऐसी भौतिक सफलता आनंद से रहित है। मनुष्य इस पृथ्वी ग्रह पर सभी प्रजातियों में से एक सर्वोच्च रचना है और हमें यह दुर्लभ जन्म ईश्वर को जानने और उसके साथ एक होने के मिशन के साथ दिया गया है। ईश्वर की एकता मानवता की एकता की ओर ले जाती है। एक बार जब हममें आत्म-बोध आ जाता है, तो हमारी नकारात्मक प्रवृत्तियाँ धीरे-धीरे दैवीय गुणों का स्थान ले लेती हैं। अपनी आत्मा की पवित्रता बनाए रखने से हम सच्चे इंसान बनते हैं, वास्तविक और शाश्वत सुख और शांति हमारे जीवन में आती है जब हम प्रेम, खुशी और शांति के पावरहाउस एक ईश्वर से जुड़े रहते हैं और आध्यात्मिकता और भौतिकवाद के बीच संतुलन बनाए रखना सीखते हैं।.

तीव्र राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता की विशेषता वाले गर्म राष्ट्रीय चुनावों के बीच, हम नैतिकता और नैतिकता के चिंताजनक क्षरण को देख रहे हैं। राजनेताओं के आध्यात्मिक और धर्मनिरपेक्ष मूल्यों के बाहरी प्रदर्शन के बावजूद, उनके कार्य एक अलग कहानी बताते हैं क्योंकि वे चुनावी लाभ के लिए धोखे और चरित्र हत्या का सहारा लेते हैं। जैसे-जैसे राजनीतिक परिदृश्य पर पैसा और ताकत हावी होती जा रही है, गरिमा और ईमानदारी जैसे सिद्धांतों पर लालच और अनैतिकता हावी होती जा रही है। जाति, समुदाय और धार्मिक आधार पर विभाजन पर आधारित राजनीतिक रणनीतियाँ समाज को और अधिक खंडित करती हैं। मौलिक रूप से, मानवता की शक्ति और भौतिक संपदा की निरंतर खोज ने हमें हमारे आध्यात्मिक सार से दूर कर दिया है। हम अक्सर आध्यात्मिक प्राणी के रूप में अपनी वास्तविक पहचान पर भौतिक संपत्ति को प्राथमिकता देते हैं, जिससे नैतिक पतन होता है और किसी भी कीमत पर स्वार्थी लाभ की प्राप्ति होती है। हालाँकि, सच्ची संतुष्टि हमारी आध्यात्मिक प्रकृति के साथ तालमेल बिठाने और परमात्मा से जुड़ने में निहित है, जो एकता और वास्तविक शांति को बढ़ावा देती है।

## आप की बात

### ऑनलाइन मतदान

**इंटरनेट**, मोबाइल, कंप्यूटर आदि आधुनिक तकनीक की बढ़ती व्यवस्थाओं, कम मतदान प्रतिशत तथा लोगों की बढ़ती व्यस्तताओं को ध्यान में रखते हुए अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित करने के लिए सरकार को ऑनलाइन मतदान का विकास करना चाहिए। आज लाखों मतदाता या तो सफर में रहते हैं या व्यापार-उद्योग अथवा अन्य जरुरी कार्यों में व्यस्त रहते हैं। मोबाईल करीब-करीब सबके हाथों में रहता है। ऐसे में व्यस्त रहने के बावजूद वे उसका उपयोग करके मतदान में कहीं से भी भाग ले सकते हैं। आधार कार्ड या वोटर कार्ड भी सबके पास होता है। अत: उसी के आधार पर वोट करने की सुविधा से मतदान में बढ़ौतरी संभव भी है। फिलहाल आनलाइन मतदान में मतदाता की गोपनीयता, निजता तथा उसके स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान को लेकर कुछ सवाल जरूर उठते हैं, पर उनके तकनीकी समाधान खोजे जा सकते हैं। आनलाइन मतदान से देश के साथ ही विदेशों में पढ़ाई या नौकरी कर रहे भारतीय युवाओ और युवतियों को मतदान प्रक्रिया का हिस्सा बनाया जा सकता है। इससे भारतीय राजनीति की अनेक विकृतियां दूर होंगी तथा देश की युवा पीढ़ी अपनी पूरी क्षमता के साथ राष्ट्रनिर्माण व उसके विकास की दिशा तय करने में उल्लेखनीय भूमिका अदा करेगी। आनलाइन मतदान समय की आवश्यकता है।

– **शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### ऊर्जा से भरे नरेन्द्र मोदी

**केजरीवाल** ने पूछा है कि अगले साल मोदी 75 वर्ष के हो जाएंगे तो क्या उनकी जगह कोई और नेता लेगा? केजरीवाल ने इस संबंध में अमित शाह का नाम लिया, लेकिन अमित शाह ने फौरन इसका खंडन करते हुए कहा कि मोदी 2029 में भी पार्टी का नेतृत्व करेंगे। मोदी अभी जितने मजबूत, ऊर्जावान और उत्साह से लबरेज है उसे देखते हुए उम्र के लिहाज से उन्हें अपने पद से हटने की कोई जरूरत नहीं है और न बीजेपी ऐसा चाहेगी। अमेरिका और रूस के राष्ट्रपति भी उम्रदराज हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति के स्वास्थ्य पर सवाल उठते रहे हैं, फिर भी वे सत्ता का बखूबी संचालन कर रहे हैं। मोदी तो इनके मुकाबले अभी बहुत मजबूत है। यदि विपक्ष यह सवाल उठा रहा है तो क्या वह मान चुका है कि भाजपा फिर से सत्ता में पक्के तौर से आने वाली है? आज न सिर्फ राष्ट्रीय, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मोदी की कार्यक्षमता, बौद्धिकता व त्वरित निर्णय लेने की क्षमता की लोग प्रशंसा करते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस समय विपक्षी नेताओं के तमाम हथकंडों के बावजूद देश के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं। मोदी जी को प्रधानमंत्री पद की जरूरत हो या न हो देश को अभी प्रधानमंत्री के रूप में मोदी और सिर्फ मोदी की जरूरत है।

– **सुभाष बुडावन वाला**, रतलाम

### मनोवैज्ञानिक संघर्ष

**कांग्रेस और भाजपा** के बीच चल रहा चुनावी मनोवैज्ञानिक संघर्ष किसी से छुपा नहीं है। इससे कांग्रेस की मुखरता और भाजपा का रणनीतिक दृष्टिकोण स्पष्ट है। साफ है कि राजनीतिक दल अपना समर्थन मजबूत करने के लिए जनता पर मनोवैज्ञानिक प्रभाव डालना चाहते हैं। ऐसे में जनता को सचेत रह कर केवल मनोवैज्ञानिक रणनीतियों से प्रभावित नहीं होना चाहिए। हमें महत्वपूर्ण मुद्दों जैसे आर्थिक विकास, रोजगार, और सामाजिक न्याय, आदि पर ध्यान देना चाहिए। हमें राजनीतिक दलों के वादों और रणनीतियों के बजाय, उनके पिछले कार्यों, नीति निर्माण तथा राष्ट्रीय प्रगति में उनके योगदान पर ध्यान देना चाहिए। चुनावी माहौल में भावनात्मक अपीलों और निजी हमलों की बाढ़ आ जाती है। राजनीतिक दलों द्वारा व्यक्तिगत हमलों से जनता के लिए अच्छे निर्णय लेने की प्रक्रिया बाधित होती है। एक नागरिक के रूप में हमें अपने मताधिकार का उपयोग जिम्मेदारी से करना चाहिए। राजनीतिक दलों की रणनीतियों को समझते हुए हमें अपने निर्णयों को सही सूचनाओं व तार्किक विश्लेषणों पर आधारित करना चाहिए। भ्रामक सूचनाओं से बचने व सही तथ्यों के लिए आधिकारिक सूत्रों का उपयोग करना भी बहुत जरूरी हो गया है।

**अवनीश कुमार गुप्ता**, आजमगढ़

### मजबूत सरकार आवश्यक

**देश** में चुनावी माहौल है। सारी दुनिया की नजरें भी चुनाव परिणामों तथा नई सरकार के गठन की तरफ लगी हुई हैं। हर देश देखना चाहता है कि भारत में मजबूत सरकार बनती है या मजबूर। वर्तमान वैश्विक स्थितियों में आत्मनिर्भर भारत की छवि उभर रही है। इससे लगता है कि भारत दुनिया में नेतृत्व के लिए तैयार है। भारत ने पिछड़े देशों की सूची से निकलकर ढांचागत निर्माण, विज्ञान एवं तकनीक के विकास, अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने तथा व्यापार व व्यवसाय, आदि क्षेत्रों में जो प्रगति की है, उसके पीछे मजबूत सरकार के संकल्प ही हैं। आज अनेक महाशक्तियां भारत को अपना मित्र मानती हैं तो इसकी एक वजह भारत का व्यवहार और उसकी सबके साथ समान व्यवहार वाली नीति भी है। इसी क्रम को आगे बढ़ाने के लिए केंद्र में अपने पैरों पर खड़ी मजबूत व प्रचंड बहुमत वाली सरकार का गठन होना जरूरी है जो जरूरत के समय तुरंत फैसले ले सके, गठबंधन सहयोगियों के दबाव में न आए तथा पूरे देश के भविष्य में साहसी व लीक से हट कर फैसले ले सके। लोकसभा चुनाव से ऐसे जनादेश की आशा है।

– **अमृतलाल मारू**, इन्दौर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# कठिया में बाल विवाह को रोका गया

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रणबीर शर्मा के आदेशानुसार जिले में बाल विवाह मुक्त करने हेतु संयुक्त टीम जिले में लगातार कार्यवाही कर रही है। विगत दिनों चाइल्ड हेल्पलाईन न. 1098 जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग को विकासखण्ड बेमेतरा के ग्राम कठिया, तहसील बेरला का एक बालक का बाल विवाह की जानकारी प्राप्त हुई थी, जानकारी के आधार पर चन्द्रबेश सिंह सिसोदिया जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं सी.पी. शर्मा महिला एवं बाल विकास अधिकारी के निर्देशानुसार जिला बाल संरक्षण अधिकारी व्योम श्रीवास्तव एवं बेरला परियोजना अधिकारी विद्यानंद बोरकर के मार्गदर्शन में बाल विवाह के रोकथाम हेतु कार्यवाही की गयी। उक्त ग्राम में यदु परिवार के एक बालक का बाल विवाह होने जा रहा था। बाल विवाह किये जाने की सूचना पर महिला एवं बाल विकास विभाग जिला बाल संरक्षण इकाई चाइल्ड हेल्पलाईन 1098 एवं पुलिस विभाग के संयुक्त टीम द्वारा शिकायत प्राप्त होने पर यद् परिवार में बाल विवाह रोकवाया गया। उक्त बालक का विवाह ग्राम झुलना जिला बेमेतरा यदु परिवार से होने जा रहा था। सूचना के पश्चात टीम द्वारा बालक के परिजनों के समक्ष कार्यवाही किया गया। बालक के परिजनों के द्वारा निर्धारित आयु पूर्ण होने के उपरांत ही विवाह किये जाने हेतु अपनी सहमति प्रदान की गई तथा विवाह स्थगित करने की बात कही गई. युवक के परिजनों के कथन अनुसार हमें यह ज्ञात नहीं था कि वर्तमान में मौजूदा कानून के तहत् 18 वर्ष से कम आयु की बालिका एवं 21 वर्ष से कम आयु के बालक का विवाह गैर कानूनी है।

उक्त गठित टीम में पुलिस विभाग की टीम एवं पर्यवेक्षक, परियोजना समन्वयक, सीएचएल पर्यवेक्षक, केस वर्कर सहित समस्त आ.बा. कार्यकर्ता कठिया, ग्राम कोटवार के द्वारा समझाईस दिये जाने पर वर पक्ष द्वारा उक्त बालक का विवाह वर्तमान में मौजूदा कानून के तहत् विवाह किये जाने की शपथपूर्वक कथन किया गया। संयुक्त टीम द्वारा उन्हे बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 में उल्लेखित प्रावधानों के बारे में बताया गया कि निर्धारित आयु पूर्ण होने के पूर्व विवाह करवाना अपराध है, बाल विवाह कराने वाले सभी सेवा प्रदाताओं पर भी कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। जो व्यक्ति ऐसा करता या कराता है या विवाह में राहयोग प्रदान करता है, तो उसे भी 02 वर्ष तक कठोर कारावास अथवा जुर्माना जो कि 1 लाख रू. तक हो सकता है अथवा दोनो से दण्डित किया जा सकता है। बाल विवाह के दुष्परिणामः बाल विवाह बच्चों के अधिकारों का निर्मम उल्लंघन है। बाल विवाह से बच्चों के अच्छे पोषण और हिंसा, उत्पीड़न व शोषण से बचाव के मूलभूत अधिकारों का हनन होता है। कम उम्र में भी शिक्षा के अधिकारों का हनन होता है। बाल विवाह से बच्चों के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य पर बहुत बुरा प्रभाव पडता है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों के अनुसार महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला अधिकारी एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी को बालक विवाह प्रतिषेध अधिकारी घोषित किया गया है। बाल विवाह की सूचना अनुविभागीय दण्डाधिकारी, पुलिस थाने में महिला एवं बाल विकास विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी / कर्मचारी / आँगनबाडी कार्यकर्ता, सरपंच, कोटवार आदि को दी जा सकती है। इस कानून के अनुसार बाल विवाह के बंधन में आने वाले बालक/बालिका को अपना विवाह शून्य घोषित कराने का अधिकार है। बाल विवाह की जानकारी प्राप्त होने की स्थिति में चाइल्ड हेल्पलाईन 1098 में या विभागीय मो. न. 8319141116, 8269844404 पर सूचित किया जा सकता है।

# बेरला क्षेत्र में रेत का अवैध उत्खनन खनिज विभाग रोकने में विफल

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेरला ब्लॉक में इन दिनों रेत का अवैध उत्खनन हो रहा है जिस पर रोक लगाने में खनिज विभाग अब तक विफल रही है इसकी शिकायत भी कलेक्टर से जिला पंचायत के सभापति ने लिखित में किया है। इस संबंध बताया गया है कि खनन माफियाओं ने बिना खनिज अनुमति लिए शिवनाथ नदी पर चैन माउंटेन मशीन उतार कर बैखौफदिन दहाड़े रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है बेमेतरा जिला के बेरला ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम ग्राम बहैरघट में खनन माफ्रिआओं के द्वारा अपनी मनमानी करते हुए शासन से बिना किसी अनुमति लिए अवैध रूप से रेत का खनन हेतु शिवनाथ नदी पर चैन माउंटन मशीन उतार कर रेत निकालने का काम कर रहे है इस संबंध में बेमेतरा जिला पंचायत सभापति राहुल टिकरिहा ने कहा कि लोकसभा चुनाव के चलते वर्तमान में अचार संहिता लगी हुई है उसके बाद भी इन दिनों रेत निकल रहा हैं जो प्रशासन की बड़ी विफ्लता है। उन्होंने कहा कि यह किसके संरक्षण में चल रहा है यह भी जांच का विषय है जिसे रोकने के लिए जिला पंचायत सभापति राहुल टिकरिहा ने जिलाधीश को पत्र लिखा है और कहा की ऐसे अवैध खनन से सरकार की छवि खराब हो रही है रेत अवैध उत्खनन के संबंध में पायनियर समाचार प्रतिनिधि को टिकरिहा ने बताया कि ग्राम बहेरघट घाट में प्रतिदिन 15 हाईवा से दिन रात मिलाकर 200 ट्रिप अवैध रेत का उत्खनन किया जा रहा है यह सिलसिला बीते दस दिन से से दिन रात चल रही है जिला पंचायत सभापति राहुल टिकरिहा ने वहां के सरपंच पर आरोप लगाते हुए कहा कि गांव का सरपंच ट्रेक्टर वालों से 300 लेता है और हईवा वालों से 10 हजार लेता है उन्होंने बताया कि वर्तमान में रेत उत्खनन के लिए शासन के द्वारा किसी को भी कोई लीज पर नहीं दिया गया है इसके बावजूद रेत माफ्रिया के द्वारा शासन लाखों रुपए का चुनाव लगाते हुए रेत निकल रहा है। टिकरिहा ने कलेक्टर को ज्ञापन देकर इस दिशा में कार्रवाई करने की मांग किया है।

# खैरागढ़ क्षेत्र के ग्राम कुम्ही डोंगरगढ़ मार्ग पर हुई अंधेकत्ल का पर्दाफास

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



थाना खैरागढ़ क्षेत्र के ग्राम कुम्ही डोंगरगढ़ मार्ग पर पुल के पास अज्ञात युवक के शव मिलने की सूचना पर थाना खैरागढ़ स्टाफ द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर मृतक के पहचान हेतु विभिन्न माध्यमों से प्रयास किया गया जिस पर मृतक की पहचान उत्तम जंघेल पिता अमृत लाल जंघेल निवासी आमाघाट कादा थाना छुईखदान के रूप में हुआ मृतक के परिजनों को सूचना देकर मौके पर तलब किया गया। मृतक की मृत्यु संदिग्ध प्रतीत होने से मौके पर एफएसएल युनिट एवं डॉग स्क्वाड को बुलवाकर बारीकी से घटना स्थल, मृतक के शव का निरीक्षण एवं साक्ष्य संकलित किया गया परिजनों की उपस्थिति में मृतक के शव का पंचनामा कार्यवाही उपरांत पीएम कराया गया शार्ट पीएम रिपोर्ट पर मृतक की मृत्यु गला घोटने से हत्या करना पाए जाने पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 220/ 2024 धारा 302 भादिव. का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। हत्या के अज्ञात आरोपी के पतासाजी हेतु पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल भा.पु.से के मार्गदर्शन एवं अति. पुलिस अधीक्षक नेहा पाण्डेय एवं अनुविभागीय अधिकारी लालचंद मोहले के दिशा निर्देश पर थाना प्रभारी प्रशिक्षू उप पुलिस अधीक्षक प्रतिभा लहरे एवं निरीक्षक अनिल शर्मा सायबर सेल प्रभारी के नेतृत्व में संयुक्त विवेचना टीम तैयार कर मृतक के संबंध में हर छोटी से छोटी बारीक जानकारी एकत्र कर एवं प्रकरण में सैंकड़ो सीसीटीव्ही फुटेज चेक कर एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर जानकारी मिली कि मृतक के नाम पर कुछ माह पहले हारवेस्टर वाहन एवं एक स्कार्पियों एन वाहन खरीदी गई है जो मृतक के मामा के लड़के हेमंत ढेकवार पिता स्व. भैयालाल ढेकवार उम्र 38 साल निवासी महाराजीटोला, कहाली थाना साल्हेकसा जिला गोंदिया के पास मृतक के उक्त दोनो वाहन होने की सूचना पर महाराष्ट्र जाकर हेमेंत ढेकवार के गतिविधियों पर बारीकी से नजर रखकर सूचना संकलन किया गया संदेह के आधार पर हेमंत को हिरासत में लेकर बारीकी से वैज्ञानिक पद्धति से पुछताछ करने पर हेमन्त बताया कि उसने उत्तम के नाम पर एक स्कार्पियों वाहन माह जनवरी 2024 में एवं एक हारवेस्टर वाहन माह फरवरी 2024 में क्रय कर दोनो वाहनों में करीब 30 लाख का फायनेंस करवाया था साथ ही उक्त फायनेंस रकम का इन्श्योरेंस कराया था जिससे यदि फायनेंस अवधि में उत्तम जंघेल की मृत्यु या कोई दुर्घटना हो जाता है तो उसके नाम पर लिये गये सारे लोन की रकम इन्श्योरेंस कंपनी द्वारा भुगतान किया जाता साथ ही आरोपी हेमंत द्वारा मृतक उत्तम का भारतीय जीवन बीमा निगम से 40 लाख का दुर्घटना बीमा एवं एक्सीस बैंक आमगांव से 40 लाख का दुर्घटना बीमा कराया था जिसके किस्तो का भुगतान स्वयं करता था उक्त रकम के लालच में आकर दिनांक 10.05.2024 को आरोपी ने योजना के मुताबिक उत्तम को कार दिलाने के नाम पर फोन कर डोगरगढ़ बुलाया और अपने साथी सुरेश मच्छिरके निवासी कंवराबंध एवं प्रेमचंद लिल्हारे निवासी खेड़ेपार दोनो थाना साल्हेकसा महाराष्ट्र को बीमा की रकम मिलने पर पैसे देने की बात कहकर अपने साथ शामिल कर लिया फिर तीनो योजना के मुताबिक उत्तम के नाम पर लिये गये स्कार्पियों वाहन में बैठकर आये डोंगरगढ़ में उत्तम को साथ में गाड़ी में बैठाकर शराब भट्ठी से शराब खरीदवाकर उत्तम को शराब पिलवायें मृतक के पास उसके पिता का मोबाईल फोन होने से आरोपियों ने योजना के मुताबिक मृतक के परिचित के यहां ग्राम अतरिया मे उसके पास रखें उसके पिता के मोबाईल को रखवा दिया फिर अपने षड़यंत्र के मुताबिक तीनो आरोपी मृतक को गाड़ी में बैठाकर खैरागढ़ होते गातापार थाना से आगे ले जाकर सुनसान सड़क किनारे पर हेमंत और उसके दोनो साथियों ने मिलकर गमछे से उत्तम का गला घोटकर हत्या कर दिये और घटना को सड़क दुर्घटना का रूप देने के लिए मृतक के शव को गाड़ी में डालकर कुम्ही डोंगरगढ़ मार्ग पर लाकर रख दिये हेमंत ने मृतक के शव के उपर दो बार स्कार्पियों वाहन चढ़ाकर मृतक की मृत्यु सड़क दुर्घटना से होने का स्वरूप देकर उसी वाहन से वापस अपने घर महाराष्ट्र लौट गयें। प्रकरण में आरोपियों के निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त गमछा घाघरा पुल से एवं घटना में प्रयुक्त स्कार्पियों वाहन आरोपी हेमंत से जप्त किया गया है। नवयुवक के अंधेकत्ल की गुत्थी सुलझाने में वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी प्रशिक्षु उपुअ प्रतिभा लहरे, साइबर सेल प्रभारी अनिल शर्मा, उनि. बिलकीस खान, उनि. बिरेन्द्र चंद्राकर, सउनि. टैलेश सिंह, प्रआर. कमलेश श्रीवास्तव आर. आरक्षक चन्द्रविजय सिंह, त्रिभुवन यदु, जयपाल कैवर्त, कमलकांत साहू, सत्यनारायण साहू, अख्तर मिर्जा की अहम भूमिका रही है।

# स्वामी आत्मानंद शिवलाल राठी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में प्रवेश हेतु लॉटरी संपन्न



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिले में स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय शिवलाल राठी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में एलकेजी और पहली कक्षा में प्रवेश हेतु लॉटरी प्रक्रिया संपन्न कराई गई। एलकेजी के 25 और पहली कक्षा के 14 सीटों के लिए शांतिपूर्ण तरीके से एवं पूर्ण पारदर्शिता के साथ लॉटरी निकाली गई। छत्तीसगढ़ शासन लोक शिक्षण संचनालय के आदेशानुसार 10 अप्रैल 2024 से 10 मई 24 तक ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए थे। विद्यालय में उपलब्ध सीटों के विरुद्ध क्रमशः एलकेजी में 437 और पहली कक्षा में 211 ऑनलाइन व ऑफ्लाइन आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमे से एलकेजी में 196 पात्र और पहली कक्षा में 187 पात्र पाए गए थे। पात्र अपात्र की सूची विद्यालय सूचना पटल में 11 मई 2024 को चस्पा कर दिया गया था। प्राप्त आवेदनों के आधार पर लाटरी की तिथि तय कर समाचार पत्र में प्रकाशित कर सभी पालकों को सूचित की गई थी। शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं पालकों की मौजूदगी में लाटरी प्रक्रिया सौहादपूर्ण वातावरण में संपन्न कराई गई। चयन सूची में आए नामों के पालकगण 16 मई 2024 से 20 मई 2024 तक समय प्रात 9 से 12 के बीच विद्यालय आकर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर सकते है। प्रवेश प्रक्रिया उक्त तिथि तक पूर्ण नहीं करने पर प्रतीक्षा सूची से प्रवेश दिया जाएगा । प्रवेश हेतु आधार कार्ड, पिछली कक्षा अंकसूची, जन्म प्रमाण पत्र, आय जाति, निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, बीपीएल सर्वे सूची की फोटोकॉपी एवम दो पासपोर्ट साइज की फोटो सहित दस्तावेज की मूल प्रति एवं एक सेट फोटोकॉपी अवश्य लावें । विद्यालय प्राचार्या ने लाटरी में आए सभी लोगो का आभार प्रकट किया तथा चयनित बच्चो को और उनके पालकगणों को बधाइयां दी और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# कलेक्टर ने सड़क दुर्घटना में रोकथाम करने हेतु पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले में सड़क दुर्घटना में रोकथाम करने हेतु पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को समन्वित प्रयास करने तथा विस्तृत कार्य योजना बनाने के निर्देश भी दिए। चन्द्रवाल संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में राजस्व, पुलिस, परिवहन तथा सड़क निर्माण कार्य से जुड़े विभाग के अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर चन्द्रवाल ने जिले में सड़क दुर्घटना के रोकथाम के उपायों के संबंध में बैठक में उपस्थित अधिकारियों से सुझाव ली। उन्होंने इसके लिए प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने हेतु तैयारियों की भी विस्तृत समीक्षा की। इसके लिए उन्होंने शराब पीकर वाहन चलाने वालों तथा तेज गति से एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने निर्देश पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों को दिए। इसके अलावा उन्होंने ब्लैक स्पॉट पाइंट चिन्हित करने तथा यातायात नियमों का पालन नही करने वालों के विरूद्ध भी कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। चन्द्रवाल ने पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों को स्कूल, कॉलेजों तथा हाट बाजार आदि में जागरूकता अभियान चलाकर यातायात नियमों की जानकारी देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नगरीय निकायों में मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को सड़कों में घुमंतु मवेशियों के विचरण के समस्या की रोकथाम हेतु भी जरूरी उपाय सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में चन्द्रवाल ने लोक निर्माण विभाग तथा राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों से सड़क दुर्घटना के रोकथाम के उपायों के संबंध में जानकारी दी तथा इसमें कमी लाने हेतु दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम एवं तहसीलदारों को भी समय-समय पर वाहनों की जाँच करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक को 15 दिनों के अंतराल में नियमित रूप से सड़क दुर्घटना की रोकथाम सुनिश्चित करने हेतु संबंधित विभाग की अधिकारियों की बैठक लेकर इस संबंध में किए जा रहे उपायों की विस्तृत समीक्षा करने के निर्देश दिए।

# ढकोसलाबाजी के लिए गृह मंत्री ने जिला पंचायत सदस्य पद से दिया इस्तीफा, भाजपा उड़ा रही सविंधान की धज्जियां

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



जिला पंचायत सदस्य एवं युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष तुकाराम चंद्रवंशी ने आरोप लगाते हुए कहा कि गृह मंत्री विजय शर्मा जी का इस्तीफा पूर्णता अनुचित है केवल मात्र ढकोसलाबाज़ी है जिला पंचायत सदस्य तुकाराम चंद्रवंशी ने पंचायत राज नियमों का हवाला देते हुए बताया पंचायती राज अधिनियम धारा 38 में स्पष्ट उल्लेखित है यदि किसी पंचायत के किसी पद धारी पदावधि का अवसान होने के पूर्व उसकी मृत्यु हो जाना है या उसके विरुद्ध विश्वास प्रस्ताव पारित हो जाने या उसको हटा दिए जाने या उसके द्वारा त्यागपत्र दिए जाने या उसके राज्य विधानसभा का सदस्य संसद के किसी सदन का सदस्य हो जाने की दशा में यह समझा जाएगा कि ऐसे पद में आकस्मिक रिक्ति हो गई है एवं धारा 32 में लिखा है कि किसी जिला पंचायत अध्यक्ष या उपाध्यक्ष संसद के किसी सदन का राज्य विधानसभा का सदस्य किसी सहकारी सोसाइटी का सभापति उप सभापति हो जाता है तो उस बारे में यह समझ आ जाएगा कि उनसे यथा स्थिति अध्यक्षा उपाध्यक्ष के रूप में अपना पद उस तारीख से रिक्त कर दिया जाएगा इसमें सदस्य के इस्तीफे का कोई भी प्रावधान पंचायती राज अधिनियम में नहीं है । चंद्रवंशी ने कहा विजय शर्मा जी के सामने ऐसी कौन सी मजबूरी थी जो आदर्श आचार संहिता में कार्यालय पहुंच कर इस्तीफा दे रहे है, जिला पंचायत सदस्य पद से इस्तीफा विधानसभा चुनाव लड़ने का पूर्व अगर दिया जाता तो वह उचित था विधानसभा सदस्य निर्वाचित होने के बाद जिला पंचायत सदस्य पद स्वमेव शून्य माना जाता है ऐसे में गृह मंत्री विजय शर्मा जी का इस्तीफा दे देना केवल ढकोसले बाजी को दर्शाता है, इतनी ही नैतिकता थी तो विधानसभा सदस्य निर्वाचित होने के पश्चात त्वरित रूप से देना था इससे पूर्व भी विजय शर्मा जी ने नियम विरुद्ध उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लिए है जो कि पूर्णता असंवैधानिक है । संविधान के प्रावधानों का धज्जियां उड़ाना अशोभनीय है किंतु भाजपा नेता अवहेलना कर रहे है ।

# गोविंद वाधवानी ने छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष को लिखा पत्र

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



राजहरा व्यापारी संघ के अध्यक्ष गोविंद वाधवानी ने छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स रायपुर के अध्यक्ष को पत्र लिखा है। जिसमें वाधवानी ने कहा है कि सामान्य बैठक बुलाकर चेम्बर के नियमों में संशोधन किया गया है कि चेंबर ऑफ कॉमर्स का अध्यक्ष दो बार से ज्यादा भी चुनाव लड़ सकता है। वहीं उन्होंने चेम्बर के अध्यक्ष से आग्रह किया है कि एक बार और चेंबर की आमसभा हो जिसमें यह संशोधन किया जाए कि छत्तीसगढ़ में चेंबर ऑफ कॉमर्स का कोई भी सदस्य अध्यक्ष सहित अन्य पदों पर चुनाव लड़ सकता है। वाधवानी ने कहा कि मेरा मानना है कि छत्तीसगढ़ के सभी व्यापारी काफी योग्य एवं समझदार हैं एवं चैंबर ऑफ़ कॉमर्स की जवाबदारी संभालने में सक्षम है। बिलासपुर, भाटापारा, रायगढ़, कोरबा, जगदलपुर, दुर्ग, भिलाई, राजनादगांव, कांकेर, धमतरी जैसे शहरों में भी लोग व्यापारियों की समस्याओं के लिए लड़ते हैं और निराकरण करते हैं। इनमे चेंबर के सदस्य भी है और चुनाव लड़ने के भी इच्छुक है। मेरा आपसे आग्रह है कि एक और आमसभा चुनाव के पहले जरूर करवाएं ताकि उस पर खुलकर चर्चा हो सके।

# सिटीजन क्लब में मातृ दिवस पर सम्मानित किए गए मातृशक्ति एवं मनाया गया स्थापना दिवस



पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

कहते हैं मां किसी भी जीवात्मा की की प्रथम गुरु होती है। मां दुनिया के हर बच्चे के लिए सबसे खास और सबसे प्यारा रिश्ता है। मां और बच्चों का रिश्ता ऐसा अनूठा और भावनात्मक रिश्ता है जिसे शब्दों में व्यक्त करना कठिन कार्य है। मां त्याग स्नेह एवं प्रेम की प्रतिमूर्ति होती है। मां के बिना जिंदगी वीरान होती है। कहा जाता है मां का स्थान सर्वोपरि है। मां के ममता को सम्मान करने के लिए मातृ दिवस के अवसर पर सिटीजन क्लब दल्ली राजहरा में विशेष कार्यक्रम रखा गया। जिसमें बच्चों के द्वारा सभी माताओं को गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्लब के सभी सदस्य उपस्थित थे। क्लब के सचिव सी. श्रीकांत ने कहा कि मां का ममत्व को जीवन में कभी भुलाया नहीं जा सकता। माताओं को सम्मान करने का यह हमारा प्रथम प्रयास है। साथ ही क्लब के द्वारा 54 वां स्थापना दिवस मनाया गया। सिटीजन क्लब राजहरा की नींव 12 मई सन 1970 में बीएसपी महाप्रबंधक के द्वारा रखी गई थी। उपरोक्त जानकारी सिटीजन क्लब के सह सचिव नितीश छत्री के द्वारा दी गई।

# शिखर एकैडमी स्कूल साजा का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट




पायनियर संवाददाता < थान खमरिया
www.dailypioneer.com

अभी हाल में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा घोषित सीबीएसई बोर्ड कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा परिणाम शिखर अकैडमी सजाया स्कूल का बहुत ही शानदार रहा जिसमें कुमारी अंकित राठी ने कक्षा 12वीं के मेरिट में उच्चतम अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं कक्षा दसवीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में कुमारी भूमिका चंदेल ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर मेरिट में प्रथम स्थान प्राप्त किया अखिल भारतीय केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल सीबीएसई परीक्षा में आपके क्षेत्र में एकमात्रा सीबीएसई स्कूल का परिणाम 10वीं में शत-प्रतिशत एस प्रतिशत रहा यह स्कूल लगतर पिछले 5 वर्ष से दसवीं के परिणाम के लिए 100त्न रहा है और आगे भी रहेगा जिसमें प्रथम स्थान प्रति भूमिका चंदेल 440 नंबर के साथ वही द्वितीया स्थान यज्ञ शर्मा 365 अंक के साथत्र के एकमात्र सीबीएसई स्कूल क्षेत्र के एकमात्रा सीबीएसई स्कूल जहां नर्सरी से 12वीं तक अच्छी सुविधाएं उपलब्ध हैं वहां आज सीबीएसई का परिणाम100त्न रहा शिखर अकैडमी के इन छात्र-छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सजा के छगन राठी ऋषभ शर्मा लोकेश राठी राकेश कुमार नगर के गणमान्य नागरिक शिक्षण एवं आम नागरिकों ने प्रसन्नता व्यक्त की और छात्र-छात्राओं की उत्कृष्ट प्रदर्शन पर शिखर अकैडमी विद्यालय को धन्यवाद ज्ञापित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया।

# नितिन ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक अर्जित कर बढ़ाया मान

पायनियर संवाददाता < थान खमरिया
www.dailypioneer.com



नगर के होनहार विद्यार्थी नितिन जोशी ने दसवीं सीबीएसई बोर्ड में 93.02% अंक लेकर किया उत्कृष्ट प्रदर्शन थान खमरिया नगर के नगर के युवा व्यवसायी युगल किशोर जोशी के पुत्र नितिन जोशी ने कक्षा दसवीं सीबीएसई बोर्ड में 93.02 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया विदित हो कि नितिन जोशी एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल में अध्यनरत है और वर्तमान में वह जे ई की तैयारी में राजधानी रायपुर में कोचिंग कर रहे है युवा प्रतिभावान छात्र नितिन जोशी ने बताया कि वह आगे चलकर इंजीनियरिंग क्षेत्र में अपना प्रतिभा का प्रदर्शन करना चाहते हैं नितिन जोशी की शानदार उपलब्धि से जिला भाजपा अध्यक्ष पंडित ओमप्रकाश जोशी अनिल सिंघानिया राकेश जोशी पुरुषोत्तम अग्रवाल विष्णु जोशी सतीश जोशी श्रीकांत जोशी मुकेश जोशी अजय जोशी शिव शंकर बंटी जोशी तुषार जोशी शहीद परिवार जनों एवं इष्ट मित्रों ने उनके मंगल भविष्य की कामना की है।

HDFC BANK
We understand your world

पंजीकृत कार्यालयः एचडीएफसी बैंक हाउस, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल (पश्चिम), मुंबई - 400013 और जिसका एक कार्यालयः रिटेल पोर्टफोलियो प्रबंधन, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, पहली मंजिल, I-थिंक टेक्नो कैंपस, कांजुरमार्ग (पूर्व), मुंबई - 400042

एचडीएफसी बैंक लिमिटेड को बंधक रखी गई प्रतिभूतियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना और सार्वजनिक सूचना।

एचडीएफसी बैंक लिमिटेड ("बैंक") के नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं को प्रतिभूतियों के खिलाफ ऋण/ओवरड्राफ्ट की रूप में क्रेडिट सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए बैंक को बंधक रखी गई प्रतिभूतियों की बिक्री के संबंध में सूचित किया जाता है।

सहमत ऋण शर्तों के अनुसार बकाया राशि का पुनर्भुगतान करने में उधारकर्ताओं द्वारा लगातार चूक के कारण, नीचे दिए गए ऋण खाते बकाया की स्थिति में हैं। बैंक ने इन उधारकर्ताओं को कई नोटिस जारी किए हैं, जिसमें नीचे दी गई तारीख पर अंतिम बिक्री नोटिस भी शामिल है, जिसके तहत बैंक ने प्रतिज्ञा लागू की थी और उधारकर्ता को नीचे दिए गए खातों में संपूर्ण बकाया राशि चुकाने के लिए 7 दिनों का समय प्रदान किया था, ऐसा न करने पर, बैंक इस संबंध में कोई और नोटिस जारी किए बिना बंधक रखी गई प्रतिभूतियों को बेचने के लिए स्वतंत्र होगा।

उधारकर्ताओं ने उपेक्षा की है और उचित भुगतान करने में विफल रहे हैं, इसलिए, बैंक ने गिरवीदार के रूप में ऋण समझौते के तहत अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए उधारकर्ताओं द्वारा बैंक को दिए गए बकाया की वसूली के लिए 22 मई 2024 को या उसके बाद प्रतिभूतियों को बेचने/निपटाने का निर्णय लिया है। उधारकर्ताओं को यह भी सूचित किया जाता है कि, यदि किसी भी समय, शेयर बाजार में अस्थिरता के कारण मार्जिन आवश्यकता में और कमी पैदा करने के लिए बंधक रखी गई प्रतिभूतियों का मूल्य गिर जाता है, तो बैंक अपने विवेक से बंधक रखी गई सुरक्षा को इस संबंध में किसी भी नोटिस के बिना एक (1) कैलेंडर दिन के भीतर बेच देगा। बंधक प्रतिभूतियों की बिक्री से प्राप्त आय के समायोजन के बाद, उधारकर्ता किसी भी शेष बकाया राशि के पुनर्भुगतान के लिए बैंक के प्रति उत्तरदायी रहेगा।

| क्र. सं. | ऋण खाता नं. | कर्जदार का नाम | दिनांक 12.05.2024 तक कुल बकाया राशि | बिक्री सूचना की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | XXXX9896 | अंकित जैन | 88,338.89 | 20-अप्रैल-24 |

दिनांकः 15.05.2024
स्थानः छत्तीसगढ़
हस्ता/-
एचडीएफसी बैंक लिमिटेड

"प्रपत्र सं. आईएनसी—26"
(कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में)
केन्द्रीय सरकार क्षेत्रीय निदेशक के समक्ष उत्तरी क्षेत्र, अहमदाबाद
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उपधारा (4) और कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के उपनियम (5) के खंड (अ) के मामले में
और
अवसा फेरो अलॉयस प्राईवेट लिमिटेड
(CIN : U26999CT2020PTC010395),
जिसका रजिस्ट्रीकृत कार्यालय : दूसरा फ्लोर, 16/259, कृष्णा शिवा मंदिर, के पीछे विद्यानगर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, इंडिया, 495001 में स्थित है
.....याचिकाकर्ता

आम जनता को यह सूचना दी जाती है कि यह कंपनी केन्द्रीय सरकार (क्षेत्रीय निदेशक उत्तरी क्षेत्र) के समक्ष कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अधीन आवेदन फाइल का प्रस्ताव करती है जिसमें कंपनी का रजिस्ट्रीकृत कार्यालय "छत्तीसगंढ राज्य" से "महाराष्ट्र राज्य" में स्थानांतरित करने के लिए तारीख 13.05.2024 को आयोजित असाधारण सामान्य बैठक में पारित विशेष संकल्प के संदर्भ में कंपनी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिशन में संशोधन की पुष्टि की मांग की गई हैं।

कंपनी के रजिस्ट्रीकृत कार्यालय के प्रस्तावित स्थानांतरण से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता है तो वह व्यक्ति या तो निवेशक शिकायत प्ररुप फाइल कर एमसीए—21 पोर्टल (www.mca.gov.in) में शिकायत दर्ज कर सकता है या एक शपथ पत्र जिसमें उनके हित का प्रकार और उसके विरोध का कारण उल्लिखित हो के साथ अपनी आपत्ति क्षेत्रीय निदेशक उत्तरी क्षेत्र, को इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 21 दिनो के भीतर आरओसी भवन, ऑपोजिट रुपल पार्क सोसाइटी के बिहाइंड अंकुर बस स्टैंड, नारनपुरा, अहमदाबाद—380013, पते पर पंजीकृत डाक दवारा भेज सकता है या सुपुर्द कर सकते है और इसकी प्रति आवेदक कंपनी को उनके उपरोक्त रजिस्ट्रीकृत कार्यालय के पते पर भी भेजेगा।

दूसरा फ्लोर, 16/259, कृष्णा शिवा मंदिर, के पीछे विद्यानगर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, इंडिया, 495001
कृत्ते की ओर से
अवसा फेरो अलॉयस प्राईवेट लिमिटेड
हस्ता./—
आदित्य अग्रवाल
(निदेशक)
डीआईएन : 072521239
तिथि : 14.05.2024
स्थान : बिलासपुर

# जिले के शहरी क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर कलेक्टर ने जताई चिंता, सीएमओ को कहा-दुरुस्त करें व्यवस्थाएं







पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

सक्ति जिले के कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने कलेक्ट्रेट जिला कार्यालय सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभागों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर तोपनो ने लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत जिले में शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक मतदान कार्य संपन्न कराने के लिए जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों के कार्यों की सराहना की। इसके लिए उन्होंने जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। उन्होंने सभी अधिकारियों को लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतदान के कार्य संपन्न होने के पश्चात् अपने-अपने विभागों के कार्यों में कसावट और गति लाने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने जिले के सभी अधिकारियों-कर्मचारियो को आम जनता के हित में शासकीय कार्यों का संपादन पूरी निष्ठा एवं तत्परता के साथ करने के निर्देश दिए। इसके लिए उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को अपने अधिनस्थ कर्मचारियों के कार्यों की समीक्षा भी करने के निर्देश दिए। जिससे कि निर्धारित समयावधि में विभागीय कार्यों का संपादन कर आम जनता को उसका लाभ व्यवस्थित रूप से दिलाना सुनिश्चित कराया जा सके। बैठक में अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, एसडीएम सक्ती के एस पैकरा, एसडीएम डभरा बालेश्वर राम, एसडीएम मालखरौदा रूपेंद्र पटेल, कोषालय अधिकारी दशरथ प्रसाद सोनी सहित सभी राजस्व अधिकारी व अन्य सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे,बैठक में कलेक्टर ने शिक्षा विभाग, खाद्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, पंचायत, सिचाई, कृषि, लोक निर्माण विभाग, राजस्व, सहकारिता सहित अन्य सभी विभागों के कार्यों की बारी-बारी से समीक्षा की। बैठक में उन्होंने विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सभी लंबित प्रकरणों का निराकरण शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए द्य उन्होंने नगरीय निकायों के कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को जिले के सभी नगरीय निकायों में समुचित साफ-सफाई के अलावा बुनियादी व्यवस्थाओं को दुरूस्त कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को भू-अर्जन के प्रकरण, अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही सहित राजस्व कार्यों में तेजी लाते हुए राजस्व प्रकरणों को अद्यतन रखने कहा द्य इसी प्रकार कलेक्टर द्वारा अन्य सभी विभागों के विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए है।

# मवेशी तस्कर इकबाल खान और साहेब लाल कुर्रे को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com





मवेशी तस्करी करने वाले तस्करो के विरूद् पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के के निर्देशन में लगातार प्रहार किया जा रहा है। थाना मस्तूरी मे अपराध क्रमांक 437/2023 धारा- छ.ग. कृषक पशु परिरक्षण, अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 में अपराध पंजीबद्ध किया गया था। मवेशी तस्करों पर हुई कार्यवाही के दौरान पूछताछ में जानकारी मिली कि थाना मस्तूरी के अपराध में इक़बाल खान एवम साहेब लाल कुर्रे की संलिप्तता है। दोनों आरोपियों की पता तलाश किये जाने के दौरान मुखबीर सूचना पर ग्राम रिसदा मुख्य मार्ग में साहेब लाल अपने क्रेटा कार से अपने साथी इकबाल कुरेशी के साथ जाने की सूचना पर घेरा बंदी कर दोनों को हिरासत में लिया गया। आरोपी इकबाल कुरैशी की तलाशी लेने पर उसके पहने कपड़े के अंदर से एक नग देशी कट्टा तथा दो नग जिंदा कारतूस बरामद किया गया, जिसे मौके पर जप्त किया गया। साथ ही दोनों आरोपियों के मोबाइल को भी जप्त किया गया है। साहेब लाल कुर्रे की क्रेटा कार क्रमांक cg 10 Bn 3848 को भी जप्त किया गया। प्रकरणमें धारा 25 आर्म्स एक्ट जोड़ा गया है। प्रकरण के आरोपियों द्वारा धारा सदर का अपराध घटित करना सबूत पाये जाने से दोनो आरोपियों को 12.05.24 को विधिवत गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सूचना उसके परिजन को दिया गया है तथा दोनों ही आरोपीयों से विस्तृत पूछताछ करने के लिए एक दिन का पुलिस रिमाण्ड लिया गया है उनसे पूछताछ कर उनके अन्य साथियों के सम्बंध में जानकारी प्राप्त की जा रही है। मवेशी तस्करों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु पुलिस अधीक्षक बिलासपुर ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अर्चना झा और एसडीओपी निमितेश सिंह की सराहना की। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी मस्तूरी रवींद्र अनंत, थाना मस्तूरी स्टाफ़ ACCU स्टाफ़ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# प्रमुख भाजपा नेताओं को देश के दूसरे राज्यों में प्रचार की जिम्मेदारी दी गई

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में तीसरे चरण में सभी लोकसभाओं में चुनाव सम्पन्न होने के बाद अब देश के अनेक हिस्सों में आगामी चार चरण के होने वाले मतदान को लेकर भाजपा प्रदेश संगठन ने यहां के मंत्रियों, विधायकों सहित पूर्व विधायको और संगठन के अनुभवी नेताओं को दूसरे राज्यों के लोकसभाओं में बड़ी जिम्मेदारी दी है जिसमे बिलासपुर संभाग से भी प्रमुख भाजपा नेताओं के नाम को शामिल किया गया है।

डिप्टी सीएम अरूण साव को उड़ीसा राज्य के कालाहांडी, संबलपुर और बरगढ़ सहित तीन लोकसभाओं की जिम्मेदारी मिली है ।भाजपा में विभिन्न बड़े पदों पर जिम्मेदारी निभा चुके बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक को झारखण्ड राज्य में जमशेदपुर लोकसभा का प्रभार दिया गया है वही बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर लोकसभा संसदीय क्षेत्र में दिल्ली सरकार में मंत्री रहे अनुराग ठाकुर के पक्ष में प्रचार प्रसार करेंगे। भाजपा संगठन द्वारा पूर्व विधायकों और संगठन के चर्चित चेहरों को भी दूसरे राज्यों में होने वाले चुनाव की जिम्मेदारी दी गई है जिसके अन्तर्गत प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी को जमशेदपुर लोकसभा में जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा, पूर्व विधायक रजनीश सिंह को पोटका विधानसभा, डा कृष्णमूर्ति बांधी को बहरागुड़ा विधानसभा और घाटसीला विधानसभा में सौरभ सिंह को विधानसभावार जिम्मेदारी सौंपी गई।

# जिंदल वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई बोर्ड में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

## 12वीं का यश अग्रवाल बना सकती जिले का टॉपर

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



जैसे ही सीबीएसई बोर्ड का परिणाम घोषित हुआ, जिंदल वर्ल्ड स्कूल के लिए काफी खुशी का पल रहा, यह 12वीं कक्षा का पहला बैच है, जिसने इस वर्ष की परीक्षा में भाग लिया,कक्षा 12वी में 54 विद्यार्थी थे, 54 में से 13 छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले में कक्षा 12 में यश अग्रवाल -95.6 प्रतिशत, सिद्धार्थ अग्रवाल 92.4 प्रतिशत, खुशी अग्रवाल 92.2 प्रतिशत, अर्नी अग्रवाल 91.6प्रतिशत रहा, वही जिंदल वर्ल्ड स्कूल के परीक्षार्थियों में 10वीं कक्षा में 54 विद्यार्थी थे, उनमें से 25 छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, और 8 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, कक्षा 10 के टॉपर में सौम्या अग्रवाल 94 प्रतिशत, वंश अग्रवाल 93.2 प्रतिशत, अनंत अग्रवाल 92.2 प्रतिशत, पूर्णव पटेल 92 प्रतिशत अनमोल अग्रवाल 91.2 प्रतिशत क्षमा अग्रवाल 90.4 प्रतिशत आयुष देवांगन 90.4 प्रतिशत आन्या अग्रवाल 90.2 प्रतिशत, स्कूल के प्रिंसिपल वेंकट जी,डायरेक्टर रवि जिंदल, ऋषभ अग्रवाल ने सभी छात्रों को उनकी सफलता के लिए बधाई दी और इस अच्छे परिणाम के लिए शिक्षकों की भी सराहना की,ज्ञात हो की साल 2023 में ही जिंदल वर्ल्ड स्कूल में 12वीं कक्षाएं प्रारंभ की गई थी, तथा 12वीं कक्षा के प्रथम बैच में ही स्कूल के विद्यार्थियों के बेहतर प्रदर्शन से जहां विद्यालय प्रबंधन भी उत्साहित है, तो वहीं विद्यालय में भी सभी कक्षाओं में बच्चों की शिक्षा के प्रति विशेष ध्यान दिया जा रहा है, तथा विद्यालय के डायरेक्टर ऋषभ अग्रवाल का कहना है कि विद्यालय में नर्सरी से लेकर सभी बड़ी कक्षाओं के लिए प्रबंधन द्वारा विशेष रूप से कार्य किया जा रहा है। तथा इस विद्यालय का प्रतिवर्ष एक बेहतर परीक्षा परिणाम आ रहा है।

# अभिषेक चंद्रा ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन सीबीएसई कक्षा 12 वीं 85.7% अंक किया अर्जित

पायनियर संवाददाता < जैजैपुर
www.dailypioneer.com



सीबीएसई सेंकेडरी परीक्षा 12 वी कि परिणाम, में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अभिषेक चंद्रा ने स्कुल सहित परिवार का गौरव बढ़ाया है।वे दिल्ली पब्लिक स्कूल जांजगीर चांपा में अध्यनरत है, उन्होंने घोषित परिणाम के अनुसार 85.7 प्रतिशत अंक अर्जित किया है। वे मुलतः ग्राम गलगलाडीह के सरपंच सुरिता जयदेव चंद्रा के पुत्र हैं। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्कुल के शिक्षक गण, पारिवारिक जनो, स्नेही मित्रों ने उन्हें बधाई दी है और उनके उज्जवल भविष्य कामना की है।

## चंद्रहासिनी विद्यापीठ मिरौनी चंद्रपुर के विद्यार्थियों का सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन

**सक्ति ।** चंद्रपुर के मिरौनी स्थित गोपाल जी महाप्रभु सार्वजनिक न्यास चंद्रपुर द्वारा संचालित चंद्रहासिनी विद्यापीठ के कक्षा 10वीं एवं 12वीं सीबीएसई बोर्ड के विद्यार्थियों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है, सत्र 2023-24 की बोर्ड परीक्षाओं के घोषित परीक्षा परिणाम में जहां चंद्रहासिनी विद्यापीठ की कक्षा दसवीं की छात्रा कुमारी पलवी पटेल ने प्रथम स्थान हासिल किया तो वहीं द्वितीय रोशनी पटेल, तृतीय श्रेया पटेल, चतुर्थ दिव्या डनसेना एवं पांचवें स्थान पर तनुजा पटेल रही, तथा विद्यालय परिवार के इन बच्चों की सफलता पर प्रबंध संचालन समिति के प्रबंधक गोविंद अग्रवाल सहित समस्त सदस्यों ने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की शुभकामना करते हुए उन्हें बधाई प्रेषित की है।

# हाथियों के दल ने औषधीय पौधों को पहुंचाया नुकसान

## धरमजयगढ़ वन मंडल में ही 130 हाथी कर रहे विचरण

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिले में हाथियों की बढ़ती संख्या के बीच फिर से एक अजीबो गरीब वाकया सामने आया है। जिसमें हाथियों के सबसे बड़े दल ने प्रभावित इलाके में वन विभाग द्वारा रोपित औषधीय व इमारती गुण वाले पौधों को नुकसान पहुंचाया है। हैरानी यह है कि हाथियों के द्वारा क्षेत्र में बने समोच्च खंती निर्माण कार्य को भी क्षति पहुंचाई गई है। यह मामला जिले के धरमजयगढ़ वन मंडल क्षेत्र का है। फिलहाल डिविजन क्षेत्र में कुल 130 हाथी अलग अलग इलाकों में विचरण कर रहे हैं। सोमवार को जारी विभागीय रिपोर्ट के अनुसार धरमजयगढ़ रेंज अंतर्गत आने वाले पंडरीपानी इलाक़े में विचरण कर रहे 37 हाथियों के बड़े समूह ने कंपार्टमेंट नंबर 415 पीएफ में पौधों सहित एस सी टी और कक्ष क्रमांक पीएफ 419 में रोपित सफेद सिरस और शीशम के पौधों को नुकसान पहुंचाया है। हालांकि रिपोर्ट में क्षतिग्रस्त पौधों की कुल संख्या का उल्लेख नहीं किया गया है। वहीं, यह भी स्पष्ट नहीं है कि हाथियों से कंटूर ट्रेंच निर्माण कार्य को किस तरह से नुकसान पहुंचा है। वर्तमान समय में क्षेत्र अंतर्गत विचरण कर रहे हाथियों का यह सबसे बड़ा समूह है। विदित है कि इससे पहले भी वन मंडल क्षेत्र में हाथियों से सैकड़ों विभागीय पौधों की क्षति के मामले सामने आए हैं। लेकिन इस बार पंडरीपानी इलाके में वन विभाग द्वारा निर्मित समोच्च खंती निर्माण कार्य को हाथियों द्वारा डैमेज किए जाने का प्रकरण दर्ज किया गया है। इसके अलावा क्षेत्र में कुछ फसल नुकसानी के मामले भी सामने आए हैं। गौरतलब हो कि कुछ समय पहले भी क्षेत्र के मुनुंद नर्सरी में तैयार हजारों पौधों को हाथियों ने कथित तौर पर नुकसान पहुंचाया था। फिलहाल, वन मंडल क्षेत्र अंतर्गत पोटिया इलाके में 17, बरतापाली जंगल में 26, पुसाऊडेरा क्षेत्र में 12, गलीमार में 7 और पुरूंगा इलाके में 17 हाथियों का बड़ा दल विचरण कर रहा है।

# रेलवे स्टेशन में किसी भी सामाजिक संगठन ने पानी पिलाने नहीं ली रुचि






पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

शहर में सामाजिक, जन सेवा एवं रचनात्मक कार्यों में शहर के विभिन्न सामाजिक संगठन वर्ष भर सक्रिय नजर आते हैं, किंतु शहर के रेलवे स्टेशन में वर्तमान में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए रेल यात्रियों को पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, तथा रेलवे प्रशासन द्वारा प्लेटफार्म नंबर एक पर लगाया गया वाटर कूलर का तो भगवान ही मालिक है,साल के 365 दिन में 300 दिन यह वाटर कूलर खराब रहता है, तथा वाटर कूलर भी जब चालू रहता है तो उससे ठंडा पानी आने की बजाय सामान्य पानी ही आता है,तथा रेलवे प्रशासन ने इन सभी समस्याओं को देखते हुए विगत दिनों मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय से एक आदेश जारी किया था, जिसमें सभी रेलवे अधिकारियों को अपने-अपने रेलवे स्टेशनों में स्थानीय स्तर पर सामाजिक संगठनों से मिलकर वहां पानी के प्याऊ खोलना आग्रह किया गया था, तथा बकायदा मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय ने इसका जोर-जोर से प्रचार प्रसार भी किया था, एवं सभी स्थानों पर स्थानीय समाचार पत्रों में भी इसकी जानकारी दी गई थी, किंतु शक्ति शहर के रेलवे स्टेशन में पानी पिलाने के लिए कोई भी सामाजिक संगठन आगे नहीं आया है,तथा रेलवे प्रशासन की इस पहल के बावजूद सामाजिक संगठनों द्वारा रुचि न लिया जाना समझ से परे है,तथा शहर में सामाजिक संगठन सालभर सेवा कार्यों में अग्रणी नजर आते हैं, किंतु रेलवे स्टेशन में किसी भी संगठन का रुचि नहीं लेना आखिरकार किस बात की ओर इशारा करता है, यह सवालिया निशान लगा रहा है, तथा रेल यात्रियों को भीषण गर्मी के चलते पानी नहीं मिलने से परेशान है, तथा शक्ति का रेलवे स्टेशन एक बड़ा रेलवे स्टेशन है जहां सुबह 5:00 से देर रात्रि तक रेल यात्रियों का आना-जाना लगा रहता है।

# डीएव्ही पब्लिक स्कूल, वसंत विहार का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com





सीबीएसई द्वारा घोषित 10वी एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम में एसईसीएल वसंत विहार स्थित डीएव्ही पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट परिणाम लाए। कक्षा 10वीं के छात्रों में से 43 छात्र-छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, वहीं 91 छात्र-छात्राओं ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किया है। कक्षा 10 के 38 विद्यार्थियों ने संस्कृत, 03 विद्यार्थियों ने गणित एवं 02 विद्यार्थियों ने विज्ञान विषय मे शत-प्रतिशत अंक अर्जित किया है। कक्षा 10वीं की टॉपर कुमारी मिखा जैन 99.2 प्रतिश, कुमारी मान्या मिश्रा 99 प्रतिशत एवं कुमारी ध्रुवी पटेल 98.4 प्रतिशत अंक हासिल किए। कक्षा 12वीं के घोषित परिक्षा परिणाम में 11 छात्र-छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक एवं 36 छात्र-छात्राओं ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए हैं। कक्षा 12वीं की टॉपर कुमारी उर्जा सोनी 93 प्रतिशत (साईस), नीरज पटेल 92.6 प्रतिशत, कुमारी पायल बिस्वाल 92.4 प्रतिशत, विश्व देवांगन 92.2 प्रतिशत (कामर्स) रहे। डीएव्ही स्कूल के छात्र-छात्राओं के इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर स्कूल के प्रिंसिपल के. परथीपन ने सभी बच्चों, उनके पालकों, सभी शिक्षकों, स्कूल स्टाफको बधाई दी है।

## 31 मई तक तत्काल जाए गैस एजेंसी एवं करवाये केवाईसी

# गैस सब्सिडी अलर्ट : केवाईसी नहीं करवाओगे, तो गैस की सब्सिडी हो जाएगी बंद

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com







सिलेंडरों की सब्सिडी पाने के लिए लोगों को गैस एजेंसियों में जाकर हर हाल में 31 मई तक अपना सत्यापन करवाना है। तय समय के बाद भी केवाईसी नहीं कराने वालों के गैस कनेक्शन भी ब्लॉक हो सकते हैं, केंद्र सरकार की ओर से पिछले साल से यह काम जारी है। लेकिन चुनावी आचार संहिता के चलते उपभोक्ताओं को छूट दी गई थी ,अब बताया जा रहा है कि केवाईसी कराने का काम अभी भी 60 फीसदी पूरा नहीं हुआ है। इसलिए पेट्रोलियम कंपनियों ने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि वे 31 मई तक केवाईसी करवा लें। इसके बाद सत्यापन कराने वालों को कई तरह की परेशानी होना तय है। कंपनियों ने साफकर दिया है कि इस काम को गंभीरता से लें, नहीं तो जून से सिलेंडर मिलने में दिक्कत आएगी, केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय ने पिछले साल नया आदेश जारी कर कहा था कि जिन लोगों के नाम से सिलेंडर है, उन्हें गैस एजेंसी में जाकर बताना होगा कि सिलेंडर लेने वाले वहीं हैं,पहले इसके लिए समय सीमा तय नहीं की गई थी, लेकिन अब 31 मई तक का समय दिया गया है। इस सत्यापन के लिए लोगों से उनका आधार कार्ड मंगवाया जा रहा है। गैस एजेंसियों को ई-केवाईसी करने के लिए मशीन भी दी गई है। इसमें उन लोगों को अंगूठे का निशान लगाना है जिनके नाम से गैस कार्ड है। केंद्र सरकार की ओर से जारी नए नियम के अनुसार जो लोग ई-केवाईसी नहीं कराएंगे उन्हें सस्ता सिलेंडर या सिलेंडर में मिलने वाली सब्सिडी नहीं मिलेगी। इसलिए किसी भी तरह की परेशानी से बचने के लिए तुरंत केवाईसी करवा लें।

**गैस एजेंसियों में ऐसे होगी ई-केवाईसी**-01-अपनी गैस एजेंसी से ई-केवाईसी का आवेदन प्राप्त करना है। 02- सभी दस्तावेजों की फोटो कॉपी के साथ वापस जमा करना है। एजेंसी वाले आपके फिंगर प्रिंट्स को स्कैन कर केवाईसी करेंगे।

**फर्जी नामों वाले कनेक्शन होंगे ब्लॉक**- केंद्र सरकार के नए नियम से फर्जी दस्तावेज देकर सिलेंडर लेने वालों के सिलेंडर ब्लॉक हो जाएंगे। उनकी ऑनलाइन बुकिंग ही नहीं होगी। नए नियम के तहत यह साफहो गया है कि किसी भी घर में एक ही नाम से दो से ज्यादा सिलेंडर हैं तो दूसरा सिलेंडर ऑटोमेटिक ब्लॉक हो जाएगा। यानी एक घर में एक नाम से केवल एक ही सिलेंडर होगा। केंद्र सरकार ऐसे सभी कनेक्शन को ब्लॉक करना चाहती है जो अवैध तरीके से लिए गए हैं। ऐसे लोगों की पहचान करने के लिए ही केंद्र सरकार ने यह नियम लागू किया है। इसके अलावा एक ही घर में कई सिलेंडर रखने वालों पर भी सख्ती होगी। ऐसे कनेक्शनों की जांच के लिए भी गैस एजेंसियों से कहा गया है।

**उज्जवला कनेक्शन वालों के लिए भी ये जरूरी**-उज्जवला योजना के तहत बीपीएल सदस्य के खाते में 372 और आम लोगों को 61 रुपए सब्सिडी के तौर पर वापस मिलते हैं। उज्जवला योजना वालों को भी गैस एजेंसियों में जाकर अपना सत्यापन करवाना है। इसके लिए उन्हें गैस उपभोक्ता नंबर, एड्रेस फ्रुफ के तौर पर आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, लीज एग्रीमेंट, वोटर आईडी कार्ड जैसे दस्तावेज के अलावा एक प्रमाण पहचान प्रमाण पत्र के तौर पर आधार कार्ड, पासपोर्ट, पैन कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, राज्य या केंद्र द्वारा जारी किया गया कोई भी आइडेंटी कार्ड या ड्राइविंग लाइसेंस की फोटो कॉपी जमा करनी होगी,पंचमुखी इण्डेन गेस एजेंसी जिला सकती के प्रोपराइटर एवं संचालक अशोक कुमार अग्रवाल ने गैस उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा है कि उनके संस्थान जो कि नया बस स्टैंड के सामने, बाराद्वार रोड, वार्ड नं 14 में संचालित है वहां ek41 का काम प्रारम्भ है उन्होंने आग्रह किया है कि शीघ्र ही एजेंसी कार्यालय में आकर अपना सत्यापन करवा लें ताकि रिफिल एवं सब्सिडी मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

# सड़क दुर्घटनाओं को लेकर कलेक्टर की सख्ती, एसडीएम तहसीलदारों को भी वाहनों के जांच करने के निर्देश

## जिला स्तरीय अधिकारी जल संरक्षण को लेकर गुरुर ब्लॉक के एक एक गांव को लेंगे गोद



पायनियर संवाददाता ◂ बालोद
www.dailypioneer.com

जिले में सड़क दुर्घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। आये दिन सड़क हादसों के मामले सामने आ रहे हैं और उन हादसों में लोग काल के ग्रास में बन रहें है। लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने गंभीरता से लेते हुए सख्ती दिखाई हैं। पुलिस एवं यातायात विभाग के अलावा अब एसडीएम एवं तहसीलदार भी वाहनों की समय समय पर जांच करेंगे। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने बालोद जिले में सड़क दुर्घटना में रोकथाम करने हेतु पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को समन्वित प्रयास करने तथा विस्तृत कार्य योजना बनाने के निर्देश भी दिए। इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में राजस्व, पुलिस, परिवहन तथा सड़क निर्माण कार्य से जुड़े विभाग के अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### यातायात नियमों का पालन नही करने वालो पर कार्यवाही के निर्देश

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले में सड़क दुर्घटना के रोकथाम के उपायों के संबंध में बैठक में उपस्थित अधिकारियों से सुझाव ली। उन्होंने इसके लिए प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने हेतु तैयारियों की भी विस्तृत समीक्षा की। इसके लिए उन्होंने शराब पीकर वाहन चलाने वालों तथा तेज गति से एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने निर्देश पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों को दिए। इसके अलावा उन्होंने ब्लैक स्पॉट पाइंट चिन्हित करने तथा यातायात नियमों का पालन नही करने वालों के विरूद्ध भी कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों को स्कूल, कॉलेजों तथा हाट बाजार आदि में जागरूकता अभियान चलाकर यातायात नियमों की जानकारी देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नगरीय निकायों में मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को सड़कों में घुमंतु मवेशियों के विचरण के समस्या की रोकथाम हेतु भी जरूरी उपाय सुनिश्चित करने को कहा।

### एसडीएम तहसीलदारों को वाहनों के जांच करने के निर्देश

बैठक में इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने लोक निर्माण विभाग तथा राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों से सड़क दुर्घटना के रोकथाम के उपायों के संबंध में जानकारी दी तथा इसमें कमी लाने हेतु दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम एवं तहसीलदारों को भी समय-समय पर वाहनों की जाँच करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक को 15 दिनों के अंतराल में नियमित रूप से सड़क दुर्घटना की रोकथाम सुनिश्चित करने हेतु संबंधित विभाग की अधिकारियों की बैठक लेकर इस संबंध में किए जा रहे उपायों की विस्तृत समीक्षा करने के निर्देश दिए।

### एक एक गांव को गोद लेने के निर्देश

बैठक में इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आगामी जून एवं जुलाई माह में जिले में वृहद वृक्षारोपण अभियान के दौरान अधिक से अधिक पौध रोपण की तैयारियों की भी समीक्षा की। इसके लिए उन्होंने समुचित तैयारी करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने जिले में जल संरक्षण के उपायों के संबंध में जानकारी ली। इसके लिए उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को गुरूर ब्लॉक के एक-एक गांव को गोद लेने के भी निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सभी प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समयावधि में करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने जिले में गन्ना फसल की पैदावार बढ़ाने की उपायों की समीक्षा करते हुए कृषि एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को इसके लिए जरूरी उपाय सुनिश्चित करने को कहा।

# परीक्षा परिणाम देखकर खिले बच्चों के चेहरे





पायनियर संवाददाता ◂ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

कक्षा 10वीं व 12वीं का परीक्षा परिणाम देखकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। उत्तीर्ण छात्र दोस्तों के साथ खुशी मनाते और सेल्फी लेते दिखाई दिए। अच्छे प्रतिशत अंक प्राप्त पाने वाले छात्रों ने अध्यापकों का आभार प्रकट किया है। युनिवर्सल पब्लिक हा. से. स्कूल मनेन्द्रगढ़ के प्राचार्य राजकुमार पाण्डेय द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं के उत्तीर्ण हुए सभी बच्चों को बधाई और शुभकामनाएँ दी गई। बच्चों के इस उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम का श्रेय उनके अथक प्रयास और कठिन परिश्रम को जाता है। सत्र 2023-24 में बोर्ड परीक्षाओं का रिजल्ट बहुत अच्छा एवं प्रशंसनीय रहा। संस्था में कक्षा 10वीं एवं 12 वीं के विद्यार्थी जो टॉप किए उनका नाम कक्षा-10वीं कुमारी आशना (93.6%), रिषिका विश्वकर्मा (90.8%),श्रद्धा शुक्ला (89.1%), अंशु शुक्ला (87.5%), तन्नु यादव (87.16%)। कक्षा 12वी. आदित्य सिंह (85.8%), गौरी सिंह (85.6%),मोहन साहू (81.4%) संजय गुप्ता (81%), पूजा गुप्ता (77.8%), भूमि सिंह (75.8%)। इन सभी बच्चों ने मेहनत करके अच्छे अंक अर्जित किये हैं। इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने इन्हें बधाई व शुभकामनाएँ दी। रिजल्ट आने की जानकारी पर छात्र सुबह से ही उत्सुक दिखाई दिए। छात्र लगातार मोबाइल, लैपटॉप पर रिजल्ट चेक करने का प्रयास करते रहे। रिजल्ट पास आउट होने के बाद छात्रों के चेहरे खिल उठे। छात्रों ने परीक्षा में प्राप्त सफलता का श्रेय अपने अध्यापकों को दिया है। छात्रों का कहना है कि अध्यापकों ने उन्हें पढाई के लिए प्रेरित किया है। उन्हें पढाई करने का माहौल दिया, जिसके कारण उन्हें परीक्षा में सफलता मिली है।

# दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन




पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

14 और 15 मई 2024 को मैट्स विश्वविद्यालय के वाणिज्य और प्रबंध विभाग द्वारा दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नए कन्वेंशन हॉलए सर्किट हाउस में आयोजित संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य भारत को 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्थ कैसे बनाया जाए। इस पर ध्यान दिया जा रहा है। इस संगोष्ठी में मुख्यमंत्री अतिथि के रूप में प्रदेश के उप.मुख्यमंत्री अरूण साव उनके साथ पद्मश्री फूलबासन बाई यादव थे। प्रथम दिवस प्रति तकनिकी सत्र में विभिन्न शोधार्थी द्वार शोध पत्र पढ़े गए। तकनिकी सत्र के मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. श्रीनिवास तथा डॉ. आशीष कुमार श्रीवास्तव रहे। साथ ही विश्व विद्यालय के कुलाधिपति गजराज पगारिया कुलपति डॉ. के.पि. यादव महानदेशक प्रियेश पगारिया कुलपति डॉ दीपिका ढांड कुलसचिव गोकुलानंद पण्डा वाणिज्य एवं प्रबंध के विभागाध्यक्ष डॉ.उमेष गुप्ता तथा साथ मे विश्वविद्यालय के विभिन्न विभाग के विभागाध्यक्ष और समस्त शिक्षकगण उपस्तिथ रहे। प्रथम दिवस में भारत को कैसे विश्वपटल पर 5 ट्रिलियन अर्थव्यवथा बनाया जाए, इस पर चर्चा की गई। स्वागत भाषण विभागाध्यक्ष डॉ.उमेष गुप्ता ने दिया। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. के. पी. यादव ने भी अपना अभिभाषण दिया तथा विष्वविद्यालय के कुलाधिपति गजराज पगारिया ने विद्यार्थीयों तथा शोद्यार्थीयों के उज्जवल भविश्य की कामना की तथा कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण उप.मुख्यमंत्री अरूण साव का उद्बोधन रहा तथा मुख्य वक्ता फूलबासन बाई यादव का चर्चा मुख्य केन्द्र बिन्दु था। सभी ने विभाग को इस शानदार योजना हेतु बधाई प्रेषित की।

# शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल चंगोराभाठा रायपुर का बोर्ड परीक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत




पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी कक्षा 10वी एवं 12वी में शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल चंगोराभाठा रायपुर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा 10वी से सोनम यादव, साक्षी वर्मा, कृति साहू, अदिति कुंधडकर, जागृति सारथी, लोकेश्वरी देवांगन, तोमेश्वरी साहू, अक्षरा राजपूत, ने प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होकर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। कक्षा 12वी में मोहित कुमार देवांगन, निखिल कुमार सिंह, रोशनी यादव, भूमि सिंह, कल्पना ध्रुव, आदित्य कुमार निषाद, हर्षिता सिंह, अनमोल हेमराज, दिगेश्वर साहू, ने प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होकर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि हेतु विद्यालय के प्राचार्य बंशी लाल सुर्गे, एवं विद्यालय के संचालक मुकेश गुप्ता एवं विद्यालय के समस्त प्राध्यापको ने परीक्षा में सफल हुए सभी विद्यार्थियों को उनके अथक प्रयास हेतु शुभकामनाएं प्रेषित कर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है। शांतिनिकेतन विद्यालय चंगोराभाठा रायपुर में कक्षा नर्सरी से 12वी तक की कक्षाएं संचालित कि जाती है, यहां सर्वसुविधा युक्त लाइब्रेरी, कंप्यूटर लैब, साइंस विषयो के लैब उपलब्ध है। प्रवेश हेतु संपर्क करने हेतु कार्यालय सुबह 8:00 से शाम 6.00 बजे तक खुला रहता है।

# अरशद ने कक्षा 12वीं में 91.2% अंक प्राप्त किया



पायनियर संवाददाता ◂ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

मनेन्द्रगढ़ नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ में सहायक राजस्व निरीक्षक के पद पर कार्यरत अमजद खान के पुत्र अरशद ने कक्षा 12वीं में 91.2% अंक प्राप्त कर परिजनों, क्षेत्र एवं विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है. अरशद केंद्रीय विद्यालय झगराखंड में कक्षा 12वीं के छात्र है। अरशद ने कक्षा 10वीं मैं भी उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए 92% अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप किया था। केंद्रीय विद्यालय झगड़ा खान के शिक्षक बीके घोषाल ने बताया कि अरशद प्रारंभ से ही अध्ययन के प्रति काफी लगनशील था। जिस तरह से उसने 12वीं प्रदर्शन किया है हमें उम्मीद है कि आने वाले समय में वह इस क्षेत्र का नाम जरूर रोशन करेगा। अरशद ने बताया कि वह आगे सिविल सर्विसेज के माध्यम से देश की सेवा करना चाहता है। स्पीच अरशद ने बिना किसी तैयारी के जे ई ई मैंस की प्रतियोगी परीक्षा में 92 भेज दी अंक प्राप्त कर चुका है। इस वर्ष भी वह जे ई ई मैंस की परीक्षा में शामिल होगा। बहरहाल इस उपलब्धि पर अरशद के परिवार जनों में काफी हर्ष है और उनके शुभचिंतक उन्हें निरंतर बधाई देने पहुंच रहे हैं।

# रेल्वे कालोनी मनेन्द्रगढ़ में 72 घंटे चलने वाले अखंड हरिनाम संकीर्तन का समापन



पायनियर संवाददाता ◂ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

रेल्वे कालोनी मनेन्द्रगढ़ में 72 घंटे चलने वाले अखंड हरिनाम संकीर्तन का मंगलवार की सुबह समापन हुआ। आयोजन के अंतिम दिन काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने अपने परिवार के लोगों के साथ संकीर्तन में पहुँच कर हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे.हरे राम हरे राम, राम राम हरे संकीर्तन का जाप किया। उल्लेखनीय है कि रेल्वे कालोनी मनेन्द्रगढ़ में 11 मई शनिवार को प्रातः 06:30बजे से 72 घंटे का अखंड हरिनाम संकीर्तन हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे, हरे राम हरे राम, राम राम हरे हरे का संकीर्तन का शुभारम्भ किया गया। यह संकीर्तन लगातार 72 घंटे तक अखंड रूप से चलता रहा। इस दौरान बड़ी संख्या में सनातन धर्म के लोग आयोजन में शामिल हुए. 14 मई 2024 मंगलवार को प्रातः 06:30 बजे समापन के बाद रात्रि में महोत्सव एवं भंडारा का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में सहयोग देने वाले समस्त लोगों के प्रति आयोजन समिति ने हृदय से साधुवाद व्यक्त किया है।

# बुजुर्ग-हमारी धरोहर पर छात्राओं का नुक्कड़ नाटक आज

रायपुर। शिवानी स्मृति सेवा संस्थान की छात्राओं द्वारा बुधवार 15 मई को सुबह 10.30 बजे बूढ़ेश्वर मंदिर चौक, बूढ़ातालाब के पास एक नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति की जाएगी। संस्थान के अध्यक्ष मुकेश शाह ने बताया कि बुजुर्ग हमारी धरोहर पर 11 छात्राएं घरों में बुजुर्गों की हो रही उपेक्षा तथा उनके साथ हो रही घरेलू प्रताड़ना प्रदर्शित करेंगी। बुजुर्ग किस तरह अपने मन की भावनाओं को घर में सबके सामने नहीं रख पाते और बाद में उन्हें वृद्धाश्रम भेज दिया जाता है, इसको भी नुक्कड़ नाटक में दिखाया जाएगा। नाटक के अंत में उपस्थित जनों को घर के बुजुर्गों के सम्मान व उन्हें कभी वृद्धाश्रम नहीं भेजने का संकल्प दिलाया जाएगा। नाटक में भाग लेने वाली छात्राएं हैं नंदिनी साहू, सेजल सोनी, सारिका सोनकर, गीतिका साहू, कुमकुम यादव, गुंजन सोनकर, राशि थवाईत, नीलिमा देवांगन, चेतना देवांगन, मोहिनी दुबे, निकिता यादव।

# कलेक्टर अग्रवाल की पहल से दिव्यांग राकेश विशेष विद्यालय में रहकर पुरी करेंगे अपनी पढ़ाई

पायनियर संवाददाता ◂ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक अग्रवाल की विशेष पहल से ग्राम खलियापानी के रहने वाले दिव्यांग राकेश अब अपनी आगे की पढ़ाई विशेष विद्यालय में रहकर पूरी करेंगे। कक्षा 12वी तक विशेष आवासीय विद्यालय में रहकर ओपन परीक्षा के माध्यम से अपनी पढ़ाई पूरी करेंगे। साथ ही कॉलेज की पढ़ाई में भी विभाग सहयोग करेगा। दरअसल ग्राम पंचायत कोठीगॉव के ग्राम-खलियापानी के रहने वाले दृष्टिबाधित दिव्यांग राकेश पिता बृजलाल के संबंध में संसाधन के अभाव में पढ़ाई पूरी नही कर पाने की सूचना मिलने पर कलेक्टर ने मामले की जांच कर आवश्यक सहयोग करने के निर्देश दिए थे। कलेक्टर अग्रवाल ने उप संचालक समाज कल्याण विभाग को दिव्यांग राकेश को पुनः शाला में प्रवेशित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। इसी तारतम्य में समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने राकेश के घर जाकर उनका हालचाल जाना। साथ ही पढ़ाई में क्या दिक्कत आ रही इसकी भी जानकारी ली। उप संचालक समाज कल्याण विभाग गरियाबंद ने बताया कि दिव्यांग राकेश और उनके परिजनों से संपर्क किये जाने पर जानकारी प्राप्त हुआ कि दिव्यांग राकेश को समाज कल्याण विभाग से मान्यता प्राप्त संस्था प्रेरक स्वैच्छिक संस्था राजिम द्वारा संचालित विद्यालय-राजिम द्वारा वर्ष 2016 से दिसम्बर 2023 तक समुदाय आधारित पुनर्वास कार्यक्रम अंतर्गत विशेष शिक्षण-प्रशिक्षण दिया गया है। साथ ही ब्रेललिपि, ट्रेलर फेम, केन तकनीकी, मोबिलिटी एवं अन्य विशेष शिक्षण गतिविधियों के माध्यम से संस्था के विशेष शिक्षक द्वारा शिक्षण-प्रशिक्षण कराया गया है। दिव्यांग राकेश सक्षम दिव्यांग आवासीय विद्यालय राजिम से कक्षा 8वीं उत्तीर्ण है।

**यूवी एसेट रिकन्सट्रक्शन कंपनी लिमिटेड ("यूवीएआरसीएल")**
**कॉर्पोरेट कार्यालयः 1304, चिरंजीव टॉवर, 43, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली – 110 019**
**बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना**

प्रतिभूतिकरण व वित्तीय परिसम्पत्तियों के पुनर्निर्माण व सुरक्षा हित अधिनियम के क्रियान्वयन अधिनियम, 2002, जिसे सुरक्षा हित (क्रियान्वयन) नियम 2002 के नियम 6, 7, 8 एवं 9 के अनुसार यह बिक्री सूचना सार्वजनिक की जाती है। निम्नलिखित सम्पत्ति का कब्जा लेने के बाद यूवी एसेट रिकन्सट्रक्शन कंपनी लिमिटेड, (यूवीएआरसीएल), एक एसेट रिकन्सट्रक्शन कंपनी जो कि भारतीय रिजर्व बैंक से सरफेसी अधिनियम 2002 के अंतर्गत पंजीकृत, ने अपने सुरक्षित ऋण की वसूली के लिए निम्नलिखित उधारकर्ता के साथ नीचे विस्तारित जमानतदार की सम्पति बेचने के लिए अद्योहस्ताक्षरी द्वारा निर्णय लिया गया। **"जो है जैसा है, जहां है वहां है व जैसा है वैसा है"** के आधार पर अधोहस्ताक्षरी इच्छुक क्रेताओं व बोली लगाने वालों से निम्न वर्णित सम्पतियों के खरीद के लिए बन्द लिफाफे में आवेदन आमन्त्रित की जाती है।

| खाता/कर्जदार/बंधककर्ता का नाम | मांग सूचना के अनुसार दावा राशि | सम्पत्ति/यों का विवरण | आरिक्षत मूल्य / धरोहर राशि (10%) | कब्जे की स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| उधारकर्ता – **मैसर्स बीएसआर डायग्नोस्टिक लिमिटेड** (पंजीकृत कार्यालयः 15, वाणिज्यिक परिसर, नेहरू नगर (एफ), भिलाई, जिला दुर्ग (सीजी) पिन–462020) और इसके 'गारंटर' | रु. 66,67,45,675/– (रु. छियासठ करोड सडसठ लाख पैतालीस हजार छः सौ पचहत्तर केवल) दिनांक 30.04.2017 तक और दिनांक 01.05.2017 से उक्त राशि पर संविदात्मक दरों से आगे का ब्याज, आकिस्मक खर्चे, लागत, प्रभार इत्यादि, बाद का क्रेडिट घटकार यदि कोई हो | 1. परिवर्तित रिहायशी प्लॉट नं. ई-2, टाईप ए-1, खसरा नं. 7/35 का हिस्सा, वीआईपी सिटी, कुशा भाऊ ठाकरे वार्ड, वार्ड नं. 26, मौजा सड्डू, रायपुर (सी जी) साथ ही उस पर निर्माण भी, यह सम्पत्ति डॉ. मनमोहन कुमार खंडूजा पुत्र डी.पी खंडूजा के नाम पर है। भूमि क्षेत्रफल 2400 वर्ग. फुट. (40'X60'), प्लिंथ क्षेत्रफल 1006 वर्ग फीट, चौहद्दीः पूरब में - रोड, पश्चिम में - प्लॉट नं. एफ-2, उत्तर में - प्लॉट नं. ई-3, दक्षिण में - प्लॉट नं. ई-1 | रु. 63,20,000/- / रु. 6,32,000/- | दिनांक 12.02.2024 को भौतिक कब्जा लिया गया |
| | | 2. परिवर्तित रिहायशी-सह-वाणिज्यिक प्लॉट नं. 15, मोती लाल नेहरू नगर (पूर्व) भिलाई, कोसा नगर वार्ड, वार्ड क्रमांक-2, तहसील एवं जिला दुर्ग (सी.जी.) साथ ही उस पर निर्माण, यह सम्पत्ति डॉ. मनमोहन कुमार खंडूजा पुत्र डी.पी खंडूजा के नाम पर है। भूमि क्षेत्रफल 93.75 वर्ग. मी., चौहद्दीः पूरब में - प्लॉट नं. 16. पश्चिम में - खुली भूमि, उत्तर में - रोड़, दक्षिण में - रोड़ | रु. 90,00,000/- / रु. 9,00,000/- | दिनांक 12.02.2024 को भौतिक कब्जा लिया गया |

**संपत्तियों के निरीक्षण की तिथि और समयः 27.05.2024 से 30.05.2024 को प्रातः 11.00 बजे से शाम 5.00 बजे के बीच**
**प्रस्ताव प्राप्त करने की अंतिम तिथि और स्थानः यूवी एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड,**
1304, चिरंजीव टॉवर, 43, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली–110019 पर **31.05.2024** को दोपहर 02.00 बजे तक
**निविदाएं खोलने की तिथि और स्थानः** कॉर्पोरेट कार्यालय अर्थात यूवी एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड,
1304, चिरंजीव टॉवर, 43, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली–110019 पर **31.05.2024** को शाम 04.00 बजे तक

**नियम व शर्ते**
बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तें सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट www.uvarcl.com पर उपलब्ध हैं।
किसी भी प्रश्न के लिए आप कृपया प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक के बीच 9319164656, 9477305326 पर संपर्क कर सकते है या resolutionteam@uvarcl.com, uvarcl@gmail.com पर लिखें।
*यह उक्त वर्णित सम्पति के ऋणी/गारंटर को भी अधिसूचना है कि उनका बताये गये ऋण के पूरा भुगतान न होने की स्थिति मे उक्त वर्णित सम्पति की नीलामी हो रही है।*

हस्ता/–
दिनांकः 15-05-2024,
स्थानः रायपुर
प्राधिकृत अधिकारी,
(यूवी एसेट रिकन्सट्रशन कंपनी लिमिटेड)

**IndusInd Bank**
क्षेत्रीय कार्यालयः 3ए अपर वुड स्ट्रीट शाखा, पहली मंजिल, सावित्री टॉवर, कोलकाता – 700017

**परिशिष्ट–IV–क**
**[नियम 8(6) का परंतुक देखें]**
**अचल संपत्ति की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**
**वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) अधिनियम 2002 के नियम 8(6) के प्रावधानों के साथ पठित अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु नीलामी बिक्री नोटिस**

आम जनता को और विशेष रूप से कर्जदार(रों) और गारंटर(रों) को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, का **भौतिक** कब्जा, इंडसइंड बैंक लिमिटेड, प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, के **कर्जदार सिद्धि एग्रो फूड्स प्रा. लिमिटेड (उधारकर्ता), श्री सुशील कुमार जैन (निदेशक और गारंटर), श्री सुनील कुमार जैन (निदेशक और गारंटर), श्रीमती चंद्र कला जालान (गारंटर), श्रीमती संजू जालान (गारंटर), श्री सुरेश कुमार जालान (गारंटर), श्री बिहारीलाल जैन (गारंटर) और मैसर्स सुशील इंडस्ट्रीज (इसके प्रोपराईटर - सुशील कुमार जैन द्वारा प्रतिनिधित्व) (गारंटर)** से इंडसइंड बैंक लिमिटेड, प्रतिभूत लेनदार की बकाया राशि रु. **70,42,12,056.16** (रु. सत्तर करोड़ ब्यालीस लाख बारह हजार छप्पन और पैसे सोलह मात्र) दिनांक 03.04.2024 तक और दिनांक 04.04.2024 से संविदात्मक दर पर भविष्य का ब्याज इत्यादि सहित की वसूली हेतु "जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर नीचे वर्णित विशिष्ट तिथियों पर बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य, जमा धरोहर राशि और संपत्ति के निरीक्षण की तारीख नीचे वर्णित है।

| लॉट नं. | सुरक्षित संपत्ति का विवरण | ज्ञात भार | आरक्षित मूल्य | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि सुशील कुमार जैन के नाम पर जिसका दुकान नं./प्लॉट नं.- 9, सर्वे नं. 355(पी) का भाग, भूमि क्षेत्रफल 286 वर्ग फुट, (उस पर निर्माण सहित) अन्नपूर्णा कॉम्प्लेक्स, अग्रसेन रोड, मौंजा भैस्थान, रामसागरपारा, ग्राम- चिरहुलडीह, पी.एच. नं. 106-बी, आर.आई.सी. - रायपुर-1, रामसागरपारा वार्ड नं. 17, सिटी तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ और चौहद्दीः (विक्रय पत्र के अनुसार) उत्तर में - अन्य की संपत्ति, दक्षिण में - सड़क, पूरब में - विक्रेता की संपत्ति और पश्चिम में - विक्रेता की संपत्ति | शून्य | रु. 40,00,000/– (रु. चालीस लाख मात्र) | रु. 4,00,000/– (रु. चार लाख मात्र) |
| 2. | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि चंद्रकला जैन के नाम पर जिसका कार्यालय सं. 327, कारपेट क्षेत्रफल - 165 वर्ग फुट (उस पर निर्माण सहित) अरिहंत कॉम्प्लेक्स की तीसरी मंजिल, म्युनिसीपल मकान नं. 12/358 से 365 तक का भाग, कालकरपारा वार्ड क्रमांक 14 (पुराना) इंदिरा गांधी वार्ड क्रमांक 20 (नया), स्टेशन रोड, ग्राम रायपुर खास, पी.एच. नं. 106-ए, आर.आई.सी. - रायपुर-। सिटी, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ और चौहद्दीः (विक्रय पत्र के अनुसार) - उत्तर में - भवन का मार्ग, दक्षिण में - मार्ग, पूरब में - कार्यालय सं. 326 और पश्चिम में - कार्यालय सं. 328 | शून्य | रु. 14,50,000/– (रु. चौदह लाख पचास मात्र) | रु. 1,45,000/– (रु. एक लाख पैंतालीस हजार मात्र) |
| 3. | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि चंद्रकला जैन के नाम पर श्री कृष्णा अपार्टमेंट के ब्लॉक डी के फ्लैट नं. डी-105, निर्मित क्षेत्रफल-784.93 वर्ग. फुट एवं बालकनी क्षेत्रफल-90.93 वर्ग. फुट. कुल क्षेत्रफल- 875.86 वर्ग. फुट., (उस पर निर्माण सहित) सर्वे सं. 625/4-7, 625/5-8, 625/9-10 का भाग, ग्राम-मोवा, पी.एच. सं. 109, आर.आई.सी.-रायपुर-1, डॉ. भीमराव अम्बेडकर, वार्ड सं. 27, सिटी, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ और चौहद्दी (विक्रय पत्र के अनुसार) : उत्तर में - फ्लैट नं. ए-106, दक्षिण में - खुली जगह, पूरब में - खुली जगह और पश्चिम में - गालियारा | शून्य | रु. 30,65,000/– (रु. तीस लाख पैंसठ मात्र) | रु. 3,07,000/– (रु. तीन लाख सात हजार मात्र) |
| 4. | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि चंद्रकला जैन और संजू जैन के नाम पर, सर्वे सं. 778/11 भूमि क्षेत्रफल 0.166 हेक्टेयर (17860 वर्ग फुट), (उस पर निर्माण सहित), ग्राम-हीरापुर उर्फ जरवाय, पी.एच. नंबर 103, आर.आई.सी. -रायपुर-।, रामकृष्ण परमहंस, वार्ड सं. 2, सिटी तहसील एवं जिला - रायपुर (छत्तीसगढ़) और चौहद्दी (विक्रय पत्र के अनुसार) : उत्तर में - नंदकिशोर की संपत्ति, दक्षिण में - लाहोटी की संपत्ति, पूरब में - नहर और पश्चिम में - सड़क | शून्य | रु. 4,46,50,000/– (रु. चार करोड़ छियालीस लाख पचास हजार मात्र) | रु. 44,65,000/– (रु. चौवालीस लाख पैंसठ हजार मात्र) |
| 5. | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि सुशील इंडस्ट्रीज (प्रोप. सुशील कुमार जैन) के नाम पर प्लॉट नं. 48/6 (पी), भूमि क्षेत्रफल 0.093 हेक्टेयर या 10000 वर्ग फुट (उस पर निर्माण सहित), ग्राम - गोंदवारा, पीएच सं. 108, यतियतान वार्ड क्रमांक-4, सिटी, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ और चौहद्दी (विक्रय पत्र के अनुसार): उत्तर में - विक्रेता की संपत्ति, दक्षिण में - विक्रेता द्वारा अन्य को बेची गई संपत्ति, पूरब में - रोड और पश्चिम में - रोड | शून्य | रु. 1,00,00,000/– (रु. एक करोड़ मात्र) | रु. 10,00,000/– (रु. दस लाख मात्र) |
| 6. | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि श्री बिहारी लाल जैन के नाम पर, प्लॉट नंबर 32, सर्वे सं. 696/7 का भाग, क्षेत्रफल - 2400 वर्ग फुट, (उस पर निर्माण सहित) स्वामी आत्मानंद वार्ड सं. 15, समता कॉलोनी, ग्राम - चिरहुलडीह, पी.एच. सं. 106-बी, आर.आई.सी. -रायपुर-।, सिटी, तहसील एवं जिला रायपुर-छत्तीसगढ़ और चौहद्दी (विक्रय पत्र के अनुसार) : उत्तर में - प्लॉट नं. 26, दक्षिण में - रोड, पूरब में - प्लॉट नं. 31 और पश्चिम में - प्लॉट नं. 31 | शून्य | रु. 2,08,00,000/– (रु. दो करोड़ आठ लाख मात्र) | रु. 20,80,000/– (रु. बीस लाख अस्सी हजार मात्र) |

| | |
|---|---|
| नीलामी की तिथि एवं समय | लॉट नं. 1 हेतुः 24-06-2024 (सुबह 11:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक)<br>लॉट नं. 2 हेतुः 24-06-2024 (दोपहर 02:30 बजे से दोपहर 03:30 बजे तक)<br>लॉट नं. 3 हेतुः 25-06-2024 (सुबह 11:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक)<br>लॉट नं. 4 हेतुः 25-06-2024 (दोपहर 02:30 बजे से दोपहर 03:30 बजे तक)<br>लॉट नं. 5 हेतुः 26-06-2024 (सुबह 11:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक)<br>लॉट नं. 6 हेतुः 26-06-2024 (दोपहर 02:30 बजे से दोपहर 03:30 बजे तक) |
| ऑनलाइन नीलामी वेबसाइट | https://www.bankeauctions.com |
| ऑनलाइन बोलियां जमा करने की अंतिम तिथि | 21-06-2024 (सभी लॉट नं. हेतु) |
| न्यूनतम बोली वृद्धि राशि | रु. 1,00,000/- मात्र (सभी लॉट नं. हेतु) |
| इच्छुक खरीदारों हेतु संपत्ति के निरीक्षण की तिथि एवं समय | लॉट नं. 1 और 2 हेतुः 10-06-2024 (सुबह 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक)<br>लॉट नं. 3 और 4 हेतुः 11-06-2024 (सुबह 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक)<br>लॉट नं. 5 और 6 हेतुः 12-06-2024 (सुबह 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक) |
| प्राधिकृत अधिकारी का संपर्क विवरण | मोबाइल नंबर 9874438785<br>ईमेल rohit.swaroop@indusind.com |

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट अर्थात www.indusind.com या सेवा प्रदाता की वेबसाइट अर्थात https://www.bankeauctions.com पर दिए गए लिंक को देखें।

**सरफेसी अधिनियम के प्रावधानों/नियमों के अंतर्गत बिक्री हेतु वैधानिक 30 दिन का नोटिस**
उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर इस नोटिस को 30 दिनों की बिक्री नोटिस के रूप में मानें, उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर्स को एतद्द्वारा इस बिक्री सूचना की तारीख से 30 दिनों के भीतर ऊपर बताए अनुसार अपनी देयता का पूर्ण निर्वहन करने और प्रतिभूत आस्ति पर बंधक सम्पत्ति को छुड़ाने का अंतिम और अंतिम अवसर दिया जाता है, ऐसा न करने पर प्रतिभूत आस्ति को ऊपर उल्लिखित निबंधन और शर्तों के अनुसार बेच दिया जाएगा।

दिनांकः 15.05.2024
स्थानः रायपुर
प्राधिकृत अधिकारी
इंडसइंड बैंक लिमिटेड

# पुलिस अधीक्षक कार्यालय से कुछ मीटर की दूरी पर शराब, गांजा की अवैध बिक्री, शराब खरीदते यातायात सिपाही कैमरे में कैद



- पुलिस विभाग के संरक्षण में चल रहा कारोबार
- बसंतपुर थाना प्रभारी संदेह के घेरे में

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जहाँ एक ओर राजनांदगांव पुलिस चौतरफा कानून व्यवस्था बनाने और मादक पदार्थों की बिक्री के रोकथाम का ढिंढोरा पीट रही है वहीं जिला मुख्यालय में जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय से महज कुछ मीटर की दूरी पर नया बस स्टेण्ड में चौबीसों घंटे गांजा व् शराब की अवैध बिक्री चालू है। बीते दिनों पायनियर के कैमरे में खुद यातायात का एक सिपाही अवैध शराब दुकान से शराब खरीदते हुए कैमरे में कैद हुआ है। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि उक्त अवैध कारोबार के विषय में पुलिस विभाग को पता ना हो बल्कि ऐसा कहना भी सही होगा कि पुलिस के संरक्षण में ही इस तरह के अवैध शराब दुकान फल और फूल रहे हैं। गौरतलब है कि शहर में चारों ओर अवैध शराब बिक्री सहित नशीली दवाइयों का बेखौफ कारोबार जारी है। शाम होते ही ग्राहकों की ऐसे जगहों पर लाइन लग जाती है । ये सब मामले और ठीये पुलिस की जानकारी में भी हैं लेकिन महीना बंदी रकम की वजह से इन पर पुलिस लगाम नहीं लगा पा रही है। शहर के मध्य में नया बस स्टेण्ड में भी लगातार इस तरह के अवैध कारोबार का संचालन जारी है जहाँ से खुद पुलिस वाले शराब खरीद रहे हैं लेकिन ऐसे लोगों पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही ना होना समझ से परे है। बसंतपुर थाना क्षेत्र के ज्यादातर क्षेत्रों में शराब की अवैध बिक्री जारी है जहाँ लोगों को बैठाकर शराब भी पिलाया जाता है और अवैध शराब बेचा भी जाता है लेकिन बसंतपुर थाना प्रभारी की जानकारी में सभी मामले होने के बाद भी उन्हें संरक्षण दिया जा रहा है जिससे जाहिर होता है कि कहीं ना कहीं आपसी लेनदेन की वजह से मामला फंसा हुआ है।

### शाम होते ही असामाजिक तत्वों का जमावड़ा आसपास के दुकानदार परेशान

नया बस स्टेण्ड में अवैध शराब बिक्री की वजह से शाम होते ही वहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लग्न शुरू हो जाता है। शराब खरीद कर पीने वाले लोगों के हुड़दंग की वजह से जहाँ एक ओर आसपास के दुकानदारों का ना सिर्फ धंधा खराब होता है वहीं आसपास का माहौल भी लोगों के लिए खराब हो जाता है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से महज कुछ ही दूरी पर यह सब चालू है लेकिन आज तक किसी पर भी किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

# चुनाव कार्य में लापरवाही बरतने वालों पर गिरी गाज

## एक निलंबित, चार के निलंबन का प्रस्ताव, तीन की वेतन वृद्धि रोकी, आठ को चेतावनी

पायनियर संवाददाता ◂ खैरागढ़
www.dailypioneer.com

मतदान के दौरान मतदान दलों को सामग्री वितरण में लापरवाही बरतने, निर्वाचन ड्यूटी से नदारद रहने वाले कर्मचारियों पर गाज गिरनी शुरू हो गई है। जिले में दूसरे चरण के तहत लोकसभा निर्वाचन कार्य में बीमारी सहित अन्य बहाना बनाने वाले कर्मचारियों की जांच के बाद जिला प्रशासन ने एक शिक्षक को निलंबित कर दिया है। चार शिक्षकों को निलंबित करने का प्रस्ताव संचालनालय शिक्षा विभाग रायपुर को भेजा गया है। तीन कर्मचारियों की वेतन वृद्धि रोकने और आठ कर्मचारियों को चेतावनी जारी की गई है। लोकसभा चुनाव के दौरान स्थानीय पिपरिया स्थित निर्वाचन स्ट्रांग रूम में मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण के लिए तैनात किए गए कर्मचारियों में से 47 कर्मचारियों ने विभिन्न बहाना बनाकर अपने कार्य पर नहीं पहुंचे थे। आनन फानन में निर्वाचन कार्य को संपादित करने रिजर्व कर्मचारियों को तैनात कर सामग्री वितरण किया गया जिसके चलते मतदान दलों की रवानगी में काफी देरी हुई थी। मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद जिला प्रशासन ने इस बड़ी लापरवाही पर एक्शन लेने चुनाव कार्य से नदारद रहे सभी 47 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। संतुष्टि प्रद जवाब नहीं आने के बाद विधिवत कार्यवाही की गई। नदारद रहे कर्मचारियों में शिक्षाविभाग के 36, इंदिरा संगीत विवि के 10, वनविभाग का एक कर्मी शामिल था।

### एक निलंबित, चार का प्रस्ताव, तीन की वेतनवृद्धि रोकी

निर्वाचन कार्य के दौरान सामग्री वितरण में लापरवाही बरतने तथा संतुष्टिप्रद जवाब नहीं देने के बाद शिक्षा विभाग के धृतेन्द्र सिंह को जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने निलंबित कर दिया है। संचालनालय स्तर की कार्यवाही होने के चलते चार शिक्षकों निमेश सिंह, अनुराग सिंह, भानुप्रताप मेश्राम और पालकराम कामड़े को निलंबित करने का प्रस्ताव जिला निर्वाचन कार्यालय से संचालनालय शिक्षा विभाग रायपुर को भेजा गया है। इसी तरह इंदिरा कला संगीत विवि कर्मी असित सिंह चौहान, शिक्षा विभाग के शिव डड़सेना, और बिसाहू चंदेल की एक एक वेतन वृद्धि रोकने के आदेश दिए गए हैं जबकि आठ कर्मचारियों को चेतावनी देकर छोड़ा गया है। इसमें शिक्षा विभाग से सुलक्षणा सिंह, शताब्दी सिंह, इंदिराकला संगीत विवि के कौस्तुभ रंजन, जगदेव नेताम, विवेक नवरे, दिवाकर कश्यप, विवेक देशमुख और वनमंडल खैरागढ़ के दिलीप राजपूत शामिल हैं। बाकी कर्मचारियों के जवाब की जांच सही पाए जाने के चलते उन्हें कार्यवाही से दूर रखा गया।

# ट्रक से टकराने से एक की मौत, दूसरा घायल

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




शहर के बाहर सर्विस रोड में मंगलवार सुबह एक बाइक में सवार दो युवक सामने से आ रही ट्रक से जा भिड़े। हादसे में बाइक चला रहे एक युवक की मौत हो गई। वहीं साथी को गंभीर चोट पहुंची है। घायल युवक का स्थानीय मेडिकल कॉलेज में उपचार चल रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक चिखली के रहने वाले मनहरण निषाद अपने दोस्त संगीत यादव के साथ मोटर साइकिल में सवार होकर घर से सोमनी जाने निकला था। इस दौरान दुर्ग रोड स्थित रामदरबार चौराहे के सर्विस रोड में सामने से आ रही ट्रक से मोटर साइकिल जा भिड़ी। हादसे में घटनास्थल पर मनहरण निषाद की मौके पर मौत हो गई। वहीं दूसरे युवक को काफी चोंट पहुंची है। बताया जा रहा है कि जोरदार टक्कर मारने से मृतक और उसका साथी घटनास्थल में गिर गए, जहां बाइक चला रहे युवक की जान चली गई। घायल युवक संगीत यादव का पैर में गंभीर चोंट पहुंची है। कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू ने पायनियर को बताया कि हादसे में एक युवक की मौत हुई है। घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया गया है। साथ ही ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। रामदरबार चौराहा हादसे के लिए लिहाज से काफी खतरनाक चौक बन गया है। डेंजर जोन होने के कारण यहां हादसे होते रहते हैं।

# हजारों पर्यटक पहुंचे रहस्यों से भरी मंडीपखोल गुफा देखने

## अक्ती पर्व के बाद पहले सोमवार को साल में एक बार खुलती है गुफा

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



खैरागढ़ जिले के गंडई इलाके के ठाकुरटोला जंगल में स्थित मंडीपखोल गुफा को देखने के लिए हजारों पर्यटक सोमवार को दिनभर मौजूद रहे। अक्षय तृतीया पर्व के बाद पहले सोमवार को मंडीपखोल गुफा साल में एक बार खुलता है। गुफा को रहस्यमयी माना जाता है। राजपरिवार के सदस्यों द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद गुफा में प्रवेश का सिलसिला शुरू हुआ। मिली जानकारी के अनुसार अक्षय तृतीया के बाद पडने़ वाले पहले सोमवार को ही यह गुफा खुलती है। दिन ढलते ही सालभर के लिए इस गुफा को फिर बंद कर दिया जाता है। मंडीपखोल गुफा को देखने के लिए बड़ी संख्या में हर साल लोग पहुंचते हैं। पर्यटन स्थल को लेकर इस बार प्रशासनिक टीम ने भी खास व्यवस्था की थी। पहली बार गुफा के पास पुलिस बल से लेकर मेडिकल टीम भी मौजूद रही। प्रशासनिक टीम के मुताबिक मंडीपखोल गुफा को देखने सोमवार को लगभग 10 हजार से अधिक पर्यटक पहुंचे थे। मंडीपखोल गुफा का निरीक्षण करने के लिए सोमवार को पुरातात्विक विभाग की टीम भी पहुंची थी।

टीम के सदस्यों ने गुफा में प्रवेश कर कई तथ्य जुटाए। बताया जा रहा है कि मंडीपखोल गुफा कई रहस्यों को समेटे हुए हैं, जिसे लेकर पुरातात्विक विभाग भी कई तथ्य जुटा रहे हैं। आने वाले समय में मंडीपखोल गुफा को पर्यटन के लिहाज से विकसित करने की भी तैयारी है।


### मधुमक्खियों का हमला

ठाकुरटोला के जंगल में स्थित मुडीपखोल गुफा देखने देखने बड़ी संख्या में लोग हर साल पहुंचते हैं। सुबह से शाम तक बड़ी संख्या में लोग गुफा घूमने पहुंचते हैं। सोमवार को गुफा के पास मौजूद भीड़ पर अचानक मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। अचानक हमले से दर्जनों पर्यटक गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं घायलों को नजदीक के अस्पताल ले जाया गया। वहीं मधुमक्खियों के अचानक हमला होने से मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई थी। कुछ देर बाद मधुमक्खियों के शांत होने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

# दोनों नए जिलों में उठाव नहीं होने से केंद्र प्रभारियों की चिंता बढ़ी

- खरीदी के 3 माह बाद भी परिवहन नहीं, केंद्रों में करोड़ों का धान सूखा

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



सरकारी खरीदी के निपटने के तीन माह बाद भी उठाव ना किए जाने के चलते उपार्जन केंद्रों में करोड़ों रुपए का धा सूख गया है। सबसे ज्यादा खराब हालत नवगठित खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और मोहला-मानपुर-चौकी जिले की है, जहां की सोसायटियों में गर्मी के कारण पांच सौ से एक हजार क्विंटल तक धान सूख गया है। प्रशासन द्वारा सोसायटियों से रिकवरी कराए जाने की तैयारियों बीच ही विरोध की भी स्थिति निर्मित हो गई है। सोसायटी कर्मियों का कहना है कि परिवहन नहीं होने के कारण खुले आसमान में पड़े धान सूख गए हैं। चुनावी साल में एक नवंबर से शुरू हुई धान की सरकारी खरीदी इस बार 4 फरवरी तक की गई। खरीदी शुरूआती दिनों से ही परिवहन की व्यवस्था ठीक नहीं हो के कारण अविभाजित जिले में कई बार उपार्जन केंद्रों जाम की स्थिति निर्मित होने के कारण खरीदी को रोकना पड़ा। फरवरी माह में खरीदी के बंद होने के बाद भी खाद्य विभाग द्वारा डीओ जारी करने में विलंब किया गया। यही कारण है कि परिवहन के लेट होने के चलते खुले आसमा में रखे धान के बोरे बारिश में जहां भीगते रहे। वहीं भीषण गर्मी में अब सूख रहे हैं।

### रिकवरी से कर्ज में डूबेगी सोसायटी

राज्य शासन द्वारा सूखत की वसूली सोसायटी और उपार्जन केंद्र के कर्मियों से किए जाने के निर्देश हैं। इस बार प्रशासनिक लापरवाही के कारण दोनों जिलों में धान का परिवहन नहीं हुआ है। तीन माह बाद भी उपार्जन केंद्रों में धान रखा हुआ है। ऐसी स्थिति में यदि सोसायटियों से सुखत की वसूली की जाएगी तो कई सोसायटियां न सिर्फकर्ज में डूबेगी, बल्कि कर्मियों को वेतन भी नहीं मिल पाएगा।

### नांदगांव जिले में सूखत जीरो

राजनांदगांव जिला प्रशासन द्वारा धान खरीदी के साथ-साथ परिवहन को लेकर तगड़ी रणनीति तैयार किए जाने के चलते इस बार भी राजनांदगांव जिले के उपार्जन केंद्रों में सूखत का आंकड़ा जीरो आया है। यहां समय-सीमा के भीतर धान का उठाव किए जाने के चलते सुखत की कोई दिक्क तें सामने नहीं आई है। राइस मिलर्स ने भी जिले से धान का उठाव शत-प्रतिशत पूरा कर दिया है।

# शिक्षिका कोनिका सोनी को उत्कृष्ठ सेवा सम्मान

## जिले के 2 अध्यापकों को राज्य स्तरीय पुरुस्कार



पायनियर संवाददाता ◂ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा 11 मई 2024 को रायपुर में कला एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले राज्य स्तर के शिक्षकों को राज्य स्तरीय उत्कृष्ट सेवा सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया। श्रीमती सोनी को छतीसगढ़ के प्रबुद्धजनों के हाथों सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में मुख्यअतिथि वरिष्ठ साहित्यकार व नंदा जा ही का रे गीत के गायक मीर अली मीर, आरपीएफ राजनांदगांव प्रभारी व पंडवानी गायिका तरुणा साहू, पावन डहरिया, चंद्रशेखर परघनिया, तारेंद्र चंद्राकर सहित साहित्य व कला के क्षेत्र में महारत महामहिम राष्ट्रपति से सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षक परसराम साहू सहित गणमान्यजन उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि सम्मान समारोह में उपस्थित छत्तीसगढ़ के उत्कृष्ट शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वाले छत्तीसगढ़ के चयनित 91 शिक्षकों को आमंत्रित किया गया था। इनमें राजनांदगांव जिले के एक शिक्षक व एक शिक्षिका शामिल है। इनमें ग्राम चिचदो के प्राथमिक शाला की शिकशील कोनिका सोनी को उत्कृष्ट शिक्षकीय कार्य हेतु सम्मानित करने के लिए आमंत्रित किया गया था। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों ग्राम चिचदो के प्राथमिक शाला में हुए न्योता भोजन के दौरान उनके द्वारा बनाए गए विभिन्न नवाचार की सामग्रियों का प्रदर्शन किया गया, उनके द्वारा बच्चों को गणित, हिंदी व अंग्रेजी जैसे विषयों को सरलता से समझने के लिए विभिन्न प्रकार के टीएम का निर्माण कर बच्चों का नए कलेवर में शैक्षणिक विकास किया जा रहा है।

### हत्या कर सड़क दुर्घटना का रूप देकर बीमा की रकम पाने के लालच रची साजिश

# खैरागढ़ में हुए अंधे कत्ल का खुलासा, बीमा के लाखों रूपयों के लालच में ममेरे भाई ने षड़यंत्र रचकर घटना को दिया अंजाम

पायनियर संवाददाता ◂ खैरागढ़
www.dailypioneer.com




थाना खैरागढ़ क्षेत्र के ग्राम कुम्ही डोंगरगढ़ मार्ग पर पुल के पास पूर्व जिला पंचायत सदस्य के पुत्र का शव मिलने के बाद उसके हत्या की आशंका जताई जा रही थी जिसके आधार पर पुलिस ने विवेचना शुरू की और इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सड़क पर मिले शव की पहचान उत्तम जंघेल पिता अमृत लाल जंघेल निवासी आमाघाट कादा के रूप में हुआ था। जिसके बाद शार्ट पीएम रिपोर्ट पर मृतक की मृत्यु गला घोटने से किया जाना पाया गया । जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि मृतक के नाम पर कुछ माह पहले हारवेस्टर वाहन एवं एक स्कार्पियों एन वाहन खरीदी गई है इस जानकारी के आधार पर विवेचना टीम द्वारा लगातार प्रयास करने पर जानकारी मिली थी। मृतक के मामा के लड़के हेमंत ढेकवार पिता स्व.भैयालाल ढेकवार उम्र 38 साल निवासी महाराजीटोला, कहाली थाना साल्हेकसा जिला गोंदिया के पास मृतक के उक्त दोनो वाहन होने की सूचना पर महाराष्ट्र जाकर हेमेंत ढेकवार के गतिविधियों पर बारीकी से नजर रखकर सूचना संकलन किया गया। संदेह के आधार पर जब हेमंत को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया तब उसने बताया कि उसने हेमंत के नाम पर एक स्कार्पियों वाहन माह जनवरी 2024 में एवं एक हारवेस्टर वाहन माह फरवरी 2024 में क्रय कर दोनो वाहनों में करीब 30 लाख का फायनेंस करवाया था। साथ ही उक्त फायनेंस रकम का इन्श्योरेंस कराया था जिससे यदि फायनेंस अवधि में उत्तम जंघेल को कुछ हो जाता है तो उसके नाम पर लिये गये सारे लोन की रकम इन्श्योरेंस कंपनी द्वारा भुगतान किया जाता। साथ ही आरोपी हेमंत द्वारा मृतक उत्तम का भारतीय जीवन बीमा निगम से 40 लाख का दुर्घटना बीमा एवं एक्सीस बैंक आमगांव से 40 लाख का आमगांव से दुर्घटना बीमा कराया था जिसके किस्तो का भुगतान स्वयं करता था। उक्त रकम के लालच में आकर आरोपी ने योजना के मुताबिक उत्तम को कार दिलाने के नाम पर फोन कर डोगरगढ़ बुलाया और अपने साथी सुरेश मच्छिरके निवासी कंवराबंध एवं प्रेमचंद लिल्हारे निवासी खेड़ेपार दोनो थाना साल्हेकसा महाराष्ट्र को बीमा की रकम मिलने पर पैसे देने की बात कहकर अपने साथ शामिल कर लिया फिर तीनो योजना के मुताबिक उत्तम के नाम पर लिये गये स्कार्पियों वाहन में बैठकर आये। डोंगरगढ़ में उत्तम को साथ में गाड़ी में बैठाकर शराब भट्ठी से शराब खरीदवाकर उत्तम को शराब पिलवायें। मृतक के पास उसके पिता का मोबाईल फोन होने से आरापियों ने योजना के मुताबिक अतरिया ले जाकर मृतक के परिचित के यहां उसके पास रखें मोबाईल को रखवा दिया फिर अपने षड़यंत्र के मुताबिक मृतक को गाड़ी में बैठाकर खैरागढ़ होते गातापार थाना से आगे ले जाकर सुनसान सड़क किनारे पर हेमंत और उसके दोनो साथियों ने मिलकर गमछे से उत्तम का गला घोटकर हत्या कर दिये और घटना को सड़क दुर्घटना का रूप देने के लिए मृतक के शव को गाड़ी में डालकर कुम्ही डोंगरगढ़ मार्ग पर लाकर रख दिये और हेमंत ने मृतक के शव के उपर दो बार स्कार्पियों वाहन चढ़ाकर मृतक की मृत्यु सड़क दुर्घटना से होने का रूप देकर उसी वाहन से वापस अपने घर महाराष्ट्र लौट गयें। प्रकरण में आरोपियों के निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त गमछा घाघरा पुल से एवं घटना में प्रयुक्त स्कार्पियों वाहन आरोपी हेमंत से जप्त किया गया है।

## शोहदाय कर्बला कमेटी के सदर बने नईम कुरैशी

राजनांदगांव। हर साल की तरह इस साल इमाम हजरत हुसैन साहब की याद में मोहर्रम मनाया जाना है, जिसमें 10 रोजा तकरीरी प्रोग्राम व और भी प्रोग्रामों को अंजाम दिया जाता है, जिसके इंतेजमात के लिए शोहदाय कर्बला कमेटी इस काम को अंजाम देती है। इस बार इसके सदर के तौर पर आम जमात की राय से नईम कुरैशी को इसका सदर बनाया गया है, जो कि इस काम को अंजाम देंगे।

## एसीसीयू ने ढूंढ निकाले 170 नग गुम मोबाईल

**दुर्ग।** जिले में गुम मोबाईल के संबंध में लगातार आवेदकों द्वारा रिपोर्ट थानो में दर्ज कराई जा रही है, जिस पर पुलिस अधीक्षक, दुर्ग जितेन्द्र शुक्ला व्दारा गुम मोबाईलों की पतासाजी कर आवेदकों के सुपुर्द करने हेतु निर्देश प्राप्त है।

# तेंदुआ खाल मामले का आरोपी अब भी फरार, नोटिस का जवाब देने भी कोई नहीं आया, अब फिर से नोटिस भेजने की तैयारी



पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com

पिछले दिनों कोतरा रोड स्थित शर्मा गली में रहने वाले एक व्यवसाई के घर में वन अमला ने दबिश दी थी और तेंदुआ खाल व पिस्टल बरामद किया था। इस मामले में अब भी आरोपी के फरार होने से विभागीय कर्मियों के हाथ खाली हैं। सिर्फनोटिस भेजकर जवाब मांगा जा रहा है। पहले नोटिस में कोई जवाब देने भी नहीं आया तो रिमायंडर नोटिस की तैयारी की जा रही है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक दो मई को सत्तीगुड़ी चैक समीप स्थित शर्मा गली में रहने वाला आकाश वर्मा के घर से तेंदुआ का खाल जब्त किया गया था। इसके बाद से आकाश फरार है। मामले में विभाग द्वारा वन्यप्राणी सरंक्षण अधिनियम के तहत अपराध कायम कर मामले की विवेचना की जा रही है, लेकिन आरोपी को अब तक पकड़ने में विभाग असफल है। बताया जा रहा है कि पूर्व में नोटिस देकर नौ मई को जवाब देने के लिए उपस्थित होने कहा गया था, पर विभाग के नोटिस को भी हल्के में लिया गया और कोई जवाब देने नहीं पहुंच सका। ऐसे में अब फिर से नोटिस देने की तैयारी विभाग द्वारा की जा रही है।

## मामला काफी गंभीर है

इस मामले का लेकर जब हमने एक्सपर्ट व्यू के तौर पर रिटायर्ड एसडीओ पीएस पटेल से चर्चा किया, तो उनका कहना था कि जो तेंदुआ खाल बरामद किया गया उसका केमिकल परीक्षण यहां वनकर्मियों को खुद करना था। ताकि प्रारंभिक तौर पर स्पष्ट हो जाए कि यह तेंदुआ का ही खाल है। इसके अलावा आरोपी की धरपकड़ के लिए विभाग के बड़े अधिकारी को टीम बनाना चाहिए। ताकि फरार आरोपी के संभावित ठिकानों पर दबिश दिया जा सके और सबसे महत्वपूर्ण बात कि जब आकाश वर्मा के घर से जब्त किया गया, तो स्वतंत्र गवाह (आसपास के लोग) का बयान लेना जरूरी है।

> मामला गंभीर है क्योंकि तेंदुआ का शिकार हुआ और शहर के बीच उसका खाल व एक पिस्टल एक घर में वन विभाग ने बरामद किया। रोपी अभी फरार है। मामले में जांच चल रही है। जो भी संदिग्ध है उनसे पूछताछ की जा रही है। एक नोटिस दिया गया, लेकिन जवाब नहीं है तो दूसरा नोटिस भेजा जा रहा है।
> **-स्टायलो मंडावी**
> **डीएफओ, वन मंडल रायगढ़**
>
> तेंदुआ खाल का सैंपल देहरादुन भेजा गया है। इस मामले के लिए कोई अलग से टीम नहीं बनाया गया है, पर मामले जांच की जा रही है। पहले नोटिस में नौ मई को उपस्थित होकर जवाब देने कहा गया था, पर कोई नहीं आया। अब दूसरी बार जल्द नोटिस भेजा जाएगा।
> **-लीला पटेल**
> **वन परिक्षेत्र अधिकारी**

# सिम्स अस्पताल की सुरक्षा एजेंसी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

## अस्पताल के एसी से कॉपर वायर चोरी होने का मामला, कलेक्टर ने किया सिम्स का औचक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ने विगत दिनों सिम्स अस्पताल में लगे एसी के कॉपर वायर चोरी होने की घटना को गंभीरता से लिया है। उनके निर्देश पर अस्पताल प्रशासन द्वारा अस्पताल की सुरक्षा एजेंसी बुंदेला सर्विसेस के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवायी गयी। कलेक्टर ने सभी 18 एसी के अविलंब मरम्मत के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सिम्स अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए अस्पताल के प्रवेश द्वार पर ही मरीजों के लिए स्ट्रेचर और व्हील चेयर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही ओपीडी के सामने भी मरीजों के लिए स्ट्रेचर और व्हील चेयर उपलब्ध कराने कहा। उन्होंने निरीक्षण के दौरान स्वयं यह व्यवस्था मौके पर तत्काल करवाई। व्हील चेयर और स्ट्रेचर उपलब्ध होने की सुविधा संबंधी सूचना भी लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अस्पताल में घूम-घूमकर व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने अस्पताल में पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाये जा रहे टॉयलेट को हर हाल में इस महीने की 25 तारीख तक पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि अस्पताल में बनाए गए किचन शेड में ही मरीजों के परिजन भोजन बनाएं। कलेक्टर ने आपात चिकित्सा मेल एवं फीमेल वार्ड का जायजा लिया। मरीजों से चर्चा कर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। गनियारी से आए मरीज राम रतन सूर्यवंशी ने बताया कि यहां ठीक से इलाज हो रहा है। खाना भी समय पर मिल रहा है। बिल्हा के अनिल कुमार ने बताया कि दवाई समय पर मिल रही है। कलेक्टर ने लेबर वार्ड का भी जायजा लिया। वहां कूलर में पानी की व्यवस्था न होने पर कड़ी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि सभी की जवाबदेही सुनिश्चित करते हुए स्पष्ट कार्य विभाजन करने कहा।

## दिव्या गंधेल दसवीं परीक्षा में हासिल की प्रथम स्थान

**सरायपाली ।** शासकीय हाई स्कूल रोहिना में दसवीं का परीक्षा परिणाम पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी उत्कृष्ट रहा। इस वर्ष परीक्षा परिणाम 94 प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं में कु. दिव्या गंधेल ने 87.5. प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान हासिल किया। टिंकल सेठ ने 83 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं नीता जगत ने 75 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। कक्षा दसवीं में आठ छात्र प्रथम श्रेणी में एवं छः छात्र द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। छात्रों की इस उपलब्धि पर संस्था प्रमुख अजय कुमार जायसवाल, व्याख्याता कमलेश साहू, के के साहू, प्रधान पाठक एवं समन्वयक टीआर पटेल, शिक्षक एके पटेल, एसके पटेल, सहायक शिक्षक कैलाश कमार, एसआर साहू, लीला पटेल, कन्हैया बरिहा, सरपंच जज्ञसिनी चूड़ामणि साहू, पूर्व जन भागीदारी समिति अध्यक्ष कुंतल प्रसाद साहू, पूर्व सरपंच सुरेंद्र सेठ, नरहरि साहू, दिवाकर साहू, विजय राणा, जयकृष्ण नेताम, मधु राणा आदि ने बधाई दी है।

# सीएमएचओ ने पीएचसी सराईपाली का किया औचक निरीक्षण

- **मरीजों से मिलकर जाना उनका हालचाल, अस्पताल में नियमित साफसफाई एवं एनीमिक महिलाओं के खान-पान पर विशेष ध्यान देने के दिए निर्देश**

पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी.के.चंद्रवंशी ने विकासखण्ड तमनार के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सराईपाली का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में नियमित साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखने एवं अस्पताल में आने वाले मरीजों के साथ सम्मान पूर्वक व्यवहार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी मरीज को लौटाया न जाए और उनके इलाज पर विशेष ध्यान एवं सावधानी बरती जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से भी मिलकर उनका हालचाल जाना। उन्होंने मरीजों से अस्पताल में मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया। सीएमएचओ डॉ.चंद्रवंशी ने अधिकारियों-कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति की जानकारी लेते हुए उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया एवं ओपीडी, प्रसव कक्ष, दवा वितरण कक्ष, भंडार कक्ष सहित पूरे परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों को समय पर संस्था में उपस्थित होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। साथ ही केंद्रों में दवाईयों की उपलब्धता, उपकरणों तथा दस्तावेजों का सही रख-रखाव पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा। उन्होंने उपस्थित सभी स्टॉफको स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को समय पर कार्यसंपादन करने एवं मुख्यालय में रहने के निर्देश दिए। सीएमएचओ डॉ.चंद्रवंशी ने ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर मौसमी बीमारियों से निपटने एवं आवश्यक सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही। इस हेतु स्वास्थ्य केन्द्रों में आवश्यक सभी दवाएं रखने तथा समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों का बेहतर ढंग से क्रियान्वयन करने के लिए कहा। साथ ही आमजनों में इस संबंध में जागरूकता लाने हेतु प्रयास करने के निर्देश दिए।

# पत्थलगांव में जल संरक्षण के लिए तालाबों, नदियों, डैम का गहरीकरण

## निस्तारी, कृषि कार्य में आसानी, ग्रामीण होंगे लाभान्वित

- **ग्रीष्मकालीन जल संकट से निपटने किलकिला इंटेक वेल का भी गहरीकरण**

पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



जिले में ग्रीष्मकालीन में जल संरक्षण के लिए काम किया जा रहा है। पानी का स्टॉक कर जल स्त्रोत बढ़ाने के उद्देश्य से नगर पंचायत पत्थलगांव सहित जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में विशेष कर पहाड़ी क्षेत्रों में जल संरक्षण के लिए तालाबों, नदियों ,डैम का गहरीकरण किया जा रहा हैं। इसी क्रम में पत्थलगांव में किलकिला इंटेक वेल का गहरीकरण किया गया। वही तालाबों का भी गहरीकरण किया जा रहा है। नगर पंचायत पत्थलगांव आगामी गर्मियों में जल की कमी की समस्या से निपटने के लिए तत्काल कदम उठा जा रहा है। नगर पंचायत क्षेत्र के तालाबों, विशेष रूप से किनकिला इंटेक, का गहरीकरण कार्य ज़ोरों पर है। गर्मी के मौसम में जल संरक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है। वर्षा जल का संग्रहण और भूजल स्तर को बढ़ाना जल की कमी को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, नगर पंचायत पत्थलगाँव ने तालाबों के गहरीकरण का कार्य शुरू किया है। इस पहल के तहत, तालाबों की गाद निकाली जा रही है और उनकी गहराई बढ़ाई जा रही है। इससे बारिश के पानी का अधिक से अधिक संग्रहण हो सकेगा और भूजल स्तर को बढ़ाने में मदद मिलेगी। षर्मी के मौसम में पानी की कमी एक गंभीर समस्या है।

# गर्मियों में रखें अपनी सेहत का खास ख्याल

## ठंडे खाद्य पदार्थों को करें अपने खानपान में शामिल

पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जशपुर जिले सहित प्रदेश भर में गर्मी एवं तेज धूप का असर दिख रहा है। वही मौसम में बदलाव भी लगातार जारी हैं। तापमान भी लगातार बदल रहा है। कभी तेज धुप तो कभी तेज तो कभी घने बादल बीच-बीच में बारिश भी हो रही है। ऐसे बदलते मौसम में तबीयत खराब होना भी काफी आम समस्या बन गया है। इस तरह लगातार मौसम में बदलाव होने की वजह से बीमार होने की जो संभावना है वह काफी हद तक बढ़ जाती है। ऐसे में सभी को अलर्ट रहने की काफी ज्यादा जरुरत है। इस गर्मी के मौसम में सभी को खास सावधानी बरतने की ज़रूरत है। ख़ासकर उन लोगों को, जो किसी बीमारी या कंडीशन से जूझ रहे हैं। गर्मी के मौसम में सभी को उनके शरीर को खाने से ज्यादा पानी की जरूरत होती है। ताकि शरीर में ठंडक और पानी की मात्रा बनी रहे। इसका मुख्य कारण यह भी है कि गर्मियों में आपके शरीर से पसीना निकलता है। जिससे शरीर के अंदर पानी की कमी होती है। गर्मी के मौसम में अक्सर पानी की कमी होने से डिहाइड्रेशन की समस्या होने लगती है। इसकी वजह से व्यक्ति कई बीमारियों की चपेट में आ जाता है। ऐसे में अगर आप भीषण गर्मी से खुद को बचाना चाहते हैं, तो जरूरी है कि खुद को पूरी तरह से हाइड्रेट रखें। इसके लिए ज्यादा से ज्यादा पानी और मौसमी फलों और सब्जियों का सेवन करें। इसके अलावा नींबू पानी, लस्सी जैसी ड्रिंक्स भी पिएं। जरूरत पड़ने पर ओआरएस भी लें। गर्मी के मौसम में होने वाली बीमारियों से अपने बचाव के लिए जरूरी है कि उच्च प्रोटीन युक्त भोजन को खाने से बचें। साथ ही दोपहर 12 बजे से लेकर 3 बजे तक की धूप में न निकलें।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय धमतरी द्वारा संस्कार समर कैंप का शुभारम्भ

पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय धमतरी द्वारा संस्कार समर कैंप का शुभारम्भ किया गया। अतिथि के रूप में उपस्थित लक्ष्मणराव मगर विकास खंड जिला शिक्षा अधिकारी, जिला धमतरी, वामनराव साहू इंजिनियर विदुत विभाग, राजयोगिनी सरिता दीदी, कामिनी कौशिक ,पार्वती वाधवानी, सुषमा नंदा की उपस्थिति में समर कैंप का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित कर किया गया। लक्ष्मण राव मगर ने बच्चो को आशीर्वचन देते हुए कहा संस्कार समर कैंप में बच्चो के अन्दर संस्कार रोपित करने का बहुत बडा कार्य किया जा रहा है। सरिता दीदी ने कहा बच्चे मन के सच्चे होते है। इमानदारी हमें हमेशा सुकून देती है। इमानदारी के साथ किया गया कार्य जीवन में सुख देता है। ब्रह्मा कुमार डॉक्टर प्रशांत ने बच्चो को समर कैंप की थीम बताई। समर कैंप के प्रथम दिन बच्चो को प्रशांत ने जनरल नॉलेज के प्रश्न पुछकर बच्चो की बुद्धिमता परखी गई। प्लास्टिक बोतल में पानी पिने से क्या नुकसान होते है ये बताकर होम वर्क के रूप में ड्राइंग शीत पर पानी बोत्तल बनाकर उसमे उसके नुकसान लिखने के लिए दिया गया तथा अपने पेरेंट्स के साथ सेल्फी लेकर शेयर करने का भी होम वर्क बच्चो को दिया गया। कार्यक्रम के दौरान विकास खंड जिला शिक्षा अधिकारी अमित तिवारी तथा अमित मोहबे अध्यक्ष, संयुक्त शिक्षक संघ जिला.धमतरी के आगमन पर बच्चों के बीच अपने विचार रखते हुए कहा वैल्यूज तब बतमंज होंगे जब समय का महत्व समझेंगे। हम यहाँ लिमिटेड समय के लिए आये है जो भी कार्य करे पुरे मन से करे। अधूरे मन से किये गए कार्य पुरे नहीं होते मयंक ने बहुत सुन्दर गीत प्रस्तुत किया।

# हर घर नल जल योजना के तहत पानी टंकी का निर्माण दो महीने हो गए आज तक पानी सप्लाई नहीं हुआ

पायनियर संवाददाता ◂ भंवरपुर
www.dailypioneer.com






केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी एवं जनकल्याणकारी में से हर घर नल जल योजना के तहत बसना ब्लाक के ग्राम सलखंड में पानी टंकी निर्माण हुए लगभग दो महीने हो गए परंतु आज तक पानी सप्लाई नही हुआ। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि जनपद सदस्य ताराचंद साहू से संपर्क करने पर उन्होंने बताया ठेकेदार द्वारा लापरवाही बरती जा रही है,लगभग डेढ़ महीने पहले बोर खनन बिना पानी जांच परीक्षण के द्वारा आधी रात को खनन कर दिया गया, एक बूंद भी पानी नहीं निकला,जो खनन हुआ है वह सड़क के बीच में खनन कर दिया है और न ही दुबारा बोर खनन किया गया है। जो की घोर लापरवाही किया गया है। साहू ने आगे कहा जो पूर्व में नलजल सप्लाई हेतु पाइप लाइन बिछाया गया था वह रोड़ चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है जिसमे रोड़ के ठेकेदार द्वारा नाली निर्माण हेतु गड्ढा खोदाई करने पर पानी सप्लाई पाइप टूट गए है और नल जल कार्य के ठेकेदार द्वारा तथा अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा किसी प्रकार सूद नही लिया जा रहा है घोर निंदनीय है चिंता की विषय है इस भीषण गर्मी में अब तक लोगों को जहां राहत मिल जानी चाहिए था जो की आज तक राहत नहीं मिल सका है। वहीं पानी सप्लाई हेतु गड्ढा खोदकर चेंबर निर्माण किया गया है जो की खुला छोड़ दिया गया जो की आमजन, बच्चों तथा जीव जंतु के लिए खतरा का विषय बना हुआ है ,और टंकी के आसपास न ही चार द्वारी या ना ही फेंसिंग किया गया है। अब देखना यह है की इस विषय पर प्रशासन द्वारा किस प्रकार की कार्यवाही होती है। वर्तमान में आदर्श आचार संहिता लगा हुआ है।

# पानी की समस्या को देखते हुए बोर खनन किया गया

पायनियर संवाददाता ◂ भंवरपुर
www.dailypioneer.com



पानी की समस्या को देखते हुए बसना विधायक संपत अग्रवाल द्वारा ग्राम पंचायत बरडीह के शासकीय प्राथमिक शाला परिसर, वार्ड क्रमांक 8, वार्ड क्रमांक 10 में (तीनों स्थानों पर) बोर खनन किया गया । संजय भोई सहित स्थानीय भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणजनों की मांग पर ग्राम पंचायत बरडीह में किए जा रहे है विभिन्न कार्य। निवारण प्रधान घर से कुशवन गड़तिया के घर तक कंक्रीटीकरण तथा अन्य स्थानों के लिए भी कंक्रीटीकरण के लिए राशि स्वीकृत हुआ है। शासकीय प्राथमिक शाला परिसर, वार्ड क्रमांक 8 भज बारीक घर के सामने, वार्ड क्रमांक 10 श्वेतकुमार घर के सामने बोर खनन से अब वार्ड वासियों सहित शासकीय प्राथमिक शाला के बच्चों को नहीं होगी पानी की समस्या। गौरतलब हो की सन 2017 मैं संपत अग्रवाल द्वारा ग्राम पंचायत बरडीह में ग्रामीणों की मांग पर मंदिर तालाब में एक बोर खनन किया गया था ,जिसका ग्रामीणों द्वारा निस्तार एवं पेयजल हेतु उपयोग किया जा रहा है। बसना विधायक संपत अग्रवाल द्वारा जिस तरह से अपने विधानसभा क्षेत्र में लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए अनेक कार्य किए जा रहे है , आजादी के बाद से उठ रही मांग बरडीह से मुंडपहार पहुंच मार्ग एवं पुलिया निर्माण अब बनने से कोई रोक नहीं सकता। बरडीह से मुंडपहार होते हुए सरायपाली की दूरी मात्र 7 किलोमीटर है। बरडीह से सिंघनपुर होते हुए सरायपाली की दूरी लगभग 15 किलोमीटर है। बरडीह से मुंडपहार पहुंच मार्ग एवं पुलिया निर्माण हो जाने से फुलझर अंचल सहित छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती राज्य उड़ीसा के लिए आवागमन का प्रमुख रास्ता बन सकता है। जिससे लोगों की धन के साथ-साथ समय की बचत भी हो होगी। स्वर्गीय राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली के छात्राओं को भी आना जाने में सुविधा होगी। क्षेत्रवासियों को झूठे आश्वासन देने के लिए कई बार बरडीह से मुंडपहार पहुंच मार्ग एवं पुलिया निर्माण की नाप जोक हुई लेकिन आज पर्यंत तक कोई कार्य नहीं हुआ। चाहे विधानसभा चुनाव हो या लोकसभा चुनाव केवल कोरा आश्वासन ही मिलता रहा। लेकिन वर्तमान में बसना विधानसभा के विधायक आदरणीय संपत अग्रवाल के कार्यो को देखकर क्षेत्रवासियों को आशा की एक नई किरण दिखाई दे रही है ,यदि बरडीह से मुंडपहार पहुंच मार्ग एवं पुलिया निर्माण होती है तो इस क्षेत्र के लिए वरदान साबित होगी। बसना विधायक आदरणीय संपत अग्रवाल द्वारा ग्राम पंचायत बरडीह में किए जा रहे विकास कार्यो से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है।

## नगदी रकम व मोबाईल बरामद

# फिल्मी अंदाज में 970 लीटर डीजल और मोबाइल की लूटपाट करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ जिला मुख्यालय में पिछले साल दिसंबर माह में फिल्मी अंदाज में कैंपर वाहन को रोककर 970 लीटर डीजल और 02 मोबाइल की लूटपाट की घटना को अंजाम देने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला कोतरा रोड़ थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 23 दिसंबर 2023 को कोतरारोड थाना में चंद्रशेखर बी.आर. पिता शिवप्रसाद बीआर उम्र 25 वर्ष ने आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 22 दिसंबर की रात्रि करीब 10 बजे घडी चैक आदिवासी पेट्रोल पंप रायगढ़ से 04 प्लास्टिक के ड्रमों में 970 लीटर डीजल कीमत करीब 93,518 भरवाया था जिसे केम्पर वाहन में लेकर अपने हेल्फर तापस मुडा के साथ ढोंगाढकेल जा रहे थे कि इसी बीच वृन्दावंन चौक के पास 4 लडके दो स्कूटी में आये और इन्हें एनएच 49 हाईवे पर कलकता ढाबा के आगे ले जाकर ड्रम सहित डीजल को उतरवा लिये और दोनों के मोबाइल को छिनकर भगा दिया। आवेदन पर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध थाना कोतरारोड़ में धारा 392 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

**सीसीटीवी फूटेज के जरिये मिला आरोपी का क्लू**-पीड़ित की रिपोर्ट के बाद कोतरा रोड़ थाना प्रभारी राकेश मिश्रा ने अधिकारियों के मार्गदर्शन पर पीड़ित के बताए हुलिया एवं घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज चेक कर मामले के संदेही वैभव सिंह ठाकुर निवासी बैकुंठपुर को हिरासत में लिया जिसने 22 दिसंबर की रात्रि अपने साथी मोहित शर्मा, विनय उर्फविवेक, विनायक सिंह के साथ मिलकर वृंदावन चौक के आगे लाल परी ढाबा के पास कैंपर वाहन पर डीजल ले कर जा रहे वाहन को अपने कंट्रोल में लेकर डीजल बिक्री के लिए हाईवे पर ले गए। वाहन पर रखे डीजल ड्रम को उतरवाए और वाहन के ड्राइवर और हेल्पर का मोबाइल लूटकर उन्हें भगा दिए और लूटपाट किए 970 लीटर डीजल को खीरसागर के घर ले जाकर ब्रिकी किए। डीजल बिक्री का रूपयों को आपस में बांट लेना बताया।

**एक आरोपी अब भी है फरार**-पुलिस ने आरोपी वैभव सिंह ठाकुर के मेमोरेंडम पर 12,700 नगद और एक वीवो मोबाइल, आरोपी विनायक सिंह से घटना में प्रयुक्त स्कूटी एमपी 04 एसएल 5552 एवं नगद रुपए 14 हजार 500 सौ आरोपी विनय उर्फ विवेक से 14 हजार रुपए तथा आरोपी खीरसागर के मोबाइल पर फोन-पे की 4 ट्रांजैक्शन के स्क्रीनशॉट जिसमें आरोपियों को रुपए भेजने का उल्लेख है को जप्त किया गया है। लूटपाट का आरोपी मोहित शर्मा फरार है। मामले में धारा 411 आईपीसी विस्तारित कर कोतरारोड़ पुलिस ने आरोपियों से कुल 41,200 , एक स्कुटी, एक मोबाइल जप्त कर रिमांड पर भेजा गया है।

Aavas
SAPKE AAPKE, SAATH HAMAARA

## आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड


(पूर्व में ''ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात) (CIN: L65922RJ2011PLC034297)
पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020

**सिक्युरिटाईजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र**

कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निम्न सूची के अनुसार ऋणी का खाता एन.पी.ए. होने के कारण निम्न तालिका के अनुसार ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूमिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13( 2 ) के अन्तर्गत 60 दिन का नोटिस दिया गया था। नोटिस के अनुसार यदि ऋणी/गारण्टर 60 दिवस के अंदर बकाया ऋण राशी जमा नहीं कराते हैं तो ऋण की वसूली बंधक सम्पत्ति को नीलाम करके की जायेगी। डिमाण्ड नोटिस की तामील ना होने के कारण नोटिस की छायाप्रति बंधक सम्पत्ति पर चस्पा की जा चुकी है। अत: आपको यह सूचित किया जाता है कि नोटिस प्रकाशित दिनांक से 60 दिन के अन्दर-अन्दर निम्न तालिका के अनुसार रुपया तथा भविष्य का ब्याज, वसूली में होने वाला खर्चा जमा कराये अन्यथा एक्ट की धारा 13( 4 ) एवं 14 के प्रावधानों के अन्तर्गत निम्न सूचि के अनुसार साम्यिक बंधक सम्पत्ति का भौतिक कब्जा लेने एवं इसे नीलामी कर ऋण राशि की वसूली कराने के लिए प्राधिकृत अधिकारी स्वतंत्र होंगे।

| ऋणी का नाम | धारा 13( 2 ) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| **रूपेश धानकर,** तिलक लाल धानकर खाता सं. LNBIL02920-210159781 | 13 मई 2024 ₹ 634419/- 7 मई 2024 | हाउस बियनिंग नं. ईडब्ल्यूएस-276, पीएच नं. 19, खसरा नं. 267/1, 317/3, 318, स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी चिलहाटी बिलासपुर ( सीजी ) छत्तीसगढ़, **क्षेत्रफल 65.70 वर्ग मीटर** |
| **स्व. श्री सदाशिव पलाई,** जरिए उनके विधिक उत्तराधिकारी सुकान्ति पलाई, देबाशिष पलाई, देवाशिष पलाई, सुकान्ति पलाई खाता सं. LNRAI03722-230249239 व LNRAI17723-240312041 | 13 मई 2024 ₹ 1633845/- व ₹ 564602/- 7 मई 2024 | प्लाट नं. 11, सम्पत्ति डायवर्टेड खसरा नं. केएच नं. 229/14 का भाग, नया खसरा नं. ( उत्परिवर्तन के बाद ) 229/226, ''उपासनी एनक्लेव'' बियरिंग ब्लॉक नं. ए-2, मौजा, गांव-बड़ौदा, पीएच नं. 23,आरएनएम-दरसिवान-1, तहसील व जिला-रायपुर ( सी.जी. )छत्तीसगढ़ **क्षेत्रफल 2400 वर्ग फीट** |
| **पोखन लाल साहू,** तोमेश्वर कुमार, गितेश कुमार साहू, सरिता साहू खाता सं. LNDHM09422-230282359 व LNDHM02122-230273407 | 13 मई 2024 ₹ 2109289.5/- व ₹ 1085757/- 7 मई 2024 | सम्पत्ति खसरा नं. पुराना 1074/2, नया-1074/3, मौजा देवरी स्थित, पीएच नं. 07, आरएनएम-खेरथा, तहसील-डोनी लोहारा, जिला-बलोड़ ( सी.जी. ), छत्तीसगढ़ **क्षेत्रफल 0.02 हैक्टर** |
| **बालराम पटेलू,** सोनम पटेल खाता सं. LNDHM02922-230286731 | 13 मई 2024 ₹ 548455/- 7 मई 2024 | सम्पत्ति शीट नं. 47, सर्वे नं. 1261/2, प्लाट नं. 42 ( भाग ), एरिया-253 वर्ग फीट, प्लॉट नं. 41, एरिया-275 वर्ग फीट, स्थित मौजा धमतरी, पीएच नं. 33, आरएनएम-धमतरी, तहसील व जिला-धमतरी ( सी.जी ), छत्तीसगढ़ **क्षेत्रफल 528 वर्ग फीट** |

स्थान : जयपुर    दिनांक 15.05.2024    प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403